
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 01 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 268, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

अपने फन के माहिर अफसर हैं आईपीएस सुजीत कुमार पाण्डेय.....03

जिस पदवी पर सेवा निभानी हो, उस पदवी के इतिहास से परिचित होना बहुत जरूरी है- सरना....12

## यूपी में पत्थरबाजों के निशाने पर वंदे भारत ट्रेन, अब तक 12 बार चलाए पत्थर

**प्रयागराज।** लखनऊ- देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. उत्तर प्रदेश में चल रहीं ज्यादातर वंदे भारत पर अब तक शरारती तत्व पत्थर फेंककर नुकसान पहुंचा चुके हैं. अब तक जितनी ट्रेनों पर पत्थर बाजी हुई है उनमें से सबसे ज्यादा पत्थरबाजी का शिकार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन ही हो रही है. अब एक बार फिर लखनऊ आउटर पर आनंद विहार जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर शरारती तत्वों ने पत्थर बाजी कर दी. इससे ट्रेन में सफर कर रहे कोच संख्या सी-11 के यात्री सहम गए।

ट्रेन संख्या 22425 अयोध्या-आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस शनिवार शाम को लखनऊ से रवाना हुई थी. ट्रेन आलमबाग वेस्ट केबिन के पास पहुंची ही थी कि कोच संख्या सी-11 की सीट नंबर 30, 31 और 32 के सामने वाली खिड़की पर बाहर से एक तेज पत्थर आकर लगा. इससे ट्रेन का शीशा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

यात्री निर्मेष ने इसकी शिकायत आरपीएफ कंट्रोल रूम में दर्ज कराई. आरपीएफ ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. उसने यार्ड के आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है. हालांकि वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी के सवाल पर जिम्मेदार कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं.

पत्थरबाजी के 12 मामले इसी साल 13 मई को प्रयागराज से लखनऊ जाते वक्त ऊंचाहार और लक्ष्मणपुर स्टेशनों के बीच सवांपुर नेवादा के पास वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की गई थी।

20 मई को भी रायबरेली में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंका गया था. इस घटना में ट्रेन के गार्ड का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया था.

पांच मार्च को रायबरेली और 27 फरवरी को बछरावां और उतरेटिया स्टेशनों के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की गई थी.

अक्टूबर 2024 में नई दिल्ली से वाराणसी जा रही ट्रेन संख्या 22435 वंदे भारत ट्रेन पर कानपुर के पास स्थिति पनकी रेलवे स्टेशन के पास पत्थरबाजी की गई. इस घटना में ट्रेन की कोच का शीशा भी टूट गया।

2023 में गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की घटनाएं हुई. 11 जुलाई को अयोध्या के सुहावल स्टेशन के पास पथराव हुआ था. इसके अलावा तीन अगस्त को गोरखपुर जंक्शन के वाशिंग यार्ड में भी एक शीशा टूटा था. छह अगस्त को बाराबंकी के सफेदाबाद रेलवे स्टेशन के पास पथराव हुआ था, जिससे एक कोच के दो शीशे टूट गए थे।

15 सितंबर को मल्हौर स्टेशन पर भी पथराव किया गया था जिससे एक कोच की खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई थी।

2023 में देहरादून-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटना हुई थी. दिल्ली-देहरादून रूट पर मुजफ्फरनगर स्टेशन के पास वंदे भारत एक्सप्रेस के श्व1 कोच पर पथराव किया गया।

मई 2023 में केरल से भी ऐसी ही घटना सामने आई थी जहां केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंके गए थे. इससे पहले छह अप्रैल को विशाखापत्तनम से आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने की एक घटना सामने आई थी।



12 मार्च 2023 को पश्चिम बंगाल से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंकने की घटना सामने आई थी, जिसमें हाई-स्पीड ट्रेन के एक कोच की खिड़की के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे. यह घटना पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का के पास हुई थी।

तीन जनवरी 2023 में दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके के पास दो डिब्बों पर कथित तौर पर पत्थर फेंके जाने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की दो खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे।

दो जनवरी 2023 को हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली ट्रेन पर भी इसके लॉन्च के महज चार दिन के भीतर पथराव किया गया था. मालदा के पास हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने से वंदे भारत एक्सप्रेस की खिड़कियों के शीशे टूट गए थे.

साल 2023 में बिहार के कटिहार में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई थी. जिसमें हाई-स्पीड ट्रेन के एक कोच की खिड़की का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था. ट्रेन पर पथराव की घटना कटिहार जिले के बलरामपुर थाना अंतर्गत तेलता रेलवे स्टेशन के पास हुई थी. पथराव के कारण 22302 डाउन वंदे भारत एक्सप्रेस के एक कोच की दाहिनी ओर की खिड़की का शीशा क्षतिग्रस्त हुआ था।

जुलाई 2023 में कर्नाटक में वंदे भारत पर पर पथराव हुए थे. धारवाड़ और बेंगलुरु शहरों के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव करने के मामले में रेलवे अधिकारियों ने दो नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया था. पथराव में ट्रेन की खिड़की के शीशे में दरारें आ गई थी.

उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी का कहना है कि वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किए जाने की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ को इसकी जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. आरपीएफ अपने स्तर से जांच कर रही है. पत्थर फेंकने वाले की धरपकड़ के लिए कोशिश जारी है. जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कर्नाटक में एक बैंक मैनेजर ने 53 करोड़ रुपये की लूट को अंजाम दिया

प्रयागराज। कर्नाटक पुलिस ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने देश की सबसे बड़ी बैंक डकैती में से एक को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है, जिसमें 53 करोड़ रुपये के आभूषण चोरी हो गए थे। कर्नाटक पुलिस ने विजयपुरा जिले के मनागुली स्थित केनरा बैंक की शाखा के पूर्व प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान 41 वर्षीय विजयकुमार मिरियाला और उसके सहयोगी 38 वर्षीय चंद्रशेखर नेरेल्ला, जो एक निजी कंपनी में कर्मचारी हैं, और 40 वर्षीय सुनील नरसिम्हालु मोका के रूप में हुई है। 25 मई को विजयपुरा जिले के मनागुली शहर में केनरा बैंक में चोरी की सूचना मिली थी, जहां 58.97 किलोग्राम सोने के आभूषण चोरी हो गए थे।

विजयपुरा जिले में मीडिया को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने कहा कि आरोपियों ने जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, "जांच को भटकाने वाले कई परिदृश्य बनाने के बावजूद मामले को सुलझा लिया गया है।"

मिरियाला, जो केनरा बैंक की मनागुली शाखा में प्रबंधक के रूप में काम करता था, को 9 मई को विजयपुरा जिले के रोनिहाल शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया था। पुलिस ने कहा कि उसके स्थानांतरण के बाद ही बैंक में चोरी करने की योजना थी।

पुलिस ने अपराध में प्रयुक्त दो वाहन और 10.5 किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत 10.75 करोड़ रुपये है। जांचकर्ताओं ने चोरी के आभूषणों को पिघलाकर बनाए गए सोने के बार भी जब्त किए हैं, जो चोरों द्वारा चोरी के सामान को आसानी से ले जाने और निपटाने के लिए अपनाई गई रणनीति है। पुलिस को संदेह है कि अपराध में और भी लोग शामिल थे, और अतिरिक्त सोना बरामद करने के लिए जांच जारी रहेगी।



फिल्मों से प्रेरित होकर, आरोपियों ने डकैती के बाद कथित तौर पर अपने दोपहिया वाहनों को ट्रक में भरकर ले जाया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके वाहनों का पता अपराध स्थल तक न लग सके (एक्सप्रेस फोटो)

एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, जब जांच शुरू हुई, तो संदेह था कि यह किसी अंदरूनी व्यक्ति का काम था। "हमें पता चला कि मिरियाला ने शाखा से अपने स्थानांतरण से पहले मार्च-अप्रैल में अपने सह-षड्यंत्रकारियों को बैंक की चाबियाँ प्रदान की थीं। इसके बाद समूह ने डुप्लिकेट चाबियाँ बनाई और डकैती की तैयारी में उनकी कार्यक्षमता का परीक्षण किया। डकैती का समय सावधानीपूर्वक गणना की गई थी। मिरियाला ने योजना को अंजाम देने के लिए अपने स्थानांतरण के बाद तक इंतजार किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उस पर तुरंत संदेह न हो," अधिकारी ने कहा।

पुलिस के अनुसार, समूह ने शुरू में 23 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) मैच के साथ हमला करने की योजना बनाई थी, उम्मीद थी कि प्रशंसकों के जश्न से उनकी गतिविधियों को कवर मिल जाएगा। हालांकि, जब आरसीबी मैच हार गई, तो उन्होंने ऑपरेशन को एक दिन के लिए टाल दिया, पुलिस अधिकारी ने कहा। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल दो वाहन और 10.5 किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 10.75 करोड़ रुपये है। (एक्सप्रेस फोटो)

आरोपियों ने कथित तौर पर बैंक के स्थान और सीसीटीवी कवरेज का अध्ययन और विश्लेषण करने में महीनों बिताए। उन्होंने कथित तौर पर अन्य राज्यों में हुई बैंक डकैतियों की भी जांच की। पुलिस ने बताया कि डकैती के बाद, पुलिस का ध्यान भटकाने के लिए, उन्होंने बैंक के अंदर केसर, हल्दी और ब्लोटॉर्च रख दिए, ताकि पुलिस को लगे कि अपराधी तमिलनाडु या केरल से हैं, जहां ऐसी चीजें कभी-कभी जादू-टोने से जुड़ी डकैती के मामलों से जुड़ी होती हैं।

फिल्मों से प्रेरित होकर, आरोपियों ने डकैती के बाद कथित तौर पर अपने दोपहिया वाहनों को ट्रक में भरकर ले जाया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके वाहनों का पता अपराध स्थल तक न लगे। उन्होंने कथित तौर पर बैंक की सुरक्षा प्रणालियों में भी हेराफेरी की, सीसीटीवी कैमरों को दूसरी जगह लगाया और हाई-मास्ट लाइटिंग के केबल काट दिए, और बैंक से नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (एनवीआर) भी ले गए। अधिकारी ने बताया, "आरोपी को पकड़ने के लिए आठ टीमें बनाई गई थीं। हमें जो मुख्य सुराग मिले, उनमें से एक डकैती से कुछ घंटे पहले और बाद में एक कार की हरकत थी। पता चला कि कार मिरियाला के नाम पर रजिस्टर्ड थी और पूछताछ के बाद उसने अपराध कबूल कर लिया।"

## संक्षिप्त ख़बरें

### कब्र से युवक का शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 10 के शिवकोट गांव एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य की मौजूदगी में सोमवार को राम लखन के पुत्र विजय कुमार( 22) का शव कब्र से बाहर निकालवा गया। उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य ने बताया कि मृतक विजय कुमार का 6 जून को एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी।मृतक विजय कुमार के स्वजनों ने विजय कुमार के मौत एक सप्ताह बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर हत्या की आशंका जताई कि उसे कुछ खिला पिला दिया गया है। जिससे उसकी मौत हुई है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर सोमवार को उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य के उपस्थिति में पोस्टमार्टम के लिए शव को कब्र से बाहर निकाला गया।इस संबध में थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्वजनों की मांग पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आने के बाद उचित कार्रवाई होगी।

### बिशुही पुल के पास कार-बाइक टक्कर, दो लोग घायल

**इटियाथोक (गोंडा)।** गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर सोमवार को बिशुही पुल के समीप एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में जगतापुर पंचायत के पक्की जोकाही निवासी राम छबीले (50) और दद्दो (18) घायल हुए हैं। दोनों को तत्काल मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने एंबुलेंस से गोंडा जिला अस्पताल भेजवाया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है।प्रधान पति लालजी सोनकर ने बताया कि दोनों घायल गोंडा जा रहे थे, तभी बलरामपुर की ओर से आ रही ब्रेजा कार ने बिशुही पुल के पास जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि कार को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है, लेकिन फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## तीन दशक बाद भी नहीं पूरा हो सका स्कूल का अपना नया भवन

- तीन वर्षों में मिले मात्र दो अतिरिक्त कक्षा कक्ष
- बाउंड्री वॉल का भी अता पता नहीं।
- कार्यालय,रसोई घर व शौचालय भी नहीं बना।
- पानी के लिए नल भी नहीं, कैसे पूरी हो सरकार की मंशा।

**बिसवां (सीतापुर)।** सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से दी जाने वाली तमाम सुविधाओं से बच्चों को महरूम रखा जा रहा है। किसी भी जिम्मेदार की नजर इस और नहीं जा रही है। बच्चों के हितों की अनदेखी की जा रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण बिसवां विकासखंड की ग्राम पंचायत सुखांवाकलां के देबियापुर गांव में देखने को मिल रहा है। जहां लगभग तीन दशक से पूर्व माध्यमिक विद्यालय का अपना भवन नहीं मिला। पुराना भवन जर्जर होने के कारण विद्यालय संकुल भवन तथा प्राथमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्षा कक्षों में चलता आ रहा है।

बताते चलें की पूर्व माध्यमिक विद्यालय देबियापुर का पुराना भवन काफी पुराना और जर्जर हो गया था जिसे फरवरी 2023 में नीलाम भी कर दिया गया था। परन्तु आजतक पूर्व माध्यमिक विद्यालय देबियापुर को अपना निजी भवन नहीं मिल सका है। प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि सत्र 2022-23 में एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष मिला था जो अढ़ियापुर गांव में बनाया गया था। इसके बाद मात्र एक कक्षा कक्ष सत्र 2024-25 में आया जो वहीं बना दिया गया। इसके अलावा विद्यालय को बाउंड्री वॉल,किचन व शौचालय कुछ भी नहीं मिला। बच्चों के हैंडवाश के साथ साथ पीने के पानी के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बच्चों को वहां कैसे पढ़ाया जाये। यह भी पता चला है कि वर्ष 1995 में



अढ़ियापुर गांव में सड़क किनारे खलिहान के बगल की जगह में पूर्व माध्यमिक विद्यालय का नया भवन बनना शुरू हुआ था। निर्माण मानक विहीन होने के कारण तत्कालीन ग्राम प्रधान बच्चू लाल की आपत्ति पर निर्माण को रोक दिया गया था तब से आज तक विद्यालय को अपना पूरा भवन नहीं मिल सका है। हेडमास्टर ने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय का अपना भवन न होने के कारण संकुल भवन के दो कमरों में बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। गत सत्र में बच्चों की संख्या लगभग पौने दो सौ थी जिसकी आने वाले सत्र में बढ़ने की उम्मीद है। भवन न बने होने से खाली पड़ी आसपास की जगह पर धीरे धीरे ग्रामीणों के काबिज होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

ग्रामीण परिसर में खूंटा गाड़ कर तथा नांद बना कर जानवर बांध रहे हैं। नये भवन का इस्तेमाल लोग तख्त पर बिस्तर लगाकर व फसल अवशेष रखने में कर रहे हैं। इस बारे में कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत भी कराया गया लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। इस बारे में ग्राम प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि मेरे द्वारा भी अधिकारियों से कहा गया है। कुछ दिनों पहले मुझसे बाउंड्री वॉल बनवाने के लिए कहा गया है जिसे हम जल्द ही बनवा देंगे।बाकी सरकार जल्दी से पूरा भवन बनवा दे तो बच्चों को बहुत सहूलियत होगी। इस सम्बन्ध में डीसी निर्माण विकास कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जनपद के सभी जर्जर भवनों के नव निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। शायद सितम्बर अक्टूबर तक प्रस्ताव होने की सम्भावना है। जैसे ही अनुमोदन होता है वैसे ही निर्माण पूरा करा लिया जायेगा। खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा ने बताया कि बाउंड्री वॉल बन जाने के बाद मैं जल्द ही भवन पूरा कराऊंगा। इस विद्यालय को मैं बहुत सुन्दर विद्यालय बनाऊंगा। जूनियर हाईस्कूल में बहुत कुछ बनना होता है जिसे शीघ्र ही पूरा करा लिया जायेगा। विद्यालय परिसर में ग्रामीणों द्वारा खूंटा गाड़कर तथा नांद रखकर जानवर बांधने और भवन के बरामदे में तख्त डालकर उसे इस्तेमाल करने के बारे में बताया कि जल्द ही इसे खाली कराया जाएगा। जब बाउंड्री वॉल बन जाएगी तो यह स्वतः ही समाप्त हो जाएगा।

### थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-30.06.2025 को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-08 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-2323/05 धारा-323/504/506 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मुन्नी पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम धोबहा थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम धोबहा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## खेत में निस्तारित किया जा रहा फैक्ट्री का केमिकल युक्त प्रदूषित जहरीला पानी

स्वतंत्र प्रभात

**बीकेटी/** बीकेटी क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के पास संचालित हो रही ग्लूकोज फैक्ट्री से लगातार फैल रहा जल एवं वायु प्रदूषण अब पेंड़ पौधों,फसलों,पशुओं व आम जनमानस के लिए काल बनता जा रहा है। वहीं बरसात में ग्लूकोज फैक्ट्री का प्रदूषित केमिकल युक्त जहरीला पानी बरसात के बीच पानी के टैंकरों के जरिये तालाब और खाली पड़े खेतों में खुलेआम छोड़ा जा रहा है।जो बारिश के पानी साथ यह प्रदूषित एवं जहरीला पानी दूर-दूर तक आसपास के किसानों के खेतों में जाकर धान की फसलों सहित अन्य फसलों को तो खराब ही करेगा।बल्कि फैक्ट्री का केमिकल युक्त प्रदूषित पानी एवं जहरीला धुंआ पहाड़पुर सहित आसपास के गांवों की हरियाली को खत्म करने के साथ हीआम जनमानस को मौत के मुंह की तरफ़ बढ़ा रहा है।

बता दें कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग की नोटिस और समय पर नोटिस का जवाब न



देने के बाद क्षेत्रीय अधिकारी जेपी मौर्य ने ग्लूकोज फैक्ट्री पर जुर्माना लगाकर अग्रिम कार्रवाई के लिए फाइल मुख्य कार्यालय भेज दिया जबकि दूसरी तरफ बारिश के सीजन में फैक्ट्री संचालक ने ऐसी चतुराई अपनाई है,जो बरसात के इस मौसम में किसान,फल सब्जी की फसल और मवेशियों के लिए खतरनाक साबित होने लगी है।फैक्ट्री संचालक द्वारा फैक्ट्री में स्टाक किए गए केमिकल युक्त प्रदूषित पानी को टैंकरों के जरिये खेतों में खुलेआम छोड़ा जा रहा है।यह पानी बारिश के पानी के साथ मिलकर किसानों के खेतों में भरेगा और धान सहित अन्य खरीफ की फसलों के उत्पादन पर प्रभाव डालेगा।जिससे क्षेत्र के किसानों को बरसात के मौसम में अपनी फसलों के साथ साथ मवेशियों की सुरक्षा की भी चिंता सता रही है। मानसून काल में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सीएचसी बीकेटी के अधीक्षक डा.जेपी सिंह ने बताया है कि जल जनित रोग बरसात के मौसम में होतें हैं। उन्होंने बताया कि प्रदूषित जल या भोजन ग्रहण करने पर कभी कभी एक ही समय में एक स्थान पर अनेक लोग एक ही प्रकार की बीमारी से प्रभावित होते हैं,तब ऐसी स्थिति को एपिडेमिक कहते हैं। जहां पर लोग हैजा, डायरिया, उल्टी-दस्त, टाइफाइड इत्यादि बीमारियों से ग्रसित होते हैं।

## यूपी में हरियाणा का खूंखार लुटेरा ढेर, ट्रक लूटकर ड्राइवरों को मार देता था, 15 से ज्यादा मुकदमे

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** बागपत जिले की पुलिस और एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है. दोनों की संयुक्त कार्रवाई में हरियाणा का खूंखार ट्रक लुटेरा संदीप ढेर हो गया है. एक मुठभेड़ में वह घायल हो गया था. अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. संदीप पर 4 ट्रक ड्राइवरों की हत्या के बाद ट्रक लूट का आरोप था. उस पर एक लाख रुपए का इनाम यूपी पुलिस की ओर से रखा गया था. उस पर पुलिस ने कुल 15 मुकदमे दर्ज किए थे।

पुलिस के मुताबिक बदमाश संदीप हरियाणा के रोहतक जिले स्थित भैणी महाराजगंज, थाना महम का निवासी था. वह कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में करीब चार करोड़ रुपये की निकिल प्लेट सहित ट्रक लूटकांड का मुख्य आरोपी था. इसी केस में उस पर कानपुर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

ट्रक ड्राइवरों की हत्या और लूट के 15






मामले दर्जः पुलिस के मुताबिक संदीप के खिलाफ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में ट्रक ड्राइवरों की हत्या और लूटपाट के 15 से अधिक मामले दर्ज थे. अब तक वह चार से ज्यादा ट्रक ड्राइवरों की हत्या कर चुका था. हाईवे पर सक्रिय इस गिरोह का यह सरगना ड्राइवरों को रास्ते में ही मौत के घाट उतार देता था और पूरा ट्रक लेकर फरार हो जाता था।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मवी कलां के जंगल में घेराबंदी की थी. खुद को घिरता देख संदीप ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से वह घायल हुआ, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

एसपी सूरज कुमार राय ने ने बताया कि एसटीएफ नोएडा और बागपत पुलिस की एक ट्रक लुटेरे से मुठभेड़ हुई थी. इसमें एक लाख का इनामी संदीप पहलवान उर्फ़ संदीप लुहार घायल हुआ था. उसे अस्पताल ले जाया गया था जहां उसकी मौत हो गई. उस पर 15 से ज्यादा लूट के मुकदमे दर्ज थे. कनपुर से 4 करोड़ रुपए की निकिल प्लेट लूटने मे वह फरार चल रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती जनपद में मण्डी समिति में सांडों का आंतक जारी, सचिव की लापरवाही से लाखों रुपये का अनाज सरकार का हो रहा बर्वाद



**सुरक्षा गार्डो की डियुटी में चल रहा बड़ा खेल, सुरक्षा गार्डो की तैनाती कहीं और डियूटी कहीं और स्थान पर चली रही है सूत्रसांड के हमले में ट्रक ड्राईवर की मौत के बाद भी नहीं जग रहे मण्डी समिति के जिम्मेदार अधिकारीमण्डी समिति में यदि ऐसी रही अधिकारियों की मनमानी तो कभी भी घट सकती है बड़ी घटना**

**बस्ती।** बस्ती जिले के मण्डी समिति बस्ती में आवारा पशुओं साड़ों का आतंक जारी । मण्डी समिति में आवारा पशुओं के आतंक से सरकार की रखी लाखों रुपये की अनाज को बर्बाद कर दे रहे हैं । मण्डी समिति में में आवारा पशुओं एवं गोदाम में रखे अनाजों की देख रेख के लिए सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति की गई है । सुरक्षा गार्डो की नियुक्ति मण्डी समिति में हुई है और सुरक्षा गार्ड कहां डियूटी कर रहे हैं मण्डी समिति सचिव के अलावा किसी अन्य को पता नहीं है । सचिव की लापरवाही किसी भी भारी न पड़ जाएं । अभी पिछले सप्ताह में सांड के हमले से ट्रक ड्राईवर की मौत हो गई थी फिर जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं ।

### पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी गण को दी गयी विदाई



**अमेठी ।** जनपद अमेठी में नियुक्त उपनिरीक्षक रामनरेश सिंह एवं उपनिरीक्षक अनुरूद्ध कुमार सिंह को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई, साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे- फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी/कर्मचारी गण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया । जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

### युवाओं को योजनाओं से जोड़ने हेतु सामाजिक जागरूकता शिविरों का आयोजन



**देसही देवरिया व रामपुर कारखाना विकास खण्डों में हुआ आयोजन**

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के नेतृत्व में जनपद के विकास खण्ड देसही देवरिया एवं रामपुर कारखाना में सोमवार को सामाजिक जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा युवाओं को विभिन्न संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं इन योजनाओं से लाभान्वित हों, बल्कि गांव-गांव जाकर अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुँचे, और इसके लिए युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। शिविरों में युवाओं ने योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारीगण, संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान, स्वयंसेवी संगठन तथा बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# मनरेगा में खुला खेल, पत्रकारों की मेहनत पर अधिकारी बटोर रहे लाभ प्रधानों पर कार्रवाई शून्य

**●-मनरेगा में खुला भ्रष्टाचार, डीसी मनरेगा और विडिओं की चुप्पी बनी सवाल कार्रवाई नहीं, संरक्षण दे रहे अधिकारीक्या भाजपा सरकार ने अधिकारियों को दी खुली छूट? मनरेगा में भ्रष्टाचार पर खामोशी से उठे भरोसे के सवाल**




**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। जिले के कई ब्लॉकों में योजनाएं कागजों पर चल रही हैं, जबकि जमीनी हकीकत पूरी तरह अलग है। पत्रकार लगातार इस घोटाले को उजागर कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। प्रशासनिक उदासीनता और राजनीतिक चुप्पी ने भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं। सवाल यह उठ रहा है कि क्या भाजपा सरकार खुद भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है या जिले के अधिकारी सरकार को खुला चैलेंज दे रहे हैं?कार्रवाई की जगह संरक्षण ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है। जिन पर कार्यवाही होनी चाहिए, वे आज भी पदों पर बने हुए हैं। पत्रकारों द्वारा जब-जब मनरेगा के फर्जी भुगतान, फर्जी मस्टर रोल, बिना काम के मजदूरी, और अपात्रों को भुगतान जैसे मामलों की रिपोर्टिंग की जाती है, तब-तब अधिकारियों का जवाब ÷जांच कर रहे हैं÷ तक सीमित रह जाता है। पत्रकारों की कलम बेअसर सिस्टम लाचार बस्ती जनपद में पत्रकारों ने बार-बार भ्रष्टाचार के सबूतों के साथ समाचार प्रकाशित किए, लेकिन इसके बावजूद न तो किसी अधिकारी को सस्पेंड किया गया और न ही किसी बड़े दोषी पर ठोस कार्रवाई हुई। इससे साफ है कि या तो अधिकारी पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं या फिर उन्हें सरकार की ओर से खुली छूट मिल चुकी है।जनता का सवाल - कौन जिम्मेदार?क्या भाजपा सरकार ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करने से बच रही है?क्या सरकार की नीयत साफ है या व्यवस्था पर नियंत्रण खत्म हो चुका है?क्या बस्ती जिले में पत्रकारिता की ताकत को नजरअंदाज कर भ्रष्टाचार को खुलेआम बढ़ावा दिया जा रहा है?मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुकी है। अगर समय रहते जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह न केवल सरकारी व्यवस्था की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाएगा बल्कि सरकार की नीयत पर भी बड़ा सवाल खड़ा करेगा।

# बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा के साथ हुई तोड़फोड़, पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध दर्ज़ किया मुकदमा

**●मूर्ति के पास ही जाति सूचक गालियों से लिखी मिली चिट्ठी, ग्रामीण हुए आक्रोशित**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरोहिया जोत (सेमरा) में रविवार सुबह गांव के पश्चिमी छोर में स्थित अंम्बेडकर पार्क में स्थानीय गांववासियों द्वारा जनसहयोग से स्थापित बाबा साहेब डॉ0भीमराव आंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त अवस्था मे मिली , जिसे देखकर गांव के लोग आक्रोशित हो गए। वहीं मूर्ति के पास ही जातिसूचक गालियों से लिखी चिट्ठी मिलने से गांव वालों का गुस्सा और बढ़ गया। रविवार सुबह ग्राम भरोहियां जोत निवासी अमरेश पुत्र मेढ़ू, दिनेश व भरथरी आदि लोग सुबह 6 बजे अपने खेत की तरफ निकले थे तभी उनकी नजर पार्क में स्थापित अंबेडकर मूर्ति पर पड़ी जो कि क्षतिग्रस्त अवस्था में थी। यह देख अमरेश एवं भरथरी ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दिया। ग्राम प्रधान द्वारा इस घटना की जानकारी लालगजं थाने को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी शशांक शेखर राय एवं चौकी प्रभारी महादेवा दुर्गा प्रसाद पांडेय पहुंचकर लोगों को समझाने मनाने का प्रयास करने लगे और निवेदन किया कि यहाँ नई मूर्ति स्थापित करा दिया जाएगा। लेकिन वहां के लोग मानने को तैयार नही थे। मौके पर मौजूद ग्रामीण एवं पहुंचे दलित संगठन सहित गांव एवं क्षेत्र के तमाम लोग बड़ी संख्या में वही अंबेडकर मूर्ति के पास जमीन पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान महादेवा विधायक दूधराम भी उपस्थित रहे। मौके पर पहुंचकर नायब तहसीलदार वीर बहादुर सिंह द्वारा लोगों का काँफी समझाया बुझाया गया, फिर भी वहां मौजूद लोग अपने मांग पर डटे रहे कि जब तक दोषियों को पकड़ा नहीं जाएगा, तब तक हम सभी यहीं धरने पर बैठें रहेंगे । काफी मान-मनौवल के बाद अंत में ग्रामीणों एवं दलित संगठनो ने कहा कि यदि दोषी दो दिन मे पकड़े नहीं जाएंगे, तो हम लोगों का धरना पुनः जारी होगा। वहीं अब तक मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की है।

# फ्लिपकार्ट धोखाधड़ी मामला-M D H कंपनी का हब इंचार्ज गिरफ्तार, 19 मोबाइल बरामद

**●-फ्लिपकार्ट को बना रखा था धोखाधड़ी का अड्डा – ग्राहक बनकर करता था ऑर्डर, मोबाइल रखकर भेजता था खाली डिब्बा**





**स्वतंत्र प्रभात**

**अम्बेडकरनगर।** ई-कॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट को चकमा देकर बार-बार धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर युवक को इब्राहिमपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सचिन विश्वकर्मा, जो M D H कनेक्टिंग इंडिया में हब इंचार्ज था, ग्राहक बनकर कई फर्जी आईडी से मोबाइल फोन ऑर्डर करता था और फिर उन्हें अपने कब्जे में रखकर फ्लिपकार्ट को खाली डिब्बा लौटा देता था। पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) व क्षेत्राधिकारी महोदय के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष इब्राहिमपुर की टीम ने अभियुक्त को ग्राम शाही मस्जिद, इल्तिफातगंज के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से 19 नए 5जी एंड्रॉयड मोबाइल, एक इस्तेमाली इकम्पनी फोन और 310 नकद बरामद हुए।

**धोखाधड़ी की ये थी तरकीब**

जांच के अनुसार, सचिन विश्वकर्मा ग्राहक बनकर फ्लिपकार्ट पर अलग-अलग आईडी से मोबाइल फोन मंगवाता था। हब में डिलीवरी के बाद वह ऑर्डर कैंसिल कर देता था और रिटर्न के नाम पर फ्लिपकार्ट को खाली डिब्बा लौटा देता था। असली मोबाइल वह खुद रख लेता था और फिर उन्हें नकद में बेच देता था। कई बार कैश ऑन डिलीवरी के पैसे भी उसने कंपनी में जमा न कर खुद रख लिए।

**विवेचना में हुआ खुलासा**

वादी आशीष सिंह (पूर्वांचल हेड, M D H कनेक्टिंग इंडिया) की शिकायत पर थाना इब्राहिमपुर में मु0अ0सं0-158/25, धारा 319(2)/318(4)/316(4)/317(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अभियुक्त को 30 जून को तड़के 5:10 बजे गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

नाम- सचिन विश्वकर्मा पुत्र राजकरन विश्वकर्मा निवासी- ग्राम शाहपुर कुरमौल, थाना टाण्डा, जनपद अम्बेडकरनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक सिंह, कांस्टेबल कृष्णकांत ठाकुर इब्राहिमपुर पुलिस की इस कार्यवाही की चारों ओर सराहना हो रही है। साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच यह गिरफ्तारी ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए भी एक बड़ी चेतावनी है।

# भ्रष्टाचार व उत्पीड़न के विरोध में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक हुए एकजुट

**स्वतंत्र प्रभात**



**बलरामपुर-** ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के विरोध में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक एकजुट हुए हैं। सोमवार को विकासखंड तुलीपुर, गैसडी,पचपेडवा ,हरैय्या सतघरवा , बलरामपुर श्री दत्तगंज उतरौला, रेहरा, गैडास बुजुर्ग के मुख्यालय कौवापुर में एकत्रित होकर इन्होंने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कई गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्लॉक के सभी संगठन आर पार की लड़ाई के लिएतैयार है, तथा दिनांक 1-7-2025 को माननीय मुख्यमंत्री को श्री मान जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौपा जायेगा संगठन का मुख्य आरोप है कि विशुन पुर टंटनवा में सचिव , एपीओ ,ग्राम प्रधान ,रोजगार सेवक के ऊपर कार्यवाही कर जेलस भेजा गया है वह पक्षपात है,मनरेगा का कोई भी भुगतान प्रधान व एपीओ सचिव के द्वारा नहीं किया जाता है बल्कि इन लोगों का कार्य केवल अभिलेखिय होता है, भुगतान कार्यक्रम/ खंड विकास अधिकारी भौतिक स्थलीय सत्यापन करने के उपरान्त मनरेगा से संबंधित समस्त भुगतान किया जाता है, किन्तु जो प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है उसमे डोगल से भुगतान करने वाले तत्कालीन खंड विकास अधिकारी का नाम नहीं दर्शाया गया है, जबकि मनरेगा एक्ट तहत कराये गये कार्य में कोई भ्रष्टाचार प्रकाश में आता है तो उसमें श्रम दान अथवा वसूली का प्रावधान है, किन्तु ?सा न कर कार्यक्रम अधिकारी/ खंड विकास अधिकारी मोहित दूबे द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दिया इस मौके पर सचिव कृपा शंकर श्याम लाल , त्रिपाठी ,राहुल शुक्ला, श्रीप्रकाश गुप्ता, आशीष कुशवाहा, सुनील कुमार, दिनेश कुमार मीनाक्षी व प्रधान संगठन अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद मिश्र गणेश प्रसाद सोनी मंगलदेव सिंह अकबाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बस्ती जिले के नेताओं को नहीं जनताकीपरवाह, खुद फॉर्च्यूनर में चलकर भूल जाते हैं ज़मीनी हकीकत

**●-जनता गड्ढों और जलजमाव से परेशान**

**●नेता मूकद र्शकसड़क बर्बाद, सिस्टम नाकाम बस्ती में विकास केवल भाषणों तक सीमित**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिलेमे शहर के मुख्य मार्गो की हालत बदतर होती जा रही है, लेकिन नेताओं को जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं। खुद तो एसी फॉर्च्यूनर और लक्ज़री गाड़ियों में चलते हैं, पर जनता रोज़ गड्ढों और जलजमाव से जूझ रही है। सबसे गंभीर स्थिति बड़े वन ओवर ब्रिज के नीचे, यातायात प्रभारी कार्यालय के सामने वाली सड़क की है। यहां जलभराव और सड़क की जर्जर हालत ने राहगीरों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश के बाद यह क्षेत्र झील में तब्दील हो जाता है, लेकिन प्रशासन और नेताओं की आंखें बंद हैं। हैरानी की बात यह है कि इस सड़क से जिले के सभी बड़े नेता चाहे वो सत्तापक्ष के हों या विपक्ष के रोज गुजरते हैं, लेकिन किसी ने अब तक इस गंभीर समस्या की सुध नहीं ली। और तो और, सड़क से महज़ 50 मीटर की दूरी पर ही एक वर्तमान रूष्ट का घर स्थित है, लेकिन बावजूद इसके हालात जस के तस हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या नेताओं की यह लापरवाही भरी राजनीति जनता की बुनियादी ज़रूरतों को हमेशा ऐसे ही नजरअंदाज़ करती रहेगी? क्या जनता की आवाज़ सिर्फ वोट तक ही सीमित रहेगी, या फिर कभी विकास की रोशनी भी इस अंधेरे में चमकेगी?

# राजमार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग



**बलरामपुर।** गौरा-इटवा राजमार्ग पर जैतापुर के अक्सा पब्लिक स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने सोमवार को डीएम को प्रार्थना पत्र दिया?। ग्रामीणों ने बताया कि इस राजमार्ग पर आवागमन अधिक है। बड़े वाहन बहुत तेज गति से निकलते हैं। इसी स्थान पर सस्ते गल्ले की दुकान, पंचायत भवन, अक्सा पब्लिक स्कूल, परिषदीय विद्यालय है। जहां दिन भर पद यात्रियों, स्कूली छात्रों व ग्रामीणों की आवाजाही रहती है। तेज गति से आने वाले वाहनों के चलते आए दिन लोग दुर्घटनाओं में चोटिल होते रहते हैं। स्पीड ब्रेकर बन जाने से तेज गति से आने जाने वाहनों की स्पीड धीमी हो जाएगी और मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आएगी। डीएम ने लोकनिर्माण विभाग के एक्सईएन को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# मंडलायुक्त बस्ती ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, तीनों जिलों के डीएम रहे मौजूद

**●शासकीय योजनाओं की प्रगति स्थिति रिपोर्ट पर जताया रोष**



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में विकास कार्यो की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती रवीश गुप्ता, संतकबीरनगर आलोक कुमार, सिद्धार्थनगर राजागणपति आर0, सीडीओ बस्ती सार्थक अग्रवाल, संतकबीरनगर जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक योजना का लाभ अन्तिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विकास कार्यो का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन अतिआवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी प्रकार की लापरवाही, विलम्ब या उदासीनता स्वीकार नही होंगा। बैठक में पी.एम. सूर्यघर योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जलजीवन मिशन, फेमिली आईडी, 15वॉं वित्त आयोग व पंचम राज्य वित्त आयोग (ग्राम पंचायत), नई सड़कों का निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम निर्माण की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में शतप्रतिशत कार्य को अविलंब पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने बाढ़ से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ विषयक समस्त आवश्यक तैयारिया ससमय पूर्ण कर ली जाय। उन्होने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व नियमानुसार निस्तारण करें। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त कमला कान्त पाण्डेय ने किया। बैठक में उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी, मुख्य अभियन्ता विद्युत विजय कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत प्रशान्त सिंह, अधीक्षण अभियन्ता जलनिगम महेन्द्र राम, अधीक्षण अभियन्ता बाढ़ सुरेन्द्र मोहन वर्मा, उप निदेशक पंचायत समरजीत यादव, उप श्रमायुक्त बी0एम0 शर्मा, तीनों जिलों के सीएमओ डा. राजीव निगम, डा. रामानुज कन्नौजिया, डा. रजत कुमार चौरसिया, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, एलडीएम आर.एन. मौर्या सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# परिषदीय विद्यालयों के मर्जर पर उठ रहे लगातार सवाल, ग्रामीण इलाकों में अभिभावकों और शिक्षकों की बढ़ी चिंता

**●-विद्यालय की दूरी और सुरक्षा बना बड़ा मुद्दाशिक्षकों में असमंजस और असंतोष की स्थिति**




**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों के मर्जर (एकीकरण) की योजना जहां एक ओर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस कदम के खिलाफ विरोध के स्वर भी तेज़ हो रहे हैं। खासकर ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में अभिभावकों और शिक्षकों की चिंताएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। ग्रामीण इलाकों में छोटे-छोटे विद्यालयों को बंद कर उन्हें अन्य स्कूलों में मर्ज किया जा रहा है, जिससे छात्रों को अब 2 से 5 किमी तक पैदल जाना पड़ सकता है। अभिभावकों का कहना है कि छोटी कक्षाओं के बच्चों के लिए इतनी दूरी तय करना न केवल असुरक्षित है, बल्कि शारीरिक रूप से थकाऊ भी है। कई क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है, जिससे माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने में संकोच कर रहे हैं। विद्यालयों के मर्जर के चलते कई शिक्षकों का स्थानांतरण दूरस्थ विद्यालयों में कर दिया जाएगा, जिससे उन्हें आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। शिक्षकों का कहना है कि जब तक आधारभूत ढांचे जैसे सड़क, परिवहन और विद्यालयों में पर्याप्त कमरे, शौचालय और बिजली जैसी सुविधाएं नहीं सुधारी जातीं, तब तक इस तरह का एकीकरण शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। ज्यादातर पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी इस नीति पर आपत्ति जताई है।

उनका कहना है कि यह योजना 'नज़दीकी स्कूल सबके लिए' जैसी मूल अवधारणा के विरुद्ध है। कुछ मामलों में तो ऐसा भी देखा गया है कि भौतिक रूप से सुसज्जित विद्यालयों को सिर्फ कम छात्रसंख्या के आधार पर बंद कर दिया गया, जबकि वही स्कूल बच्चों के लिए सुलभ और सुचारु रूप से संचालित हो रहा था। प्रदेश सरकार का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उठाया गया है, जिसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और संसाधनों के बेहतर समेकन के माध्यम से प्रभावी संचालन है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मर्ज किए गए स्कूलों में शिक्षकों, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय और कंप्यूटर जैसी सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। साथ ही कुछ क्षेत्रों में छात्रों को स्कूल तक पहुंचाने के लिए परिवहन सुविधा की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि, ज़मीनी हकीकत अभी भी कई सवाल खड़े कर रही है। जब तक मर्जर के साथ आवश्यक सुविधाओं और सुरक्षा का समुचित प्रबंध नहीं होता, तब तक यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए शिक्षा की राह में बाधा बनता दिखाई दे रहा है।

## पचपेड़वा विकासखंड की स्थानीय समस्याओं को लेकर भानू गुट कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात**



**बलरामपुर-** विकासखंड पचपेड़वा के कार्यकर्ताओं ने आज जनपद बलरामपुर में स्थानीय समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन (भानू) गुट के जिलाध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया। कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं और क्षेत्रीय विकास की मांगों को प्रमुखता से उठाया।ज्ञापन में सबसे पहले पचपेड़वा को तहसील तथा गौरा चौराहा और जरवा को नया ब्लॉक बनाने की पुरानी मांग को दोहराया गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्ष 2013 से ही वे इस मांग को लेकर ज्ञापन और प्रदर्शन करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कोई निर्णय नहीं लिया गया, तो भाकियू कार्यकर्ता औचक धरना देने को विवश होंगे। इसके अलावा, ज्ञापन में प्रदेश सरकार द्वारा 5000 प्राइमरी स्कूलों को बंद किए जाने की संभावित योजना पर भी चिंता जताई गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि सरकारी स्कूल बंद हुए, तो गरीब मजदूर वर्ग के बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि प्राइमरी स्कूलों को बंद न किया जाए। ज्ञापन में यूरिया खाद की भारी कमी की समस्या भी उठाई गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस समय किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि खाद की आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए। इस ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने सरकार से क्षेत्रीय समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपील की है, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। इस विषय में खंड विकास अधिकारी पचपेड़वा मोहित दुबे ने बताया कि उच्च अधिकारियों को प्रकरण से अवगत कराया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## मां तारा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग में निःशुल्क क्लासेज का दुबारा शुभारंभ

**लखनऊ।** सरोजनीनगर नगर के लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा सहायता प्राप्त व आशीष सिंह द्वारा संचालित मां तारा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग में यूपी बोर्ड में 10 वी व 12वी में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग का जुलाई से पुनः शुभारंभ किया जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष लगभग 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने उक्त संस्थान से निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण की थी। वहीं इस संस्थान में फिजिक्स केमिस्ट्री मैथ्स व इंग्लिश की कलासेज अनुभवी शिक्षकों द्वारा दी जाती है। संस्थान को सरोजनीनगर विधायक डाक्टर राजेश्वर सिंह द्वारा उचित सहायता प्रदान की जाती रही है।

## रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल मामा भांजे ट्रामा सेंटर रेफर

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज के नवजीवन इंटर कालेज का सामने सोमवार की सुबह रोडवेज की जनरथ बस ने बाइक सवार मामा और भांजे को टक्कर मार दी। जिन्हे गंभीर घायल अवस्था में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को समय करीब सुबह छह बजे वाहन संख्या यूपी 78 एफटी 7913 जनरथ बस से नवजीवन इंटर कॉलेज के सामने रायबरेली रोड पर वाहन संख्या यूपी 32 पीएफ 9016 स्प्लेंडर मे टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं मौके पर भांजा सूरज पुत्र पप्पू रावत निवासी ग्राम हुलास खेड़ा और उसका मामा बाबू पुत्र अयोध्या निवासी परेहटा थाना गोसाईगंज को पुलिस ने तत्काल उन्हे सीएचसी मोहनलालगंज लाया जाया गया जहां से उन दोनों घायल मामा और भांजे को ट्रामा 2 पीजीआई के लिए रेफर किया गया। जहां ईलाज के दौरान मामा की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर परिजन पहुंच गए।

## पार्वती देवी इंटर कॉलेज में संचारी रोग नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षा सत्र की तैयारी को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**गोंडा।** पार्वती देवी इंटर कॉलेज में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम एवं शिक्षकों की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र राव ने आगामी शिक्षा सत्र को लेकर शिक्षकों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और विद्यार्थियों की शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने के लिए समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी ने संचारी रोगों की रोकथाम पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसे रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता ही सबसे प्रभावी उपाय है। शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने की आदत और साफ-सफाई के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में संचारी रोगों से संबंधित जानकारी के साथ-साथ विद्यालय परिसर को स्वच्छ और रोगमुक्त रखने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर साफ-सफाई अभियान एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जाएंगी। बैठक में राजीव रंजन मिश्र, सतीश कुमार शुक्ला, राजीव सोनी, अनुराग मौर्य, शैलेश अवस्थी,जग प्रसाद मौर्य, इंद्रजीत मौर्य आनन्द प्रकाश दूबे, नन्दनी सैनी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल शिक्षा सत्र की सुदृढ़ योजना बनाना था, बल्कि छात्रों व अभिभावकों के बीच स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर सकारात्मक वातावरण बनाना भी था।

## प्रोफेसर शर्मिला शर्मा सेवानिवृत्त प्रो. प्रतिमा ने संभाला पदभार

**अलीगढ़।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर शर्मिला शर्मा एवं चार प्राध्यापिकाओं प्रोफेसर बृजरानी श्रीवास्तव संगीत विभाग, प्रोफेसर प्रभा वार्ष्णेय संगीत विभाग, प्रोफेसर संगीता कुमार रसायन विज्ञान विभाग एवं प्रोफेसर रेखा आर्य वनस्पति विज्ञान विभाग की सेवानिवृत्ति अपने लंबे समय का कार्यकाल पूर्ण करने के पश्चात हुई। सभी प्राध्यापिकाओं व प्राचार्या ने अपनी निष्ठा एवं समर्पण से टीकाराम महाविद्यालय को नई ऊंचाई प्रदान की । महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने 4 वर्ष के सेवाकाल में छमप 2020 का सुचारू संचालन एवं अनेकानेक संस्थाओं से जुड़कर छात्राओं की प्रगति का पथ प्रशस्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी को जलपान कराया व तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को उपहार भेंट किए। प्रोफेसर प्रतिमा श्रीवास्तव, मनोविज्ञान विभाग ने प्राचार्या के द्वारा कार्यभार ग्रहण किया प्रो प्रतिमा श्रीवास्तव भी अपनी सौम्यता एवं कर्मठता के लिए महाविद्यालय में लोकप्रिय है। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाओं ने उन्हें बधाई दी।

# अपने फन के माहिर अफसर हैं आईपीएस सुजीत कुमार पाण्डेय

**● लखनऊ के एडीजी जोन के रूप में संभाला कार्यभार, अपनी तेज तर्रार शैली और मानवीय विचारधारा की पहले ही छोड़ चुके हैं अमिट छाप**

स्वतंत्र प्रभात

राहुल तिवारी

**लखनऊ।** कोविड का वो दौर और नया नया कमिश्नरेट बना लखनऊ और उसके पहले पुलिस कमिश्नर रहे सुजीत कुमार पाण्डेय का कार्यकाल आज भी लोगों के जेहन में तरोताजा है।लखनऊ पुलिस का तेज तर्रार और मानवीय पहलू एक साथ शायद ही पहले ये उसके बाद यहां दिखा हो। लंबा वनवास काटने के बाद इस तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी की एक बार फिर मैदान में वापसी हुई है। जिम्मेदारी भले ही नये पद की हो पर अपने पाण्डेय जी इस जोन के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। बता दें आईपीएस सुजीत कुमार पाण्डेय पुलिस कमिश्नर से पहले लखनऊ के आईजी जोन रह चुके हैं और कई बड़ी चुनौतियों को उन्होंने पलक झपकते ही हल करके खाकी का इकबाल बुलंद किया था। जोन वही है पर इस बार पद एडीजी का है। सुजीत कुमार पाण्डेय ने सोमवार की सुबह का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

लखनऊ में हत्या लूट जैसी वारदातों की तादाद काफी ज्यादा बढ़ गई है। थानों, चौकी की पुलिस पूरी तरह से बेलगाम हैं। थानों चौकी में गरीब फरियादियों की सुनवाई न होना सरकार की किरकिरी जैसी है। लेकिन जैसे ही राजधानी वासियों को पता चला कि लखनऊ में एक बार फिर तेज तर्रार आईपीएस अफसर सुजीत कुमार पाण्डेय की वापसी हुई है और वो भी एडीजी जोन के रूप में,लोगों में मानों खुशी का ठिकाना नहीं रहा। याद नहीं पड़ता कि लखनऊ में पहले कभी किसी पुलिस अफसर से लोगों का इतना दिली जुड़ाव दिखा हो। आईपीएस सुजीत पांडे वो अफसर है जिन्होंने लखनऊ के पहले पुलिस कमिश्नर के तौर पर कार्य किया और लखनऊ की कानून व्यवस्था बेहतर की। इतना ही नहीं कोरोना काल में भी एक अहम रोल निभाया। थानों चौकी का लगातार औचक निरीक्षण करके लखनऊ पुलिस को सजग किया साथ ही जनता व आने वाले फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार कर उनकी समस्याओं को तत्काल निस्तारण कराने का भी पाठ पढ़ाया। सुजीत पांडे के लगातार औचक निरीक्षण से लखनऊ पुलिस में जनता के प्रति अच्छा व्यवहार व समय पर समस्याओं का निस्तारण हुआ जो आज के समय नहीं है क्योंकि कि अधिकारी औचक निरीक्षण कम करते हैं। इतना ही नहीं लखनऊ की ट्राफिक



व्यवस्था जो हमेशा हर अफसर के लिए उलझी पहेली रही है ट्राफिक लाइट लगवाकर ट्राफिक व्यवस्था में भी बेहतर सुधार किया। आईजी रेज लखनऊ रहने के दौरान बड़ी से बड़ी बड़ी घटनाओं का खुलासा एक सप्ताह में करके सरकार की छवि को बचाने का काम किया। 12 जिलों में कप्तानी करने के दौरान एक इतिहास रचा। शायद इनकी कार्यशैली से सिर्फ लखनऊ वासी ही नहीं बल्कि अन्य जनपदों के लोग व सम्भ्रान्त व्यक्ति भी मुरीद हुए जो आज भी दूर से मिलने आते हैं। सुजीत पांडे अपने सरल स्वभाव के लिए भी जाने जाते हैं जो हर एक व्यक्ति से मिलने के लिए अपने पास सदैव समय रखते हैं। जनता से भी सीधे रू ब रू होकर मिलना और बड़े ही मधुर स्वभाव में मिलकर बैठाना और बैठालकर उनकी समस्या को सुनना उनकी दिनचर्या में शामिल हैं।जो शायद अन्य अधिकारियों में नहीं है। लखनऊ पुलिस की मुख्य धारा में उनकी वापसी से अब एक बार फिर से कानून व्यवस्था में चुस्त दुरूस्त होने की उम्मीद जागी है।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, (1160) ने एक मांग पत्र के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिक्षक हितों से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान देने हेतु अनुरोध करते हुए जिलाधिकारी सीतापुर को सोमवार को एक मांग पत्र सौंपा है। संघ के ज़िलाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता एवं प्रांतीय संयुक्तमंत्री व जिलामंत्री खुशतर रहमान खां द्वारा ये पत्र सौंपते हुए बताया गया कि शिक्षकों की प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति एवं स्थानांतरण की समस्याओं का निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है। विशेष रूप से परिषदीय शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है। पत्र में प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर (विलय) की प्रक्रिया को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई है। 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के मर्ज की योजना को शिक्षकों एवं छात्रों के हित में प्रतिकूल बताया गया है। संघ का कहना है कि इससे शिक्षकों का मनोबल टूट रहा है और छात्रों को दूर-दराज के विद्यालयों में जाने की बाध्यता उत्पन्न हो रही है, जिससे उनकी उपस्थिति और शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। संघ ने यह भी बताया है कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 80 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति की शर्त को लागू किया जा रहा है, जबकि विद्यालय मर्जर के कारण विद्यालयों में नामांकन तो बढ़ेगा लेकिन दूरी अधिक होने से छात्र उपस्थिति प्रभावित होना स्वाभाविक है। ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी और अभिभावकों की मूलभूत समस्याओं के रहते बच्चों को स्कूल लाना-ले जाना आसान नहीं होगा। प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांग की है कि विद्यालय मर्जर की वर्तमान व्यवस्था को तत्काल निरस्त किया जाए, जिन विद्यालयों को मर्ज करने के आदेश पारित हुए हैं, उन्हें वापस लिया जाए।, शिक्षकों को उनके पूर्ववर्ती विद्यालयों में पूर्ववत शिक्षा कार्य करने दिया जाए। प्राथमिक शिक्षक संघ ने आशा जताई है कि मुख्यमंत्री जी इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए शिक्षकों एवं छात्रों के हित में आवश्यक निर्णय लेंगे। इस अवसर पर संगठन के जिला संयुक्त मंत्री, विजय गौतम, कोषाध्यक्ष कामता प्रसाद, संगठन मंत्री बिसंभर सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# समानता की ओर बढ़ते कदम, सिधौली के 150 गांवों में किशोर-किशोरियों ने खेलों के माध्यम से दिखाई नई राह

स्वतंत्र प्रभात



**सिधौली/सीतापुर** जनपद सीतापुर के सिधौली ब्लॉक के 150 गांवों में सक्रिय मिलान संस्था द्वारा संचालित उन्मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरों और किशोरियों के भीतर समानता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव का शुभारंभ जिला परिवीक्षा अधिकारी (DPO) श्रीमती प्रिया पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और सभी युवाओं को जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक आस्था शर्मा एवं उनकी टीम- कपिल कुमार, वेदप्रकाश, प्रियंका साहू एवं ऊषा- ने सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा और खेलों में समान अवसर के महत्व को समझाया तथा उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर नागरिक बनने का संदेश दिया। मार्शल आर्ट वूशु कोच ब्रजनन्दन सिंह ने तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और आत्मबल के विकास पर बल दिया। कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक ऊँचाई प्रदान की शिक्षाविद् आर. डी. वर्मा 'गुरु जी' की विशेष उपस्थिति ने। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए खेल और शिक्षा के समन्वय को जीवन निर्माण की दिशा में एक सशक्त माध्यम बताया। उनका स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन प्रतिभागियों के लिए प्रेरणास्रोत बना। इस सफल आयोजन में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शैलजा शुक्ला के नेतृत्व में मिलान संस्था की पूरी टीम- आनंद, आकिब, लवलेश, रुचि, सविता, संजीव, उपासना, दुर्गेश नंदिनी, संतोष, चांदनी, जया, प्रेमचंद्र और रूबी- ने अथक परिश्रम और समर्पण से आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांधी विद्यालय के शिक्षकों ने भी आयोजन में सक्रिय सहयोग किया और बच्चों को समर्पित रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया।

यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं था, बल्कि यह लड़कियों और लड़कों के बीच सामाजिक समानता की भावना को सशक्त रूप से स्थापित करने वाला एक सामाजिक आंदोलन बनकर उभरा। खेल के मैदान में जब सबको समान अवसर मिले, तो हर प्रतिभा ने निखरकर यह सिद्ध किया कि लिंग, जाति या वर्ग कोई बाधा नही- यदि मंच और मन दोनों समान हों Unmukt Program के माध्यम से मिलान संस्था ने ग्रामीण किशोरों के भीतर नेतृत्व, सहयोग, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना जैसे गुणों का विकास कर समानता की ओर बढ़ते कदमों को एक सशक्त दिशा दी है।

# "गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल" में प्रेस वार्ता का किया गया आयोजन

**● गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूलफ़ में प्रेस वार्ता का किया गया आयोजन20 माह से गुरुकुल असाधारण शिक्षा का कार्य कर रहा है - साकेत मिश्रा**

**● "आहार ही औषधि है" जैसे मूल मंत्र के साथ बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के साथ-साथ बच्चों को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक व नैतिक शिक्षा से संस्कारित किया जा रहा है- साकेत मिश्रा**

**● नैमिषारण्य तुलसी पीठ द्वारा "शंकरा गुरुकुल विद्या स्पोर्ट्स अकादमीफ़ की शुरुआत की जा रही है, जो निर्माणाधीन है- साकेत मिश्रा**



स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर(ब्यूरो)।** नैमिषारण्य तुलसीपीठ द्वारा संचालित "गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल" में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जगत गुरु श्री शंकर विजयेंद्र सरस्वती स्वामीगल कांची काम कोटि पीठम कांचीपुरम द्वारा नामित नैमिषारण्य तुलसीपीठ के पीठाधीश्वर साकेत मिश्र ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आज से बीस माह पूर्व आईआईटी एवं आईआईएम के छात्रों द्वारा संचालित इस गुरुकुल विद्या की स्थापना की गई थी, जिसका उद्घाटन शंकराचार्य ने स्वयं गुरुकुल विद्या में चार दिन प्रवास कर विधि-विधान से पूजन कर इस विद्यालय को मूर्त रूप प्रदान किया। तब से यह गुरुकुल असाधारण शिक्षा का कार्य कर रहा है। ÷आहार ही औषधि है÷ जैसे मूल मंत्र के साथ बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के साथ-साथ बच्चों को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक व नैतिक शिक्षा से संस्कारित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे पास 8वीं तक के बच्चे हैं जो तमाम नामचीन स्कूलों से आए हैं, मगर चिंता का विषय यह है कि इन बच्चों का बेसिक बहुत ही कमजोर है, जिससे वे शिक्षित तो बन सकते हैं, लेकिन जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते। वे न तो अंग्रेजी में और न ही हिंदी में शुद्ध शब्द लिख सकते हैं। अभिभावक भी इस तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं, वे नामचीन स्कूलों में दाखिला कराकर निश्चिंत हो जाते हैं और पलटकर यह भी नहीं देखते कि बच्चा कैसे पढ़ रहा है। बहुत ज्यादा हुआ तो ट्यूशन लगाकर इति श्री कर लेते हैं, जो बहुत ही खतरनाक है। आजकल अधिकतर बच्चे पढ़ाई के प्रति उदासीन दिखाई देते हैं, क्योंकि विद्यालयों में पढ़ाई को मनोरंजक न बनाकर पढ़ाई का हौवा बनाया जाता है, जिससे आए दिन दुष्परिणाम देखने को मिलते हैं। इसीलिए हमारे गुरुकुल ने ÷मिशन बुनियाद÷ की अवधारणा की नींव रखी है, जिसका संचालन देश एवं विदेश में तमाम पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके गुरुकुल विद्या के हेड ऑफ स्कूल अमित केसरवानी करेंगे, जिनके पास आईआईटी, आईआईएम अहमदाबाद की योग्यता है और जिन्होंने टाटा की एक बड़ी कंपनी को छोड़कर इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सीतापुर को ही अपना आशियाना बना लिया है। इस मिशन बुनियाद में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी शामिल किया गया है, भले ही वे अशिक्षित क्यों न हों। इस मिशन बुनियाद में एक मैजिक चार प्रश्नों की कॉपी का निर्माण किया गया है, जिसकी तीन चरणों में परीक्षा के बाद 100त्न रिजल्ट की अवधारणा है। तदोपरांत, इन बच्चों को बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों में कुलपति, निदेशक के साथ मिलने का मौका प्रदान किया जाएगा, जिससे वे मोटिवेट हो सकें। हमारे शिक्षक और आचार्य तब तक आगे नहीं बढ़ेंगे जब तक पूरा अध्याय बच्चों की समझ में न आ जाए, क्योंकि आजकल स्कूलों में महत्वपूर्ण विषय रटा कर परीक्षा दिलाने का खतरनाक खेल खेला जा रहा है। हमारा बच्चा 8वीं तक इतना पारंगत कर दिया जाएगा कि वह दुनिया के किसी भी स्कूल में टेस्ट के माध्यम से सर्वोच्च अंक प्राप्त कर दाखिला पा सकता है।

इस मिशन के लिए एनआईटी, आईआईटी, आईआईएम के लोगों सहित प्रयागराज विश्वविद्यालय के सुप्रसिद्ध चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट डॉ. नचिकेता मिश्रा भी शामिल हैं। इस अभियान के साथ-साथ नैमिषारण्य तुलसी पीठ द्वारा ÷शंकरा गुरुकुल विद्या स्पोर्ट्स अकादमी÷ की शुरुआत की जा रही है, जो निर्माणाधीन है और जिसका उद्घाटन जगत गुरु शंकराचार्य जी द्वारा ही किया जाएगा। इस अकादमी में फ्लड लाइटों में मशीन द्वारा बॉलिंग कर क्रिकेट का प्रशिक्षण सक्षम कोच द्वारा दिया जाएगा। इसके साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन कोर्ट की स्थापना, आधुनिक जिम, स्नूकर, बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस, स्विमिंग, बॉक्सिंग, फुटबॉल व रग्बी आदि की सुविधा है, जिसका प्रशिक्षण भी सक्षम कोच द्वारा ही दिया जाएगा। एकेडमी का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार करना है। बालिकाओं के लिए भी इस एकेडमी में विशेष सुविधाएं रखी गई हैं, जिसकी टाइमिंग भी अलग से निर्धारित की गई है। इस एकेडमी में ÷आहार ही औषधि है÷ के अनुरूप एक शानदार कैफेट एरिया का निर्माण किया जा रहा है।

अभी हाल ही में गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल द्वारा ÷रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन÷ उत्तर प्रदेश द्वारा जी सेवन यूपी स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन मेजर ध्यान चंद्र स्टेडियम में संपन्न हुआ, जिसमें सहारनपुर की टीम विजयी हुई थी। एक बार फिर रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा नेशनल चैंपियनशिप की तैयारी का भार गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल के कंधों पर दिया गया है, जिसमें सीतापुर की भी 5 बालिकाएं शामिल हैं। 15 दिनों के प्रशिक्षण के उपरांत गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल इन्हें देहरादून में हो रहे नेशनल चैंपियनशिप में ले जाएगा, जिसमें सीतापुर का नाम रोशन होगा। श्री मिश्र ने शिक्षा के गिरते स्तर को देखते हुए कहा कि नौजवान अनदेखी, अनजानी अंधी गलियों में बेरोजगार भटक रहा है, उसे राह दिखाने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि और तो और ग्रामीण इलाकों में स्थित परिषदीय स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जो बहुत भयावह है। हमें बच्चों को स्कूल भेजने की जगह स्कूल बंद करना एक तरह से गांव, गरीब के बच्चों के साथ अन्याय होगा। ऐसे में जब गांव के ही बच्चे स्कूल नहीं लाए जा सकते, तो वे दूसरे गांव में शिक्षा प्राप्त करने जाएंगे तो कैसे संभव होगा? जबकि इन स्कूलों को गांव में लड़कियों की हिफाजत के लिए ही खोला गया था। उन्होंने कहा कि अगर यूपी सरकार चाहे तो गुरुकुल विद्या ऐसे तमाम स्कूलों को गोद ले सकता है। आगे चिंता जताते हुए बड़े भारी मन से उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस समय देश में सनातन का डिंडोरा पीटा जा रहा है, देश को विश्व गुरु बनाने का जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है, और दूसरी तरफ प्राचीन शिक्षा पूर्णतः दम तोड़ रही है। सन् 1791 में जब देश मुगलों के अधीन था, तब एक अंग्रेज जोनाथन डंकन ने हिंदू कानून और दर्शन के अध्ययन के लिए वाराणसी में संस्कृत कॉलेज की स्थापना की थी। आज वाराणसी हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री का चुनाव क्षेत्र है, वाराणसी शिक्षा की राजधानी रही है। वहां स्थापित संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय बंद होने के कगार पर है, जहां 112 पद स्वीकृत हैं, जिसमें लगभग 90 पद रिक्त हैं। क्या होगा प्राचीन शिक्षा का? क्या होगा जैनागम का? क्या होगा जैन दर्शन का? मीमांसा का? बौद्ध दर्शन एवं प्रकृति न्याय का? चिंता का विषय यह है, तो क्या होगा सनातन धर्म का? अंत में उन्होंने कहा कि इन्हीं सब विषयों को लेकर गुरुकुल विद्या की टीम ने शिक्षा को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने के लिए कमर कसी है, जिससे कम से कम हम अपने जनपद के बच्चों को अनजानी, अनदेखी, अंधी गलियों से निकालकर बच्चों को निरोग, शिक्षित व बलशाली बनाकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर लाना होगा। इसमें जनपद के सभी जनों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर निवर्तमान पीठाधीश्वर शांति शरण मिश्र के पुत्र तुलसी पीठ के सह पीठाधीश्वर अरविंद मोहन मिश्र, पूनम मिश्रा, गुरुकुल विद्या के चेयरमैन तत्पर मिश्र, वाइस चेयरमैन तत्सत मिश्र, निदेशक शिवांगी मिश्रा, प्रधानाचार्या नीरा मिश्रा, स्कूल संयोजक दिव्यांशी श्रीवास्तव, सह संयोजक श्रद्धा मिश्रा, पारुल राज, समृद्धि अग्रवाल, मीतू अग्रवाल, आरती यादव, शगुन मिश्रा, नीलिमा श्रीवास्तव, प्रियंका शुक्ला, निशी दीक्षित, अस्मिता बाजपेई एवं शशांक शेखर उपस्थित रहे।

# पूर्व विधानसभा प्रत्याशी योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा/मनकापुर-** जय गुरुदेव विचारधारा के प्रबल अनुयायी, वरिष्ठ समाजसेवी और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव का सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।स्व. श्रीवास्तव ग्राम केशव नगर ग्रांट, पश्चिमी टेगनहवा (तहसील मनकापुर) के निवासी थे। वे वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार श्रीवास्तव के पिता थे। उन्होंने लंबे समय तक जय गुरुदेव पार्टी के तहसील अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और समाजसेवा एवं आध्यात्मिक मूल्यों के लिए समर्पित जीवन जिया।पूर्व में जब यह क्षेत्र सादुल्लाह नगर विधानसभा के अंतर्गत आता था, तब उन्होंने दूरदर्शी पार्टी से तीन बार विधानसभा चुनाव भी लड़ा। सामाजिक कार्यों और आध्यात्मिक विचारधारा में उनकी गहरी आस्था थी। उनकी सादगी और सेवा भावना ने उन्हें जनमानस में विशिष्ट स्थान दिलाया।उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।युवा भाजपा नेता प्रशांत पटेल, सपा नेता रईस अहमद उर्फ बब्बू प्रधान, सपा नेता हफीज मलिक, जिला पंचायत सदस्य अमर यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष बभनजोत राहुल शुक्ला, रंजीत शुक्ला, मोहम्मद खालिद, रेहान रजा शाह चिंटू खान, अकबर अली, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राजा सिंह, राकेश



सिंह सहित अनेक पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उनके आवास पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की।परिजनों के अनुसार, वे लम्बे समय से बीमार थे और विभिन्न चिकित्सीय प्रयासों के बावजूद सोमवार उन्होंने अंतिम सांस ली।उनका अंतिम संस्कार मंगलवार प्रातः पैतृक गांव केशव नगर ग्रांट में संपन्न होगा।

# नून नदी के पुनरुद्धार में 34 ग्राम पंचायतों में का पूरा हुआ

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** दिनांक 30-06-2025 को नवीन सभागार, सरसैया घाट में नून नदी पुनरूद्धार एवं पौधरोपण हेतु मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में नून नदी में आज तक किये गये सफाई अभियान के साथ ही वृक्षारोपण की कार्य योजना की समीक्षा की गयी। अब तक नून नदी प्रवाह क्षेत्र के 34 ग्राम पंचायतों में लक्ष्य के अनुरूप नदी की खुदाई का काम पूरा हो चुका है, विकास खण्ड शिवराजपुर की 22 ग्राम पंचायतों में लक्षित लम्बाई 17.68 कि0मी0 के सापेक्ष 17.855 कि0मी0 कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विकास खण्ड चौबेपुर के 10 ग्राम लक्षित लम्बाई 4.85 के सापेक्ष 4.724 कि0मी0 कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विकास खण्ड कल्यानपुर में 02 ग्राम पंचायतों में लक्षित 1.03 कि0मी0 के सापेक्ष 1.05 कि0मी0 कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत एवं विकास खण्ड स्तर पर नून नदी पुनरूद्धार एवं वृक्षारोपण समिति का गठन किया गया है, जिसमें विकास खण्ड स्तरीय समिति में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सहायक विकास अधिकारी, पंचायत, आई0एस0बी0 एवं कृषि, सम्बन्धित विकासखण्ड की बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई, अतिरिक्त कार्यकम अधिकारी व ब्लाक



मिशन मैनेजर तथा विकास खण्ड स्तर के फारेस्ट रेन्जर व वन दरोगा नामित किये गये हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर सम्बन्धित ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, मेट एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य / कृषि सहायक को नामित किया गया है। उपरोक्त विकास खण्डीय एवं ग्राम स्तरीय समितियां नून नदी में कराये गये कार्यों का अनुरक्षण सुनिश्चित करेंगी।

# दूध में मिलावट पर विक्रेता का लाइसेंस निरस्त

**अलीगढ़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावटखोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सहजपुरा स्थित प्रतिष्ठान पर छापेमारी कर दूध के नमूने संग्रहित किए थे। इन नमूनों की जांच खाद्य प्रयोगशाला में कराई गई, जिसमें दो नमूने अमानक व अशुद्ध और एक नमूना अधोमानक पाया गया। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट के अनुसार दो नमूनों में अमानकता व अशुद्धता और 1 नमूने में अधोमानकता की पुष्टि हुई। जबकि मिश्रित दूध के एक अन्य नमूने की रिपोर्ट अभी लंबित है। अमानक और अशुद्ध नमूनों की रिपोर्ट मिलने के बाद प्रकरण को न्यायालय (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) में प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत वाद न्याय निर्णय अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) के न्यायालय द्वारा सुनवाई में हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, की धारा के अंतर्गत संबंधित प्रतिष्ठान के खाद्य कारोबारी का खाद्य लाइसेंस निरस्त किये जा चुके हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित व सतत प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है, जिससे भविष्य में भी मिलावटखोरी पर लगाम लगाई जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावट या गुणवत्ता में कमी की सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को दें, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अन्य जिलों से भी समन्वय बनाते हुए सघन निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग का उद्देश्य आमजन को शुद्ध, सुरक्षित और मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

# धीरज कश्यप, संतोष भार्गव व सुभाष राजवंशी,को बिहार चुनाव मे पर्यवेक्षक बनाए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने जताया हर्ष

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा बिहार चुनाव में प्रदेश कांग्रेस सदस्य धीरेश कश्यप, पूर्व शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, पूर्व प्रदेश सचिव सुभाष राजवंशी, को बिहार विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक बनाए जाने पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिशिर वाजपेई ने हर्ष जताया श्री वाजपेई ने कहा की सभी साथी कांग्रेस के मजबूत स्तंभ है एवं इन्होंने जनपद में कांग्रेस की वैचारिकी को बढ़ाने में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। धीरेश कश्यप वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस के सदस्य हैं एवं पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष है साथ ही संतोष भार्गव पूर्व शहर कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं एवं हरदोई शहर के कोऑर्डिनेटर हैं तथा सुभाष राजवंशी पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी रहे हैं श्री वाजपेई ने उनके मनोनयन पर केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया और आशा की राहुल गांधी जी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बताए हुए कार्यों का निष्पादन बिहार विधानसभा चुनाव में निष्ठा से करेंगे बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से सांसद राकेश राठौर पूर्व विधायक रामगोपाल मिश्रा,पूर्व विधायक हरीश बाजपेई जिलाध्यक्ष डॉ ममता वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश निषाद, विनीत दीक्षित, उत्कर्ष अवस्थी, कयूम अंसारी, आमोद मिश्र,चोक्ष विभु, संजय कुमार सनी, नरेंद्र वर्मा शोभित



अवस्थी गुरुशरण द्विवेदी श्रेष्ठ तिवारी, कमल रावत, अमर कांत, अमर सिंह राणा, सुधीर कुमार पांडे, दीपा वैश्य, नागराज कश्यप, रेहाना खातून, हसीना खातून, अनुपम द्विवेदी, अनिल दीवान, संजीव गुप्ता, मीना मिश्रा, प्रेमलता शुक्ला डॉक्टर रिचा मिश्रा श्याम किशोर पांडे आदि प्रमुख है।

# चिकित्सक- हर हारी हुई उम्मीद का अंतिम प्रहरी

**[ एक दिन सम्मान का, हर दिन समर्पण का — चिकित्सक दिवस की पुकार ]**

जब जीवन की डोर किसी अनजानी पीड़ा से उलझने लगती है, जब साँसें संदेह और भय से जकड़ने लगती हैं, तब एक चेहरा विश्वास का उजाला बिखेरता है– जो रक्षक भी है, और संजीवनी भी, वह है नब्ज़ की भाषा समझने वाले देवदूत चिकित्सक। मानवता की सेवा में अटल, विज्ञान और करुणा का अनुपम मेल, एक ऐसा व्यक्तित्व जो न केवल रोग से जूझता है, बल्कि रोगी को जीने का हौसला भी देता है। 1 जुलाई का दिन भारत में इन्हीं जीवनदाताओं को समर्पित है– 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस', जो उन निःस्वार्थ सेवकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है, जिनकी धड़कनें देश के स्वास्थ्य से जुड़ी हैं। यह दिन हमें न केवल उनके योगदान को याद करने का अवसर देता है, बल्कि उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार करने और एक संवेदनशील समाज के निर्माण का संकल्प लेने का भी आह्वान करता है। यह दिवस भारत के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और प्रखर राजनेता डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। उनका जन्म और निधन, दोनों ही 1 जुलाई को हुए–यह महज संयोग नहीं, बल्कि उनके जीवन की पूर्णता का प्रतीक है। भारत रत्न से सम्मानित डॉ. रॉय न केवल एक कुशल चिकित्सक थे, बल्कि पश्चिम बंगाल के लोकप्रिय मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने चिकित्सा और प्रशासन के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी। उनके प्रयासों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे संस्थानों की नींव पड़ी और भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) को मजबूती मिली। उनके लिए चिकित्सा केवल पेशा नहीं, बल्कि एक धर्म था–एक ऐसा दायित्व, जो आज भी हर चिकित्सक के हृदय में जीवित है। उनकी यह विरासत हमें सिखाती है कि चिकित्सक का कर्तव्य सिर्फ इलाज करना नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाना है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना किसी युद्ध से कम नहीं। भारतीय चिकित्सा परिषद के अनुसार, देश में लगभग 13 लाख पंजीकृत चिकित्सक हैं, जिनमें से करीब 8 लाख सक्रिय रूप से सेवा दे रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानक के अनुसार, प्रत्येक 1000 लोगों पर एक डॉक्टर होना चाहिए। भारत में यह अनुपात 1:834 है, जो भले ही वैश्विक औसत से बेहतर हो, लेकिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच गहरी खाई इसे कमज़ोर बनाती है। शहरी क्षेत्रों में जहाँ यह अनुपात 1:400 तक पहुँच जाता है, वहीं ग्रामीण भारत में यह 1:3000 से भी बदतर है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में चिकित्सकों की कमी, अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा, और सीमित संसाधन आज भी गंभीर चुनौतियाँ हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 30ल स्वास्थ्य केंद्रों में ही पूर्णकालिक चिकित्सक उपलब्ध हैं, जो इस असमानता को और उजागर करता है। इन विषम परिस्थितियों के बावजूद, भारतीय चिकित्सक एक सच्चे योद्धा की तरह हर चुनौती का सामना करते हैं। कोविड-19 महामारी इसका सबसे जीवंत उदाहरण है। वर्ष 2020 से 2022 के बीच, भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के अनुसार, लगभग 1600 से अधिक चिकित्सकों ने अपनी जान गँवाई। फिर भी, लाखों डॉक्टरों ने दिन-रात, बिना थके, बिना डरे, मरीजों की सेवा की। उस दौर में, जब दुनिया ठहर-सी गई थी, अस्पतालों में चिकित्सकों की धड़कनें ही जीवन की लय बनकर उभरीं। उन्होंने न केवल लाखों लोगों की जान बचाई, बल्कि भय और अनिश्चितता के बीच मानसिक बल भी प्रदान किया। इस दौरान भारत में लगभग 5 करोड़ से अधिक लोगों को कोविड से संबंधित चिकित्सा सेवाएँ दी गई, जिनमें से अधिकांश का श्रेय चिकित्सकों की अथक मेहनत को जाता है। भारत में हर दिन औसतन 75 लाख से अधिक लोग चिकित्सा सेवाएँ प्राप्त करते हैं। इनमें सरकारी अस्पताल, निजी क्लिनिक, स्वास्थ्य शिविर और अब तेजी से बढ़ रही टेलीमेडिसिन सेवाएँ शामिल हैं। वर्ष 2024 तक, टेलीमेडिसिन के माध्यम से लगभग 10 करोड़ से अधिक परामर्श सत्र पूरे हो चुके हैं, जो चिकित्सा की पहुँच को ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक ले जाने में एक क्रांतिकारी कदम है। लेकिन इन सभी सेवाओं की रीढ़ वही चिकित्सक हैं, जो न केवल दवा देते हैं, बल्कि करुणा और विश्वास का वह अमूल्य स्पर्श भी प्रदान करते हैं, जो किसी मशीन से संभव नहीं। कई चिकित्सक निःशुल्क शिविरों, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और गैर-लाभकारी संगठनों के माध्यम से समाज के सबसे वंचित वर्गों तक पहुँच रहे हैं। उदाहरण के लिए, 'डॉक्टर्स फॉर यू' जैसे संगठन हर साल लाखों लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते हैं, जिनमें से अधिकांश दूरस्थ और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में होते हैं।हालांकि, इस सेवा भाव के पीछे कई गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। भारतीय चिकित्सा संघ के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 75% से अधिक चिकित्सक अपने कार्यस्थल पर किसी न किसी रूप में दुर्व्यवहार या हिंसा का सामना करते हैं। यह हिंसा मौखिक अपशब्दों से लेकर शारीरिक हमलों तक हो सकती है। यह तथ्य न केवल चिंताजनक है, बल्कि शर्मनाक भी। जो व्यक्ति जीवन बचाने के लिए दिन-रात मेहनत करता है, उसकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना समाज का प्राथमिक दायित्व है। इसके अलावा, चिकित्सकों को लंबे कार्य घंटों, मानसिक तनाव और सतत अध्ययन की चुनौती का भी सामना करना पड़ता है। एक औसत चिकित्सक सप्ताह में 60-70 घंटे काम करता है, और कई बार रातों की नींद भी त्याग देता है। फिर भी, उनका समर्पण अडिग रहता है।

चिकित्सक का जीवन केवल तकनीकी ज्ञान और कौशल तक सीमित नहीं है। यह संवेदना, धैर्य और मानवीयता का संगम है। हर सफल उपचार के पीछे अनगिनत बलिदान छिपे होते हैं– पारिवारिक समय की कमी, व्यक्तिगत जीवन का त्याग, और निरंतर सीखने की प्रक्रिया। आज चिकित्सा जगत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक सर्जरी, और जीन थेरेपी जैसे नवाचार तेज़ी से बढ़ रहे हैं। भारत में ही 2024 तक 500 से अधिक अस्पतालों ने रोबोटिक सर्जरी को अपनाया है, और टेलीमेडिसिन का उपयोग 50ल से अधिक बढ़ा है। लेकिन इन तकनीकी प्रगतियों के बीच भी, एक चिकित्सक की करुणामयी नज़र और सांत्वनादायक शब्द ही मरीज को सबसे पहले राहत देते हैं। मशीनें शरीर का इलाज कर सकती हैं, लेकिन मन और आत्मा को ठीक करने का काम केवल एक संवेदनशील चिकित्सक ही कर सकता है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आत्मचिंतन का अवसर है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने चिकित्सकों को वह सम्मान, सुरक्षा और संसाधन दे पा रहे हैं, जिनके वे हकदार हैं? क्या हम एक ऐसा समाज बना पा रहे हैं, जो उन बलिदानों को समझे और उनकी गरिमा की रक्षा करे? तकनीक भले ही कितनी भी उन्नत हो जाए, लेकिन चिकित्सक का मानवीय स्पर्श ही सच्चा उपचार है। इस राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर हम केवल धन्यवाद तक सीमित न रहें। यह समय है एक संकल्प का–एक ऐसे समाज के निर्माण का, जो अपने चिकित्सकों को हर कदम पर सम्मान, सुरक्षा और समर्थन दे। क्योंकि जब चिकित्सक मुस्कुराता है, तब राष्ट्र स्वस्थ और सशक्त होता है। उनके बिना हमारा जीवन अधूरा है, और उनकी सेवा ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

**प्रो. आरके जैन**

# बाल श्रम- छोटे हाथों में कलम नहीं, कुल्हाड़ी क्यों?

चाय की एक टूटी-फूटी दुकान पर, स्टील के पुराने गिलासों को धोता हुआ वह बच्चा, जिसकी हथेलियों पर उम्र के पहले ही झुर्रियाँ हैं, और आंखों में थकान का वह धुंधलका जो एक मजदूर की नियति बन चुका है वह कोई इकलौता दृश्य नहीं है। वह एक प्रतीक है उस समाज का, जिसने अपनी ही आनेवाली पीढ़ी को बोझ समझ लिया है। बाल श्रम, अपने मौन में सबसे तीव्र चीत्कार है। यह चीत्कार किसी जंगल से नहीं, बल्कि हमारे आसपास से, हमारी आँखों के सामने से आती है। मगर दुखद यह है कि हमने उसे अनदेखा करना सीख लिया है। बाल श्रम, कोई आकस्मिक त्रासदी नहीं है। यह एक सामाजिक संरचना में छुपी हुई पुरानी बीमारी है, जो गरीबी, अशिक्षा, लिंगभेद, जातिगत असमानता और शोषण की मिलीभगत से जन्म लेती है। जब समाज अपनी जिम्मेदारी से विमुख हो जाता है, जब शासन अपने कानूनों को कागज़ों में ही सीमित रखता है, और जब व्यवस्था बच्चों को 'भविष्य' नहीं बल्कि 'उपयोगी श्रमिक' मानने लगती है तब बाल मजदूरी जन्म लेती है, और एक राष्ट्र का नैतिक अधःपतन शुरू होता है। इस देश में ऐसे लाखों बच्चे हैं जो अपने नाजुक कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी ढोते हैं। वे स्कूल नहीं जाते, किताबें नहीं पढ़ते, खेलते नहीं, हँसते नहीं क्योंकि उनके हिस्से में संघर्ष लिखा गया है। यह संघर्ष किसी आदर्शवादी प्रेरणा का नहीं, बल्कि पेट की आग का है। वह आग जो किसी भी बच्चे को उसके सपनों से दूर धकेलती है। जब बचपन रोटी के लिए अपनी ही मासूमियत को गिरवी रख दे, तो समझिए कि उस समाज ने मानवता से मुँह मोड़ लिया है। कानून कहता है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मजदूरी में लगाना अपराध है। भारत सरकार ने बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम और पॉक्सो जैसे कई कानून बनाए हैं, परंतु इन कानूनों का ज़मीनी असर कितना है, यह सवाल खुद उन चाय की दुकानों, ईंट भट्ठों, चमड़ा फैक्ट्रियों और घरेलू नौकरियों में काम करते बच्चों से पूछा जाना चाहिए। प्रशासन की उदासीनता, समाज की चुप्पी और मीडिया की मौन स्वीकृति तीनों मिलकर बाल श्रम को वैध बना देते हैं। बाल श्रमिक केवल आर्थिक रूप से ही नहीं, मानसिक और शारीरिक रूप से भी शोषित होते हैं। ऐसे बच्चे न तो उचित पोषण पाते हैं, न शिक्षा, और न ही उन्हें वह सामाजिक सुरक्षा मिलती है, जिसकी गारंटी संविधान देता है। उनका शोषण बहुआयामी है श्रम के घंटे लंबे, वेतन न्यूनतम (या न के बराबर), और हिंसा व दुर्व्यवहार की संभावना हर कदम पर। कभी मालिकों की डांट, कभी यौन हिंसा, कभी पुलिस की लाठी बालक अपने मासूम अस्तित्व के साथ हर मोर्चे पर घिसता है। आर्थिक संकट, परिवार की बदहाली और शिक्षा तक पहुंच का अभाव ये सारे कारण उन्हें मजदूरी की ओर धकेलते हैं। लेकिन क्या समाज और शासन को यह अधिकार है कि वह इन कठिनाइयों की आड़ में बच्चों से उनका हक छीन ले? अगर गरीबी एक बाध्यता है, तो उसका समाधान श्रम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय है। यदि परिवार निर्धन है, तो सहायता दी जानी चाहिए, न कि बच्चों को चाय के गिलास पकड़ाए जाने की छूट दी जाए। ग्रामीण भारत में बाल श्रम की स्थिति और भी विकट है। खेतों में काम करते बच्चों की संख्या, खदानों में काम करते बच्चों से कहीं अधिक है, लेकिन यह दिखाई नहीं देता। जंगलों के किनारे, नदी घाटों पर, निर्माण स्थलों के पास जहाँ कोई आँकड़े नहीं पहुँचते, वहाँ बाल श्रम का साम्राज्य फैला है। वे बच्चे स्कूल नहीं जाते, वे किसी सर्वेक्षण में नहीं आते, और न ही किसी एनजीओ की रिपोर्ट में उनका उल्लेख होता है। वे जैसे अदृश्य हो गए हैं जैसे समाज की आत्मा से बहिष्कृत कर दिए गए हों। वास्तव में, बाल श्रम को समाप्त करने की दिशा में केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है। जब तक हम यह नहीं समझेंगे कि शिक्षा केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व है, तब तक हम बाल श्रम के चक्र को नहीं तोड़ सकते। शिक्षा का अधिकार अधिनियम कहता है कि 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए, लेकिन अगर स्कूल दूर है, अध्यापक अनुपस्थित हैं, भोजन की व्यवस्था नहीं है, और अभिभावकों को इसकी महत्ता नहीं समझाई गई है तो यह अधिनियम केवल एक इरादा बनकर रह जाता है। इसके साथ ही यह भी स्वीकार करना होगा कि बाल श्रम केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह गहराई से जुड़ा हुआ है जाति और वर्ग के शोषण से। जिन समुदायों को सामाजिक मुख्यधारा से बाहर रखा गया, वही बाल श्रम के सबसे बड़े शिकार हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, मुस्लिम समुदाय और प्रवासी मजदूरों के बच्चे इस चक्र में सबसे पहले और सबसे अधिक फंसते हैं। जब तक हम इस सामाजिक पक्ष को नहीं पहचानते, तब तक हम केवल सतही समाधान ढूँढ़ते रहेंगे। शहरों में घरेलू नौकरियों में लगे बाल श्रमिकों की स्थिति अत्यंत भयावह है। वे घर के भीतर रहते हैं, लेकिन उस घर के सदस्य नहीं होते। उनके पास न काम का कोई समय तय होता है, न छुट्टी, न कोई कानूनी संरक्षण। और अगर वे किसी दुर्घटना के शिकार होते हैं, तो उनका नाम तक गुम हो जाता है क्योंकि उनका कोई दस्तावेज नहीं होता। ऐसी अदृश्यता, ऐसी अपारदर्शिता बाल श्रम को और अधिक घातक बनाती है। परंतु इस अंधकार के बीच कुछ उजाले भी हैं। देश में कई स्वयंसेवी संस्थाएं और सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो इस दिशा में प्रयासरत हैं। बचपन बचाओ आंदोलन जैसी पहलें, जो न केवल बच्चों को मुक्त कराती हैं बल्कि उन्हें पुनर्वासित भी करती हैं, वे आशा की किरण हैं। अनेक न्यायालयों ने भी समय-समय पर निर्देश दिए हैं कि बाल मजदूरी रोकने के लिए सख्त निगरानी और दंड की आवश्यकता है। परंतु प्रश्न यह है कि जब तक समाज स्वयं सक्रिय नहीं होता, तब तक ये प्रयास कितने प्रभावी होंगे? हमें यह स्वीकार करना होगा कि बाल श्रम को रोकना केवल सरकार का काम नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जब हम चाय की दुकान पर किसी बच्चे को काम करते देखें, तो केवल नजरें फेर लेने से समस्या खत्म नहीं होगी। जब हम घर में काम के लिए नौकर रखें, तो हमें यह देखना होगा कि कहीं वह बच्चा तो नहीं है। जब हम किसी होटल या फैक्ट्री में बच्चों को देखकर चुप रह जाते हैं, तब हम इस शोषण के सहभागी बन जाते हैं। बचपन को बचाना कोई दान नहीं, कोई उदारता नहीं, बल्कि नैतिक आवश्यकता है। जो समाज अपने बच्चों को श्रमिक बना देता है, वह न केवल अपनी संस्कृति से धोखा करता है, बल्कि अपने ही भविष्य के विरुद्ध षड्यंत्र करता है। यह विडंबना है कि एक ओर हम 'विश्वगुरु' बनने का स्वप्न देखते हैं, दूसरी ओर हमारी गलियों में बच्चे झाड़ू लगा रहे होते हैं। क्या ऐसा राष्ट्र सचमुच प्रगति के पथ पर है? बाल श्रम की समाप्ति एक लंबी और जटिल लड़ाई है। यह केवल कानून से नहीं, बल्कि संवेदना, शिक्षा और सामाजिक चेतना से जीती जा सकती है। स्कूलों को मजबूत बनाना होगा, पोषण योजनाओं को व्यापक करना होगा, और सबसे बढ़कर बचपन को समझना होगा। बच्चे श्रमिक नहीं होते, वे कल्पना के फूल होते हैं। यदि हम उन्हें बचपन दें, तो वे राष्ट्र को वह भविष्य देंगे जिसकी कल्पना हमने अपने संविधान में की थी।इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सवाल करें। छोटे हाथों में कलम नहीं, कुल्हाड़ी क्यों? यह प्रश्न केवल नारा नहीं है, यह एक दर्पण है जिसमें हमें अपना नैतिक चेहरा देखना चाहिए। और यदि उस दर्पण में हमें बाल मजदूरी के दृश्य दिखते हैं, तो हमें उसे तोड़ने की नहीं, बल्कि अपने व्यवहार को बदलने की ज़रूरत है। बचपन को बोझ नहीं, वरदान बनने दीजिए। क्योंकि जब कोई बच्चा मुस्कराता है, तब पूरी मानवता मुस्कराती है।

**हंसराज चौरसिया**

# दैनिक राशिफल



ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ
डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी




**मेष**–आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

**वृष**–आज प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन**–आज किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**कर्क**–आज नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं।

**सिंह**–आज बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कन्या**–आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला**–आज यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**वृश्चिक**–आज घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु**–आज भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

**मकर**–आज दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा।

**कुंभ**–आज पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**मीन**–आज स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## संपादकीय

# प्रकृति का रौद्र रूप कहीं बाढ़ कहीं भूस्खलन

**सटीक आपदा प्रबंधन की दरकार।।**

भारत में वर्षाकाल मे भीषण प्राकृतिक वर्षा के फलस्वरुप बाढ़ भूस्खलन और नदियों में उफान आने से उत्तरांचल ,उत्तराखंड, असम, मेघालय, दिल्ली और पंजाब भीषण त्रासदी झेल रहे हैं और बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु भी हो गई है।देश के साथ एकसाथ विश्व में कई देशों में अतिवृष्टि से बाढ़ का प्रकोप होता है लैंडस्लाइडिंग भी होती है पर सर्वाधिक मृत्यु भारत में ही होती है। भारत में भूकंप के झटके भी लगते हैं कई बार भूकंप भी आता है और जान माल की हानि होती है। यह ऐसा तो है नहीं कि अति वर्षा कई सालों में एक बार होती हो, वर्षा, बाढ़ तथा लैंडस्लाइडिंग का प्रकोप हर वर्ष अखबारों में हम पढ़ते हैं और लोगों की मृत्यु होती है तो ऐसे में केंद्र तथा राज्य सरकारों को आपस मैं सामंजस्य कर इस त्रासदी तथा विपदा का पहले से प्रबंध करने की आवश्यकता होनी चाहिए जिससे आमजन को जान माल का कम से कम नुकसान हो सके ।आपदा सदैव अनअपेक्षित घटना होती है। जो मानवीय नियंत्रण से बाहर तथा प्राकृतिक व मानवीय कारकों द्वारा मूर्त रूप दी जाती है। प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बड़ी हानि होती है ।आपदा की गहनता, विशालता एवं निरंतरता मानव जीवन तथा समाज, देश को बड़ी हानि पहुंचाते हैं, एवं उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं से देश की प्रगति पर चोट पहुंचती है। तथा राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जाती है। आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है। क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर हमें बाढ़, अतिवृष्टि, लैंडस्लाइडिंग तथा भूकंप से पूरी क्षमता कथा विशेषताओं के साथ सामना करना चाहिए। आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है। एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग का व्यक्ति तथा मजदूर तबके का व्यक्ति सबसे ज्यादा प्रभावित होकर उसकी दिनचर्या समूह रूप से छिन्न-भिन्न हो जाती है, एवं आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका का एक बड़ा भय सताने लगता है। भारत के भू भाग का लगभग 58ल क्षेत्र भूकंप की संभावना वाला क्षेत्र है, जिसमें हिमालयिन क्षेत्र,पूर्वोत्तर राज्य, गुजरात का कुछ क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह भूकंप की दृष्टि से सबसे सक्रीय क्षेत्र रहें है। देश के 65 से 68% भूभाग पर कभी कम कभी ज्यादा भीषण रूप से सूखा पड़ता है, इसी तरह भारत के पश्चिमी और प्रायद्वीपीय राज्य में मुख्यतः शुष्क तथा अर्ध शुष्क न्यून नमी वाले क्षेत्र सूखे से सदैव प्रभावित रहते हैं। बाढ़ से प्रभावित भूमि का विस्तार क्षेत्र देश के 12% है, यानी 7 करोड़ हेक्टेयर जमीन में भूकंप आने की संभावना सदैव बनी रहती है। हिमालय क्षेत्र देश के पर्वतीय क्षेत्र मैं भूस्खलन की गंभीर समस्या की संभावना सदैव बनी रहती है। देश के विशाल तटवर्ती क्षेत्र में चक्रवात तथा सुनामी की भयावह स्थिति की संभावना सदैव बनी रहती है। अब भारत में विश्व के साथ-साथ करोना संक्रमण की भयानक महामारी से प्रभावित होकर हजारों लाखों नागरिकों की जान गवा कर इस आपदा से जंग लड़ रहा है, यह कोविड-19 की महामारी या आपदा प्राकृतिक है या मानव निर्मित यह तो भविष्य ही बताएगा, किंतु इस महामारी ने पूरे वैश्विक स्तर पर आकस्मिक रूप से मानव जीवन में मृत्यु का तांडव मचा के रख दिया है। ऐसी ही अनपेक्षित आपदाओं का पूर्वानुमान अथवा आकलन किया जाना पहले से संभव नहीं हो सकता है। ऐसे में राष्ट्रीय अन्य योजनाओं के साथ-साथ आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अत्यधिक सावधानी पूर्वक योजना तथा विभाग बनाने चाहिए, देश में जापान जैसे देश की तरह आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन सिस्टम को तैनात कर तैयार रखने की आवश्यकता होगी।

भारत को आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग को चुस्त-दुरुस्त तथा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त रखने की आवश्यकता है। तूफानी चक्रवात, सुनामी, भूस्खलन, भूकंप, सूखा बाढ़ के अलावा अब कोविड-19 यानी करोना संक्रमण जैसी खतरनाक बीमारियां भारत देश को अपना निशाना बना कर रखा है ।ऐसे में भारत में मध्यम दर्जे का या निम्न दर्जे का आपदा प्रबंधन सिस्टम किसी भी काम का ना रहेगा, एवं इससे भारी जानमाल की हानि होने की संभावना सदैव बनी रहेगी। भारत में आपदा प्रबंधन के लिए 1990 में कृषि मंत्रालय के अंतर्गत डिजास्टर मैनेजमेंट सेल स्थापित किया गया था। लेकिन 1993 में लातूर के भूकंप तथा 1998 में मालपा के भूस्खलन तथा 1999 में ओडिशा में सुपर साइक्लोन तथा 2001 में भुज के भूकंप के बाद देश में एक मजबूत आपदा प्रबंधन की व्यवस्था की जरूरत को महसूस करते हुए जे,सी, पंत जी की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट में एक सुव्यवस्थित तथा व्यापक सिस्टम तथा विभाग की स्थापना की आवश्यकता प्रतिवेदित की गई थी। 2002 में आपदा को देश की आंतरिक सुरक्षा का मामला मानते हुए आपदा को गृह मंत्रालय के अंतर्गत समाविष्ट किया गया। आपदा प्रबंधन के इतिहास में 2005 में एक बड़ा परिवर्तन लाया गया भारत सरकार ने आपदा को अपनी कार्ययोजना के एक चक्रीय क्रम के रूप में प्रबंधित किया, जिसमें आपदा आ जाने के बाद इसके बचाव, नुकसान की भरपाई, निदान तथा आपदा आने के पूर्व की तैयारी तथा योजना को मूर्त रूप देने का एक सुनियोजित तरीका तैयार किया गया था। आपदा से खतरे का स्तर सभी इंसानों के लिए सदैव एक जैसा होता है। किंतु समाज के विभिन्न वर्गों में खतरे से निपटने तथा जूझने की क्षमता अलग-अलग होती है। निम्न वर्ग का तबका अन्य लोगों की अपेक्षा आपदा से ज्यादा प्रभावित होता है। अतः सरकार को गरीब तथा वंचित वर्ग के तबके के लिए आपदा प्रबंधन में विशेष प्रावधान दिया जाना चाहिए। आपदाओं के प्रबंधन एवं अनुसंधान व त्वरित कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान तथा राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई बल का गठन किया गया है। यह आपदा राशि कार्रवाई बल पर किसी खतरनाक आपदा की स्थिति में रासायनिक, जैविक, परमाणु विकिरण तथा अन्य प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदा के संबंध में विशिष्ट कार्यवाही के निर्वहन का उत्तरदायित्व है। ईस संस्था ने बंगाल तथा उड़ीसा के तटीय क्षेत्र में आई सुनामी में काफी बड़ी संख्या में लोगों की जान भी बचाई है। चक्रवाती तूफान से निपटने में हमारे समुचित प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया है कि हाल के वर्षों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। परंतु पिछले 1 वर्षों से करोना संक्रमण से हुई बड़ी संख्या में मृत्यु ने देश को हिला कर रख दिया है।अगर आपदा प्रबंधन सिस्टम को लगातार मॉनिटर किया जाता एवं उस सिस्टम के अधिकारी जिम्मेदार व्यक्ति सचेत एवं सजग रहते, तो द्वितीय लहर में इस तरह हड़कंप संक्रमण एवं मृत्यु का सामना नहीं करना पड़ता। भारत को आपदा प्रबंधन के सिस्टम पर फिर से आंकलन कर एक नई व्यूह रचना बनाकर गरीब तबके निचले व्यक्ति तथा समग्र रूप से मानव जाति की सुरक्षा के लिए नए-नए उपाय करने चाहिए। क्योंकि आपदा कभी बताकर नहीं आती।इसी तरह कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए हमें इसकी तैयारी पूर्व से ही कर लेना चाहिए अन्यथा हाथ मलने के अलावा अपने पास कुछ ना रह जाएगा।

**संजीव ठाकुर**

# अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव - एक अनोखी दुनिया

41 साल बाद, भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा शुरू की, जिसने न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों के सपनों को भी पंख दिए अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसा अनुभव है जो सामान्य मानवीय अनुभवों से परे है। यह न केवल वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि एक गहन व्यक्तिगत और दार्शनिक अनुभव भी है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान कहा कि "क्या कमाल की सवारी थी!" यह उत्साह और आश्चर्य उनकी भावनाओं का प्रतीक है, जो हर उस व्यक्ति के मन में कौतूहल जगाता है जो अंतरिक्ष की सैर का सपना देखता है। अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करने पर सबसे पहला अनुभव शून्य गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) का होता है। शुभांशु ने इसे "शिशु की तरह चलना सीखने"जैसा बताया। अंतरिक्ष यात्री को अपने शरीर को नियंत्रित करने, खाने, पढ़ने और यहां तक कि सोने के लिए भी नए तरीके सीखने पड़ते हैं। यह अनुभव चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ रोमांचक भी है। अंतरिक्ष में तैरना, जहां हर वस्तु हवा में लंगरहीन होती है, एक ऐसी अनुभूति है जो पृथ्वी पर असंभव है। इसके साथ ही अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखना एक गहन अनुभव है। नीले ग्रह की सुंदरता, बादलों की नाजुक परतें और महासागरों की विशालता अंतरिक्ष यात्रियों को प्रकृति और मानवता के प्रति गहरी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। शुभांशु ने अपनी यात्रा के दौरान कहा, "मैं दृश्यों का आनंद ले रहा हूं।" यह दृश्य न केवल मनमोहक है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि हमारा ग्रह कितना नाजुक और अनमोल है। अंतरिक्ष यात्रा शारीरिक और मानसिक रूप से कठिन होती है। लॉन्च के दौरान तीव्र जी-फोर्स का अनुभव, अंतरिक्ष में प्रारंभिक असुविधा और माइक्रोग्रैविटी में अनुकूलन की प्रक्रिया हर अंतरिक्ष यात्री के लिए एक कठिन परीक्षा होती है। शुभांशु ने हंसते हुए बताया कि उन्होंने अंतरिक्ष में "काफी सोया" जो उनके अनुकूलन का हिस्सा था। इसके अलावा, अंतरिक्ष स्टेशन पर लंबे समय तक रहने से मांसपेशियों का क्षय और हड्डियों की कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिनका अध्ययन इस मिशन का एक हिस्सा था अंतरिक्ष स्टेशन पर समय केवल दृश्यों का आनंद लेने तक सीमित नहीं है। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान शुभांशु और उनकी टीम ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात भारत के थे। इन प्रयोगों में माइक्रोग्रैविटी में फसल बीजों का प्रभाव, मांसपेशियों के क्षय का अध्ययन और डीएनए मरम्मत जैसे विषय शामिल थे। यह कार्य न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी मजबूत करता है। 41 साल पहले, 1984 में, विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत यूनियन के सोयुज टी-11 मिशन के तहत अंतरिक्ष में कदम रखा था। तब से, भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन मानव अंतरिक्ष उड़ान में यह दूसरा बड़ा कदम है। शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा भारत के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है। शुभांशु की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान (2027), के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो ने इस मिशन के लिए 5 अरब रुपये (59 मिलियन) का निवेश किया, ताकि शुभांशु को प्रशिक्षण और अंतरिक्ष अनुभव प्राप्त हो सके। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, "इस मिशन से प्राप्त अनुभव और प्रशिक्षण भारत के लिए अभूतपूर्व लाभकारी होगा।"शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए लॉन्च प्रोटोकॉल, माइक्रोग्रैविटी अनुकूलन, और आपातकालीन तैयारी में मदद करेगा। एक्सिओम-4 मिशन नासा, इसरो, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह मिशन भारत की बढ़ती वैश्विक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में इसके योगदान को दर्शाता है। पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ, यह मिशन वैश्विक एकता और साझा वैज्ञानिक लक्ष्यों का प्रतीक है। शुभांशु की यात्रा ने भारत के युवाओं में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति उत्साह जगाया है। लखनऊ में उनके स्कूल, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, में आयोजित वॉच पार्टी में सैकड़ों छात्रों ने उनके प्रक्षेपण को देखा और उत्साह के साथ तालियां बजाई। इसरो ने शुभांशु के लिए भारतीय छात्रों के साथ बातचीत के आयोजन की योजना बनाई है, जो नई पीढ़ी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा। भारत ने 2035 तक अपनी अंतरिक्ष स्टेशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री भेजने की महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं। शुभांशु की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा इन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत को न केवल तकनीकी रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। शुभांशु ने अपनी कक्ष से संदेश में कहा कि "मेरे कंधे पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं, मैं आप सभी के साथ हूं।" यह भावना 1.4 अरब भारतीयों के गर्व और एकता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को "1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक" बताया। यह मिशन भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता का एक और प्रमाण है। अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसी यात्रा है जो न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देती है, बल्कि मानवता को अपनी सीमाओं से परे सोचने के लिए प्रेरित करती है। शुभांशु शुक्ला की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो 41 साल बाद अंतरिक्ष में देश की वापसी को चिह्नित करता है। यह मिशन न केवल गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे भविष्य के मिशनों के लिए आधार तैयार करता है, बल्कि भारत के युवाओं को सपने देखने और उन्हें हासिल करने की प्रेरणा भी देता है। जैसा कि शुभांशु ने कहा, "यह मेरी उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे देश की सामूहिक जीत है।"यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष युग के नए अध्याय की शुरुआत है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## विद्यालय बंद व मर्ज करने को लेकर शासन के नाम सौंपा ज्ञापन



**रतनपुर/महराजगंज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राघवेन्द्र नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों शिक्षक रतनपुर बीआरसी पहुंचे जहां विद्यालय बन्द व मर्ज के विरोध में शासन के नाम बीआरसी पर एक ज्ञापन सौंपकर रोकवाने की मांग किया है। शिक्षकों ने शासन को दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि परिषदीय विद्यालय में गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। ऐसे में विद्यालय बन्द व मर्ज कर देने से वह बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। ऐसे में बिना मान्यता के तमाम विद्यालय चल रहे हैं सरकार पहले उन्हे बन्द कराए और प्राईवेट विद्यालयों को मान्यता देना बन्द करें। सरकारी विद्यालय बन्द करने से सरकार द्वारा निजीकरण करने का समाज में गलत संदेश जाएगा और प्राईवेट विद्यालयों की फीस कई गुना बढ जाएगी।

इस दौरान संगठन के मंत्री मनौवर अली अन्सारी, कोषाध्यक्ष चन्द्रभान प्रसाद, वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार त्रिपाठी, उमेश चन्द यादव, राकेश कुमार वाल्मीकि, अरुण कुमार भण्डारी, आशुतोष कुमार, गिरीश चन्द्र चौधरी, सुनीता जायसवाल समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## नाली बंद होने से हो रही धान की फसल बर्बाद

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विषखोप टोला भरटोलिया निवासी गिरिजेश यादव ने नौतनवा उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि खेत से सटे नाली बना हुआ है जिसपर गांव के कुछ लोगों द्वारा मिट्टी डालकर नाली को बंद कर दिया है। नाली बंद होने से कई किसानों के लगभग सात एकड़ धान की फसल पानी में डूबकर बर्बाद हो रहा है। जानकारी के मुताबिक भरटोलिया निवासी गिरिजेश ने लिखा है कि गांव से पश्चिम खेत से सटे नाली पर पुलिया बना हुआ है जिसपर गांव के कुछ अराजक लोगों द्वारा मिट्टी गिराकर पुलिया के मुख्य नाली को बंद कर दिया गया है। पानी का निकासी नहीं होने से लगभग सात एकड़ धान का फसल बर्बाद हो रहा है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर बंद नाली को खुलवाने की मांग किया है।

## ओकस रेजीडेंसी एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

**रूद्रपुर, देवरिया।** लखनऊ स्थित ओकस रेजिडेंसी के एसोसिएशन का प्रथम वार्षिक चुनाव 29 जून को सकुशल संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में 10 सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए। जिनमें राम यादव, शिवम राय, अशोक कुमार, चंद्रशेखर, अजय द्विवेदी, अनिल नायक, गोविंद सिंह यादव, कविता सिंह, शकुंतला सिंह एवं कुलदीप कुमार राजपूत शामिल हैं। एसोसिएशन के चुनाव का मुख्य उद्देश्य अध्यक्ष का चुनाव करना है जिसके माध्यम से सोसायटी के विकास,साफ सफाई,जल निकासी, बिजली व्यवस्था व मेंटेनेंस का ख्याल रखा जाएगा। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि चुने गए 10 सदस्य मिलकर अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। इस चुनाव में कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें से 10 सदस्यों को चुना गया।

## चिकित्सक दिवस पर आज लायंस क्लब प्रतापगढ़ करेगा चिकित्सक सम्मान समारोह

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ हर्ष ,गौरव तथा शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन डा. सोनेलाल पटेल स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित किया गया है, जिसमें चिकित्सा महाविद्यालय के प्रोफेसर,सहायक प्रोफेसर, वरिष्ठ चिकित्सक तथा जिले के लब्ध प्रतिष्ठित चिकित्सको को सम्मानित किया जायेगा । यह जानकारी लायंस क्लब हर्ष के अध्यक्ष सन्तोष भगवन ने एक बैठक में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए लायंस क्लब हर्ष के वरिष्ठ सदस्य तथा आगामी वर्ष 2025 - 26 के लिए नामित अध्यक्ष लायन आशुतोष त्रिपाठी को मुख्य संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। श्री भगवन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार को आमन्त्रित किया गया है । अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य को विशेष आमंत्रित रूप में आमंत्रित किया गया है।

# भगवान कृष्ण ने सुदामा को कराया माया दर्शन - आचार्य विनोद जी महराज

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर ।** सुप्रसिद्ध भगवत कथा वाचक आचार्य विनोद जी महराज ने कथा के एक प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि एक बार सुदामा ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा, ÷कान्हा, मैं आपकी माया के दर्शन करना चाहता हूँ,। माया वास्तव में कैसी होती है ?" श्रीकृष्ण ने प्रश्न को टालना चाहा, लेकिन सुदामा की जिद पर श्रीकृष्ण ने कहा, "अच्छा, कभी वक्त आएगा तो बताऊंगा।" एक दिन कृष्ण ने कहासुदामा ! आओ, गोमती में स्नान करने चलें। दोनों गोमती के तट पर गए। वस्त्र उतारे। दोनों नदी में उतरे। श्रीकृष्ण स्नान करके तट पर लौट आए। पीतांबर पहनने लगे।सुदामा ने देखा, कृष्ण तो तट पर चले गये है, मैं एक डुबकी और लगा लेता हूँ और जैसे ही सुदामा ने डुबकी लगाई सुदामा को लगा, गोमती में बाढ़ आ गई है, वह बहे जा रहे हैं। सुदामा जैसे-तैसे तक घाट के किनारे रुके। घाट पर चढ़े। घूमने लगे। घूमते-घूमते गांव के पास आए और वहाँ एक हथिनी ने उनके गले में फूल माला पहना दी। सुदामा



हैरान... !लोग इकट्ठे हो गए। लोगों ने कहा, "हमारे देश के राजा की मृत्यु हो गई है। हमारा नियम है, राजा की मृत्यु के बाद हथिनी, जिस भी व्यक्ति के गले में माला पहना दे, वही हमारा राजा होता है। हथिनी ने आपके गले में माला पहनाई है, इसलिए अब आप हमारे राजा हैं।"सुदामा हैरान हुए, मैं राजा बन गया। एक राजकन्या के साथ उनका विवाह भी हो गया। दो पुत्र भी पैदा हो गए।एक दिन सुदामा की पत्नी बीमार पड़ गई, आखिर में मर गई। सुदामा दुख से रोने लगे, उसकी पत्नी जो मर गई थी, जिन्हें वह बहुत चाहता था, सुंदर थी, सुशील थी। लोग इकट्ठे हो गए, उन्होंने सुदामा को कहा, आप रोएं नहीं, आप हमारे राजा हैं। लेकिन रानी जहाँ गई है, वहीं आपको भी जाना है, यह मायापुरी का नियम है। आपकी पत्नी को चिता में अग्नि दी जाएगी। आपको भी अपनी पत्नी की चिता में प्रवेश करना होगा। आपको भी अपनी पत्नी के साथ जाना होगा।यह सुनकर तो सुदामा की सांस रुक गई, हाथ-पांव फूल गए, अब मुझे भी मरना होगा, मेरी पत्नी की मौत हुई है, मेरी तो नहीं, भला मैं क्यों मरूँ, यह कैसा नियम है ?"सुदामा अपनी पत्नी की मृत्यु को भूल गये। उसका रोना भी बंद हो गया। अब वह स्वयं की चिंता में डूब गये, कहा भी, "भई, मैं तो मायापुरी का वासी नहीं हूँ। मुझ पर आपकी नगरी का कानून लागू नहीं होता, मुझे क्यों जलना होगा ? लोग नहीं माने, कहा, "अपनी पत्नी के साथ आपको भी चिता में जलना होगा, मरना होगा, यह यहाँ का नियम है।आखिर सुदामा ने कहा, "अच्छा भई, चिता में जलने से पहले मुझे स्नान तो कर लेने दो," पहले तो लोग माने नहीं। फिर बात मान उन्होंने हथियारबंद लोगों की ड्यूटी लगा दी।सुदामा को स्नान करने दो, देखना कहीं भाग न जाए। रह-रह कर सुदामा रो उठते। सुदामा इतना डर गये कि उनके हाथ-पैर कांपने लगे, वह नदी में उतरे, डुबकी लगाई और फिर जैसे ही बाहर निकले उन्होंने देखा, मायानगरी कहीं भी नहीं, किनारे पर तो कृष्ण अभी अपना पीतांबर ही पहन रहे थे और वह एक दुनिया घूम आये है। मौत के मुँह से बचकर निकले हैं। सुदामा नदी से बाहर आये और सुदामा रोए जा रहे थे। श्रीकृष्ण हैरान हुए, सबकुछ जानते थे फिर भी अनजान बनते हुए पूछा, "सुदामा तुम रो क्यों रो रहे हो?"

सुदामा ने पूछा, "कृष्ण मैंने जो देखा है, वह सच था या यह जो मैं देख रहा हूँ ? श्रीकृष्ण मुस्कराए और कहा, "जो देखा, भोगा वह सच नहीं था, भ्रम था, स्वप्न था, माया थी मेरी और जो तुम अब मुझे देख रहे हो यही सच है। मैं ही सच हूँ। मेरे से भिन्न, जो भी है, वह मेरी माया ही है और जो मुझे ही सर्वत्र देखता है, महसूस करता है, उसे मेरी माया स्पर्श नहीं करती। माया स्वयं का विस्मरण है माया अज्ञान है, माया परमात्मा से भिन्न, माया नर्तकी है नाचती है..नचाती है।"जो प्रभु श्रीकृष्ण से जुड़ा है, वह नाचता नहीं, भ्रमित नहीं होता। माया से निर्लेप रहता है।

# प्राइवेट कर्मचारी चला रहे पूर्ति कार्यालय, लोग परेशान



स्वतंत्र प्रभात

**नौतनवा/महराजगंज।** मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद नौतनवा तहसील के पूर्ति कार्यालयों में प्राइवेट कर्मचारियों का कब्जा लगातार बना हुआ है। सरकारी कर्मचारियों के बजाय प्राइवेट कर्मी कार्यालय का संचालन कर रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लक्ष्मीपुर और नौतनवा ब्लॉक के पूर्ति कार्यालयों में प्राइवेट कर्मचारी न केवल फाइलों का काम देखते हैं, बल्कि जनता को बेवजह कागजी प्रक्रियाओं में उलझाकर दलालों के पास जाने को मजबूर करते हैं। ऐसे में सम्बंधित कार्यों के लिए पहुंचे आम लोगों को महीनों तक चक्कर काटने पड़ते हैं, जबकि दलालों के जरिए काम जल्दी हो जाता है। राशन कार्डों के ऑनलाइन सत्यापन में गड़बड़ियां आम हो गई हैं। कई मामलों में कार्डों में गलत नाम जुड़ रहे हैं या रिकॉर्ड "नॉट फाउंड" दिखाया जा रहा है। शिकायत करने पर कर्मचारियों द्वारा टाल-मटोल किया जा रहा है। बताया जाता है कि कार्यालय में तैनात एक प्राइवेट कर्मचारी इस पूरे खेल में मुख्य भूमिका निभा रहा है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी एपी सिंह ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गौवध अधिनियम के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजापुर, चित्रकूट-** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में राजापुर पुलिस टीम ने गौवध निवारण अधिनियम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। राजापुर थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि बीती 22 अप्रैल को सूचना मिलने पर वेराउर वांगर गांव के पास से एक चार पहिया वाहन से छह बोरियों में तीन कुन्तल 15 किलोग्राम गोमांश बरामद किया गया था। इस बरामदगी के आधार पर थाना राजापुर में गौवध निवारण अधिनियम के तहत वाहन स्वामी शीला व दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बताया कि इस मामले की विवचेना के दौरान प्रकाश में आए आरोपी अमन खान निवासी 39 ए वशीर स्टेट रोशन नगर थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर को बीते रविवार को लूपलाइन पेट्रोल टंकी के आगे यमुना पुल के पास से उपनिरीक्षक इमरान खान व उनकी टीम आरक्षी प्रकाश मिश्रा, लवकुश यादव व अजय मिश्रा द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# वरिष्ठ समाजसेवी त्रिपुरारी तिवारी के श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**●समाज सेवा से वढ कर कोई धर्म नहीं है, परोपकारी व्यक्ति समाज का चिन्तक होता है**



स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोरखपुर-** वरिष्ठ समाजसेवी त्रिपुरारी तिवारी के श्राद्ध कर्म के अवसर पर उनके पैतृक गांव पोहीला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पिता किया। क्षेत्र के पत्रकार राजनीतिक व्यापारी समाजसेवी क्षेत्र वासी वडीसंख्या मे लोगों ने श्रधा सुमन अर्पित किये। वरिष्ठ पत्रकार राम अशीष तिवारी ने कहा कि 90 वर्षीय त्रिपुरारी तिवारी जी के असमायिक निधन से समाज को काफी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति आता है उसे एक दिन जाना है। त्रिपुरारी तिवारी जैसे लोग जो समाज के लिए समर्पित रहे वैसे लोग हमेशा याद किए जाते हैं। उन्होने कहा कि जब भी उन्हें उनके सहयोग की आवश्यकता हुई उन्होंने सबका साथ दिया दिया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में डॉक्टर गणेश दास शुक्ला विवेक ओझा शभासंकर चौबे आचार्य कन्हैया त्रिपाठी पप्पू पांडे साहित सैकड़ों लोग शामिल हुए थे।

# विद्यालय मर्जर के खिलाफ संघ लड़ेगा आर पार की लड़ाई- काशीनाथ तिवारी

**●बीआरसी सभागार गोला में प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई - गोला की हुई महत्वपूर्ण बैठक**



स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर ।** बीआरसी गोला के सभागार में सोमवार को परिषदीय विद्यालयों में गतिमान मर्जर की प्रक्रिया से असहमति व्यक्त करने के क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार ब्लाक इकाई गोला के ब्लॉक कार्य समिति सदस्य संघर्ष समिति के सदस्य और विद्यालयों की प्रबंधन समितियों के सदस्य की एक बैठक संघ के अध्यक्ष काशी नाथ तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष काशी नाथ तिवारी ने कहा कि विद्यालयों के मर्जर होने से बालिका शिक्षा में रुकावटें पैदा हो सकती है।खासकर उन क्षेत्रों में जहां पहले से ही सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक कारक पहले से ही बालिकाओं की शिक्षा को प्रभावित करते हैं।मंत्री प्रेम प्रकाश सिंह ने कहा कि गांव का स्कूल केवल बच्चों की शिक्षा का केंद्र नहीं होता वह पूरे गांव की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना केंद्र होता है। विद्यालय कहीं और मर्ज होना मतलब गांव की आत्मा पर चोट करना है। जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह ने कहा कि विद्यालय मर्ज होने से दूरी बढ़ेगी जिससे बच्चे बुनियादी शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। इसके पूर्व बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष सुरेश जैनेंद्र दुबे संजीव कुमार ने भी संबोधित किया।बैठक का संचालन संयुक्त मंत्री रवींद्र नाथ यादव ने किया।इस अवसर पर दिवाकर मौर्य जयप्रकाश विद्यासागर शुक्ल विवेक पाल धर्मेंद्र सिंह सरयूशरण विजयानंद मौर्य संदीप दुबे प्रदीप मिश्र मनोज मिश्र अखिलेश कुमार देवनारायण अभिषेक नायक हरिकेश राम प्रतिभा दुबे राहुल मिश्र विजेंद्र श्रीवास्तव कौशल कुमार शुक्ल विनय कुमार आशीष सिंह अवनीश कुमार सर्वेश त्रिपाठी शीला रानी दुबे लीला यादव अमीर हसन राजन मल्ल आशुतोष कुमार सहित अधिक संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए करें जागरूक- सीडीओ

**●संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय टास्क फोर्स की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** जिले में 1 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। सोमवार को विकास भवन के गांधी सभागार में हुई संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों ने संचारी रोग अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि गांव-गांव, शहर शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

लोग मच्छरजनित बीमारियों से सुरक्षित रह सके इसके लिए उन्हें जागरूक किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर पालिका, नगर पंचायतों को संचारी रोग अभियान को सफल बनाने एवं विशेष स्वच्छता के कार्यक्रमों को संचालित करने के निर्देश दिए। कहा कि विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करते हुए गलियों और मोहल्लों में नालियों की विशेष सफाई पर अधिक ध्यान दिया जाए। फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किया जाए। इस कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए सभी विभागों की सक्रियता जरूरी है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि पशुओ में होने वाली बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण एवं पशुओं में होने वाली बीमारियों का प्रचार-प्रसार कराकर लोगो को जागरूक किया जाए। बैठक में एसीएमओ डॉ अजय शाही, बीएसए शालिनी, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्विनी पाण्डेय, डॉ आरके श्रीवास्तव, डॉ हरेंद्र कुमार, डॉ आरपी यादव, डीएमओ सीपी मिश्रा, एडीएमओ सुधाकर मणि, सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, सीफार, यूनिसेफ़ के प्रतिनिधि सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गोरखपुर आगमन पर मेयर ने सौंपी शहर की चाभी, जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को गोरखपुर पहुंचीं। गोरखपुर एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी अगवानी की। इस दौरान मेयर डा. मंगलेश श्रीवास्तव ने राष्ट्रपति को प्रतीकात्मक रूप से चांदी की बनी शहर की चाभी भेंट की और इस परंपरा का संक्षेप में उल्लेख किया। स्वागत समारोह में सांसद रवि किशन शुक्ल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।एयरपोर्ट से सर्किट हाउस तक राष्ट्रपति का काफिला गुजरने के दौरान सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और स्थानीय लोग तिरंगा झंडा लिए उनका स्वागत करते दिखे।



बच्चे और बड़े उत्साहपूर्वक हाथ हिलाकर राष्ट्रपति का अभिवादन कर रहे थे। राष्ट्रपति का दो दिवसीय गोरखपुर दौरा अहम है। इस दौरान वह उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समेत तीन प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। उनके इस दौरे से शहर में उत्साह का माहौल है।

## पुलिस टीमों ने बैंकों में चलाया जांच अभियान

**चित्रकूट-** जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में सभी थानों की पुलिस टीमों ने थाना क्षेत्रों के बैंकों व वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बैंक के सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया। साथ ही ड्यूटि में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए एवं सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करने के लिए कहा गया। पुलिस टीमों ने बैंकों में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण कर संचालन का जायजा लिया तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की। इस दौरान बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गई तथा अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया।

# सोनभद्र में विकास पर भ्रष्टाचार का ग्रहण खरहरा टोला गौरघटी में टूटा पुलिया और मजदूरों का शोषण जारी

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र, उत्तर प्रदेश।** जनपद सोनभद्र के चोपन ब्लॉक क्षेत्र में विकास योजनाओं पर भ्रष्टाचार का ग्रहण लगता दिख रहा है। यहां ग्राम पंचायत खरहरा के टोला गौरघटी में तीन महीने पहले ही बनी एक पुलिया पहली ही बरसात में टूटकर बिखर गई है। यह घटना सरकारी दावों की पोल खोलती है और ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। इस घटिया निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, क्योंकि यह पुलिया कई घरों के लिए आवागमन का एकमात्र रास्ता है। गौरघटी के ग्रामीणों के लिए यह पुलिया सिर्फ एक ढांचा नहीं, बल्कि उनकी जीवनरेखा थी। इसके क्षतिग्रस्त होने से बरसात के मौसम में आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। नहर में पानी का स्तर बढ़ने पर स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जिससे लोगों को अपने घरों तक पहुंचने या दैनिक कार्यों के लिए बाहर निकलने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के लिए स्कूल जाना जोखिम भरा हो गया है, और किसी भी आपात स्थिति में यह पुलिया बड़ी चुनौती बन सकती है। इस पुलिया का निर्माण ग्राम पंचायत खरहरा के प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी द्वारा करवाया गया था। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि पुलिया के निर्माण में घटिया सामग्री का खुलेआम प्रयोग किया गया है, जिसके कारण यह पहली ही बारिश का दबाव नहीं झेल पाई और ध्वस्त हो गई। यह सीधे तौर पर निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और मानकों की घोर अनदेखी का मामला है।इससे भी गंभीर बात यह है कि ग्रामीणों ने मजदूरी न मिलने का भी आरोप लगाया है। एक ग्रामीण ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा,हमने इस पुलिया को बनाने में मजदूरी




की, लेकिन आज तक हमें हमारा मेहनताना नहीं मिला। यह आरोप स्थिति को और भी गंभीर बना देता है, क्योंकि यह केवल घटिया निर्माण का ही नहीं, बल्कि मजदूरों के खुलेआम शोषण का भी मामला है। सोनभद्र में मजदूरों के साथ हो रहे इस जबरदस्त दुरुपयोग को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है, मगर शासन और प्रशासन के लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं, जिससे मजदूर दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

मजदूरों का साफ कहना है कि मजदूर की कमाई अधिकारी और ठेकेदार खा रहे हैं उसका मलाई। स्थानीय लोगों का दर्द साफ झलकता है। उनका कहना है कि चुनाव के समय नेता घर आकर सभी के पैर छूते हैं और विकास का गंगा बहाने का वादा करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद विकास का गंगा न बहाकर भ्रष्टाचार का गंगा बहा ले जाते हैं। कितना नेता आए और कितना नेता गए, मगर हालत वही का वही है। स्थानीय लोगों का स्पष्ट कहना है कि हमारे प्रदेश के मुखिया ईमानदार हैं, और उनके नीचे बेईमान हैं।यह घटना स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि निचले स्तर पर जवाबदेही की कमी और पारदर्शिता का अभाव कैसे सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और ग्रामीण विकास में बाधा बन रहा है। चोपन ब्लॉक के अंतर्गत किसी भी निर्माण कार्य में मानकों के विपरीत काम हो रहा है, और गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जनता पूछ रही है कि जनता और सरकार के पैसे का दुरुपयोग किसके संरक्षण में चल रहा है? स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि कोई बाहर की जांच कमेटी इन कामों की जांच करे तो सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के खिलाफ काम देखने को मिलेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल इस मामले का संज्ञान लेने और पुलिया का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। इसके साथ ही, वे इस घटिया निर्माण और मजदूरों के शोषण के लिए जिम्मेदार प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग कर रहे हैं। यह अत्यंत आवश्यक है कि जिला प्रशासन इस मामले की उच्च-स्तरीय जांच कराए, दोषियों को दंडित करे और यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसे विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। ग्रामीणों के मौलिक अधिकारों, उनके सुरक्षित आवागमन, और मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए प्रशासन का दायित्व है कि वह तत्काल ठोस कदम उठाए।

# श्रमिकों को मिलेगा योजनाओं का लाभ, कराएं बोर्ड में पंजीकरण- स्कन्द

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** सहायक श्रम आयुक्त स्कन्द कुमार ने बताया कि जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित परिवारों के वे सदस्य, जो मनरेगा, निर्माण, ईंट भट्ठा, सड़क निर्माण, पेंटिंग, प्लम्बिंग, बढ़ईगिरी, सटरिंग तथा मिट्टी कार्य आदि जैसे 40 प्रकार के श्रम कार्यों में संलग्न हैं, उन्हें उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

पंजीकृत श्रमिकों को बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। पंजीकरण के उपरांत श्रमिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय योजना, मातृत्व एवं शिशु सहायता, कन्या विवाह सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, गंभीर बीमारी में चिकित्सीय व्यय की प्रतिपूर्ति तथा मृत्यु अथवा दिव्यांगता की स्थिति में आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, स्मार्ट क्लास और हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। मातृत्व एवं शिशु सहायता योजना के अंतर्गत 26 हजार रुपये से लेकर 90 हजार रुपये तक की मदद दी जाती है। कन्या विवाह योजना में 55 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। वहीं, शिक्षा प्रोत्साहन योजना में कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के साथ साइकिल क्रय हेतु सहायता दी जाती है। गंभीर बीमारी में इलाज के खर्च की प्रतिपूर्ति तथा दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में 2 लाख 25 हजार से लेकर 5 लाख 25 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

पंजीकरण के लिए इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र अथवा कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए एक पासपोर्ट साइज फोटो, स्वप्रमाणित आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा मोबाइल नंबर साथ ले जाना आवश्यक है। पंजीकरण शुल्क एक वर्ष के लिए 40 रुपये, दो वर्ष के लिए 60 रुपये तथा तीन वर्ष के लिए 80 रुपये निर्धारित है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, विकास भवन परिसर, देवरिया में संपर्क किया जा सकता है।

# स्वर्णकार विवाह मंच के संस्थापक को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** स्वर्णकार समाज द्वारा स्वर्णकार विवाह मंच के संस्थापक और स्वर्णकार महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। इस दौरान बताया गया कि इस बार सम्मेलन में 51 जोड़ों के विवाह किए जाएंगे। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज द्वारा स्वर्णकार विवाह मंच के संस्थापक व संचालक राजकुमार सोनी, सहसंचालक सुनीता सोनी एवं स्वर्णकार महिला उत्थान समिति अध्यक्ष मंजू पंकज सोनी व सुषमा सोनी को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वर्णकार महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष मंजू सोनी ने आगामी 30 नवंबर 2025 को जबलपुर में हो रहे आदर्श विवाह सम्मेलन में सभी को आमंत्रित करते हुए कहा बताया कि सम्मेलन में 51 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इस मौके पर चंद्रपाल सोनी, राम विशाल सोनी, हीरालाल सोनी, रमेश सोनी, उमाशंकर सोनी, अजय सोनी, सुरेंद्र कुमार सोनी, कन्हैयालाल सोनी, राजेंद्र सोनी, मुन्ना सोनी, राममिलन सोनी, राजेश कुमार सोनी, अनिल सोनी, रामू सोनी, लक्ष्मण सोनी, धीरज सोनी, प्रमोद सोनी, आशीष सोनी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चंदापुर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**महराजगंज/ रायबरेली।** न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के मामले में चंदापुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश रायबरेली द्वारा चंदापुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोनार मजरे बघैल मोहब्बत नगर निवासी गंगा राम पुत्र पितई को न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के तहत चंदापुर पुलिस ने धर दबोचा और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मामले में चंदापुर थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी का कहना है कि न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था जिसका अनुपालन करते हुए गंगा राम पुत्र पितई को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर**

**लालगंज रायबरेली** क्षेत्र के निहस्था गांव के निकट रविवार को दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए गालों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया तीनों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। क्षेत्र के जगतपुर बिचकिोरा गांव निवासी संजीव व शिवाकांत पुत्र सुरेश कुमार बाइक से अपने ननिहाल जा रहे थे। जबकि दूसरी बाइक में नंदा खेड़ा गांव निवासी सक्षम वाजपेई पुत्र आलोक बाजपेई निहस्था से अपने गांव की ओर जा रहे थे तभी लाला खेड़ा मोड़ के निकट दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई जिससे तीनों बाइकों पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने अपने वहां से तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पत्नी से मिलने आए युवक को कोल्डड्रिंक में दिया जहर

**अलीगढ़।** थाना टप्पल के गांव नगला बिजना में पत्नी से मिलने आए एक युवक की रविवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक ने मरने से पहले पत्नी पर कोल्डड्रिंक में जहर देने का आरोप लगाया था। गांव दमुआका की एक युवती की शादी सात साल पहले टप्पल के गांव मथना कीलपुर निवासी मेघश्याम से हुई थी। शादी के बाद दंपती में विवाद के बाद कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मेघश्याम के भाई का कहना है कि आज वह अपनी पत्नी से मिलने के लिए गांव नगला बिजना गया था, जहां उसकी पत्नी एक दुकान चलाती है। दुकान पर पहुंचने पर पत्नी ने शोर मचाते हुए दुकान का शटर गिरा दिया और पुलिस को सूचना दी। इस बीच मेघश्याम वहां से गांव जलालपुर पहुंचा, जहां उसकी हालत बिगड़ने पर सीएचसी टप्पल में भर्ती कराया, जहां उसने अपनी पत्नी पर कोल्डड्रिंक में जहर देने का आरोप लगाया। इसके कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी उदयभान सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। युवक ने कोल्डड्रिंक में जहर देने का आरोप लगाया है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### चीनी की बोरी के साथ तीन दबोचे




**अलीगढ़।** थाना महुआखेडा पुलिस टीम द्वारा तीन शातिर चोर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन चीनी की बोरी व अवैध असलाह के साथ घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना महुआखेडा पुलिस टीम ने शिवम शर्मा पुत्र रविन्द्र शर्मा निवासी कुलदीपनगर लेखराज नगर थाना महुआखेडा, होरीलाल पुत्र अमर सिंह निवासी गुरूकरन थाना हरदुआगंज ,नूर मो0 पुत्र अली मो0 निवासी जीवनगढ गली नम्वर एक थाना क्वार्सी को चोरी की हुई तीन चीनी की बोरी, दो अवैध चाकू व एक अवैध तमंचा के साथ घटना में प्रयुक्त टेम्पू बरामद किया है।

# एसडीएम तहसीलदार ने बांढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौड़कर निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात







**बरेली/**नवाबगंज तहसील के सीमावर्ती ग्राम बाहर जागीर अब्दला बडेपुरा अमीर नगर जारपा मोहनपुर गांव उत्तराखंड से आ रही देवहा नदी विकासखंड भद्पुरा के इन ग्रामों में नदी में सैलाब आने के बाद कटान का खतरा बढ़ जाता है जिसके तहत ग्रामीणों को भारी संकट का सामना करना पड़ता है। इस संकट से निपटने के लिए आज एसडीएम उदित पवार तहसीलदार दुष्यंत कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों में जाकर निरीक्षण किया साथ ही वहां के ग्रामीणों से संवाद कर प्रशासन द्वारा दी गई सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया ज्ञात रहे गत वर्ष इसी नदी में आई भयंकर बाढ़ से गांव अमीर नगर को संकट उत्पन्न हो गया था। इसकी भनक लगते ही जिला अधिकारी रविंद्र कुमार मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने बाढ़ नियंत्रण विभाग एवं लोक निर्माण विभाग को निर्देशित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था क्योंकि अमीर नगर गांव लंबे समय तक अपेक्षित ही नहीं रहा बल्कि उसका जनपद से संपर्क ही टूट गया था परंतु स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार ने इस गांव को नदी पर पुल बनवाकर पुनः जनपद में सम्मिलित करने का कार्य किया था।

परंतु नदी में आई सैलाब तो फिर वही स्थिति उत्पन्न हो जायेगी जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने स्वयं मोर्चा सा भला और मिट्टी की दीवार खड़ी करके सड़क को कटने से बचा लिया परंतु यहां पर लोक निर्माण विभाग ने भी कोई सक्रियता नहीं दिखाई साथ ही बाढ़ नियंत्रण विभाग ने भी गांव को कटान से बचने के लिए कोई भी कार्य नहीं कराया गया है। इसी तरह गांव जारपा मोहनपुर भी दो नदियों के बीच स्थित है वर्षा ऋतु में इस गांव का भी अब आगमन बाधित हो जाता है इस गांव के सड़क बनवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य द्वारा शासन से एक करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत करवारकर सड़क डलवाने का प्रयास किया गया परंतु इस गांव के एक खुरपति व्यक्ति द्वारा सड़क को नहीं पढ़ने दिया गया जिसके कारण इस गांव में वर्षा ऋतु आते ही ग्रामीणों को संकट उत्पन्न हो गया है । इसी से निपटने के लिए आज एसडीम नवाबगंज उदित पवार तहसीलदार दुष्यंत कुमार सिंह ने नदी के तटो पर बसे ग्रामों का निरीक्षण कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी है ताकि बरसात में इन ग्रामों को सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### विभिन्न मामलों में आधा दर्जन गिरफ्तार

**अलीगढ़।** एसएसपी संजीव सुमन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अलीगढ़ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण निम्नवत है। थाना पालीमुकीमपुर पुलिस टीम द्वारा जीशान पुत्र गुलफान निवासी ग्राम भुजपुरा चौकी के पीछे मौहल्ला कलवारी थाना कोतवाली नगर,इदरीश पुत्र वन्ने खाँ निवासी मौहल्ला मुल्ला पाडा भुजपुरा थाना कोतवाली नगर को अवैध दो चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना अतरौली पुलिस टीम द्वारा गौरव वैष्णव पुत्र राधेश्याम वैष्णव निवासी बरौलिया टोला थाना अतरौली, को सट्टा लगाते हुए 930 रुपये व एक पैन व एक गत्ता के साथ गिरफ्तार किया गया है। इधर थाना क्वार्सी पुलिस टीम द्वारा जाहिद पुत्र आरिफ निवासी नवेद की टाल वाली गली वहीद नगर थाना क्वार्सी को अवैध एक तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस के साथ किला गेट थाना क्वार्सी से गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना क्वार्सी पुलिस टीम द्वारा इमामुद्दीन पुत्र इब्राहीम निवासी जलालपुर पुलिस चौकी वाली गली थाना रोरावर,अरमान उर्फ बबुआ पुत्र मन्जूर अली निवासी गली न0 03 जीवनगढ थाना क्वार्सी,इमरान पुत्र याकूब निवासी केलानगर पत्थर वाली गली थाना क्वार्सी को चोरी की गई दो पाजेब घुंघरु सफेद धातु, एक जोडी पाजेब चैननुमा सफेद घातु, व एक जोडी पाजेब बच्चे वाली, सफेद धातु व घटना में प्रयुक्त टिर्री के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# परिषदीय विद्यालयों के पेयरिंग को लेकर अभिभावकों ने जताई नाराजगी



स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** कम छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों के पेयरिंग का विरोध तेज होता जा रहा है। सोमवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में संबंधित विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्यों व अभिभावकों ने पेयरिंग से होने वाले नुकसान पर चर्चा करते हुए कहा कि छोटे -छोटे बच्चों को दूर जाने में समस्या होगी और वे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं।

बैठक में नटवाताल से आए अभिभावकों ने पेयरिंग पर कड़ा विरोध करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय में 75 नामांकन है उसके बावजूद इस विद्यालय की पेयरिंग लगभग एक किमी दूर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय से पेयरिंग करना उचित नहीं है। कहा कि रास्ता बांध से होकर जाता है जहां से छोटे बच्चों का जाना जोखिम भरा है। जूनियर में तीन कमरे हैं जहां आठ कक्षाएं कैसे संचालित होंगी। इसी प्रकार मेंहदिया, करमा ,सेमरहना , बसावनपुर आदि ग्राम पंचायतों में स्थित विद्यालयों से जुड़े अभिभावकों ने भी पेयरिंग को बच्चों के हित के विरुद्ध बताया। लोगों ने एक स्वर से मांग किया कि जहां शिक्षकों की कमी है वहां शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। यह पेयरिंग शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 व बाल अधिकार के सर्वथा विपरीत है। परिचर्चा में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों सहित ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोनू यादव, रामकिशुन, गिरीश चंद, हरिराम, अमन कुमार, कुसुम, सोना, ऊषा देवी, नागर चौहान आदि उपस्थित रहे।

# पिकअप ने मारी साइकिल में जोरदार टक्कर 60 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल जिला रेफर

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज/रायबरेली-** सोमवार की सुबह लगभग 6:00 साइकिल से मॉर्निंग वॉक पर निकला एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को अज्ञात अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह साइकिल समेत गहरी खाई में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से तुरंत घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लादकर घायल को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक बाराबंकी जनपद के थाना हैदरगढ़ के गांव लाही बॉर्डर का रहने वाला जानकी प्रसाद ( 60 ) पुत्र राम विशुन पिछले 10 वर्षों से टाउन एरिया महराजगंज के वार्ड नंबर 4 में स्थित एक सर्राफा की दुकान पर काम करता है। आज सोमवार को सुबह लगभग 6:00 बजे वह अपने कमरे से अपनी साइकिल पर सवार होकर मॉर्निंग वॉक पर निकला था। जैसे ही वह टूक गांव के पास पहुंचा ही था, तभी शिवगढ़ की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात पिकअप ने उसकी साइकिल में सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे जानकी प्रसाद साइकिल समेत गहरी खाई में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

आसपास के लोगों और राहगीरों की मदद से उसे खाई से निकाला गया। तत्काल घटना की सूचना एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लादकर घायल को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके शरीर पर गहरी छोटे होने की वजह से बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है यदि परिजनों द्वारा तहरीर मिली तो पिकअप समेत चालक की तलाश कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रैक्टर ने मारी बाइक में जोरदार टक्कर 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल जिला रेफर

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर मोड पर अपनी बुआ के घर जा रहा एक 28 वर्षीय युवक की बाइक में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर दशा में घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े, तत्काल घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लादकर उसे सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना हरचंदपुर क्षेत्र के गांव अडोबर पोस्ट चौहानिया का रहने वाला अमरीश मिश्रा (28) पुत्र उमेश मिश्रा शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ढ़ेकवा पहाड़पुर गांव अपनी बुआ के यहां जा रहा था। जैसे ही वह हसनपुर मोड़ के पास पहुंचा, सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर होकर सड़क पर बाइक समेत गिर गया और उसके जबड़े फटगए। स्थानीय लोग दौड़े, तत्काल घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई।

मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायल को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार होता न देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

परिजनों ने बताया कि, घायल अमरीश मिश्रा का सड़क हादसे में जबड़ा फट गया था। जिसके कारण जिला अस्पताल में 10 टांके अंदर से और 10 टांके बाहर से लगाए गए हैं तथा इलाज के बाद गर्मी अधिक होने के कारण डॉक्टर ने घर जाने की अनुमति दे दी है, और सोमवार को पुनः अस्पताल में जांच करने की बात कही गई है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि, घटना की जानकारी हुई है। यदि परिजनों द्वारा तहरीर दी गई तो ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करी जाएगी।




# वैश्य रक्त वीरों ने बढ चढ कर किया रक्तदान

**● आईवीएफ के स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस और भामाशाह जयन्ती के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को बृजवासी चौरिटेबिल ब्लड बैंक मसानी पर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में वैश्य समाज के लोगों ने बढचढ कर सहभागिता दिखाई। रक्तदान शिविर का उद्घाटन आईवीएफ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, मथुरा वृंदावन महापौर विनोद अग्रवाल तथा कोसीकलां नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल द्वारा संयुक्त रुप दीप प्रज्जवलित कर किया गया। रक्तदान शिविर में सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक रक्तवीरों का तांता लगा रहा। आईवीएफ की महिला ईकाई ने भी शिविर में अपना सम्पूर्ण योगदान दिया। महापौर विनोद अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि वैश्य हमेशा सर्व समाज के लिये अपना हर तरह से योगदान देता आया है और आगे भी अपना योगदान देता रहेगा।



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस और भामाशाह जयन्ती के अवसर पर रक्तदान शिविर में मौजूद संगठन के पदाधिकारी।

मथुरा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन इस बात का प्रमाण है। जिला अध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने बताया की विश्व रक्तदान दिवस 14 जून से आईवीएफ स्थापना दिवस 6 जुलाई तक संपूर्ण भारतवर्ष में सामूहिक रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल जी के आह्वान पर एक लाख यूनिट ब्लड देने का जो बीड़ा उठाया गया है उसी क्रम में आज मथुरा में करीब 160 रक्त वीरों द्वारा रक्तदान किया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविकांत गोयल, प्रदेश सचिव विनोद अग्रवाल, जिला महामंत्री लक्ष्मण खंडेलवाल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगत बहादुर, उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुज सिंघल, प्रदीप अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, यतेंद्र गर्ग, पवन अग्रवाल, सत्येंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष मीरा मित्तल, महानगर अध्यक्ष माधुरी अग्रवाल, महिला जिला महामंत्री नविता अग्रवाल, विनीता खंडेलवाल कोषाध्यक्ष कविता अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अंजली गुप्ता, महानगर महामंत्री वंदना अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अनीता खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष मोहिनी बंसल, शालू अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सुची बंसल आदि लोग उपस्थित थे।

# कॉरिडोर अधिग्रहण को लेकर गोस्वामी समाज का विरोध प्रदर्शन जारी

**● सरीकार का मन बदले इस लिए किया कुंज बिहारी अष्टक पाठ**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध बाँके बिहारी मंदिर के कॉरिडोर और प्रस्तावित न्यास के विरोध में बिहारी जी मंदिर के गेट नंबर 1 पर करीब एक महीने से विरोध प्रदर्शन चल रहा है।अपनी मांग को लेकर गोस्वामी समाज अड़ा हुआ है। सोमवार को गोस्वामी समाज की महिलाओं ने बिहारीजी के अष्टक का पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए कामना की, कि किसी तरह सरकार के दिमाग से कॉरिडोर और न्यास का विचार खत्म हो जाए। पाठ में शामिल हुई ममता गोस्वामी ने बताया कि वृंदावन में सिर्फ अफवाहें फैलाई जा रही हैं की वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का निर्माण हरगू लाल के द्वारा निर्माण कराया गया है जबकि सच्चाई यह है कि बिहारी जी का निर्माण गोस्वामी समाज और उनके भक्तों के द्वारा कराया गया है। सरकार वीआईपी कल्चर को बढ़ावा दे रही है।




कुंज बिहारी अष्टक पाठ करतीं गोस्वामी समाज की महिलाएं।

अयोध्या में राम मंदिर पर भी ममता ने कहा कि कॉरिडोर का सरकार ने निर्माण तो किया है लेकिन उसकी सूरत बदल दी गई है सारे रास्ते धस गए हैं, जल भराव है। रथ यात्रा में वीआईपी कल्चर की वजह से कई लोगों की जान गई और वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में घटित हुई घटना को प्रशासन द्वारा अंजाम दिया गया था, वृंदावन में अतिक्रमण और और जाम की समस्या पर प्रशासन का ध्यान नहीं है सिर्फ कॉरिडोर निर्माण ही मकसद है। राखी ने कहा कि सरकार की मंशा सिर्फ न्यास और मंदिर के कोष पर है। आगे उन्होंने कहा कि जगतगुरु शंकराचार्य ने कहा है कि किसी भी शास्त्र में यह नहीं लिखा है कि सरकार मंदिर में प्रवेश करें। सरकार सिर्फ मंदिर की व्यवस्था कर सकती है, मंदिर का अधिग्रहण नहीं कर सकती। विरोध प्रदर्शन में ममता, पूनम, सुमन, पूजा, भावना, सीमा, मधु, भावना, अर्चना, विमलेश, राखी आदि शामिल थे।

## सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**● डीएम ने कहा-जनपद की रैंकिंग में सुधार लाए अधिकारी, रैंकिंग खराब होने पर होगी कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली,** जनपद के हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास एवं निर्माण कार्यों सहित संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को समय से और गुणवत्तापरक पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंकिंग ठीक नहीं है,नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपने कार्यों की प्रगति में सुधार लाए, जिन विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्यों की प्रगति में संतोषजनक सुधार नहीं किया जाएगा, उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति भी संतोषजनक न होने पर निर्देशित किया गया कि समयबद्ध कार्यों को गुणवत्ता व मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। छात्रवृति व फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाया दिलाया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार,पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किये ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन

**● राज्य की जनता के लिए समृद्धि और खुशहाली की कामना की**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** सोमवार को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने पहुंचे। इससे एक दिन पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री ठाकुर जी के दर्शन करने पहुंची थीं। कॉरिडोर निर्माण की विधवत घोषणा के बाद वृंदावन में भाजपा नेताओं का आमन तेज हो गया है। भाजपाईयों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद मंदिर परिसर में सेवाधिकारी ने विधिवत पूजा अर्चना कराकर ठाकुरजी की प्रसादी अंगवस्त्र और छप्पन भोग प्रसाद भेंट किया। एकदिवसीय कार्यक्रम के दौरान वृंदावन पहुंचे वित्त मंत्री ने भारत के लिए शांति की कामना की। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के लिए वृंदावन विशेष महत्व रखता है और ठाकुर बांके बिहारी में लाखों लोगों की आस्था है और वृंदावन आस्था का केंद्र भी है। बिहारी जी के दर्शन करने के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना मथुरा के लिए रवाना हो गए।



उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करते हुए।

शाहजहांपुर से लगातार नौवीं बार विधायक निर्वाचित हुए खन्ना के सम्मान में वेटनरी विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विधायक मेघश्याम सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने सुरेश कुमार खन्ना को पारंपरिक दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री खन्ना ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिसर में वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों और संस्कृति के प्रतीक हैं। श्री खन्ना ने कहा यदि प्रत्येक नागरिक एक वृक्ष अपनी माँ के नाम लगाए, तो यह न केवल मातृशक्ति के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरित और स्वस्थ भविष्य की सौगात भी मिलेगी। श्एक पेड़ माँ के नामश् जैसा अभियान सामाजिक चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को एक साथ जोड़ने का प्रयास है। इस अवसर जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह, पूर्व विधायक सरदार सिंह, महानगर मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, हरिओम शर्मा, अंकुर अग्रवाल, पवन हिंडोल, पार्षद अंकुर गुर्जर, पार्षद हनुमान पहलवान, ललित गौतम, बृजेश अहेरिया, धर्मेश नौहवार, लोकेश निषाद, अमित पाठक, सुधांशु खंडेलवाल, विक्रम आदि मौजूद थे।



उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना पौधा रोपण करते हुए।

## वृक्ष काटने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अलीगढ़।** थाना गभाना क्षेत्र के गांव पैराई में पुलिस चौकी के निकट खेत पर दो लकड़ी के ठेकेदार अवैध रूप से सरकारी वृक्षों को काट रहे थे। जिसके चलते गश्त कर रही पुलिस ने दोनों को रोका तो पुलिस को देखकर दोनों ही लोग भाग खड़े हुए । दोनों लकड़ी के ठेकेदार वन विभाग की बिना अनुमति के वृक्षों को काटकर ले जा रहे थे। जिस पर वनरक्षक हेमेंद्र सिंह ने दोनों लकड़ी ठेकेदार के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। **क्या कहता है नियम** केंद्र सरकार कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियमों को जारी किया है। इसके तहत पेड़ कटाई के लिए पर्यावरण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय इमारती लकड़ी प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना जरूरी कर दिया गया है. 10 पेड़ तक की कटाई के लिए पहले से अनुमति लेनी होगी और कटाई के बाद ठूंठ की फोटो पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी. नियम उल्लंघन करने पर जेल हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 वर्षीय बालिका द्वारा द्वारा फांसी के फंदे पर लटक कर किया आत्महत्या



**भदोही** सुरियावा दिनांक 30 जून 2025 सोमवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाली चौकी के अंतर्गत ग्राम सभा वारी निवासीसाधना बिन्द पुत्री सिकंदर बिन्दु उम्र लगभग 14 वर्ष द्वारा घर के अंदर लगे पंखे में साड़ी का फंदा पर लटक कर आत्महत्या कर लिया हत्या का कारण अज्ञात बताया जा रहा है जिसकी सूचना स्थानीय लोग द्वारा पाली चौकी व थाना सुरियावां को को दिया गया सूचना पाकर थाना अध्यक्ष सुरियावां अजीत कुमार श्रीवास्तव तत्काल मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी को उतरवा कर फील्ड यूनिट के माध्यम से करवाई करवाते हुए पोस्टमार्टम हाउस ज्ञानपुर को भिजवाया तथा विधिक कार्यवाही प्रचलन में है।

### श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर की गई छापेमारी

दुकानदार एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान अधिष्ठानके लोगों में दिखा अफरा तफरी



**भदोही** दिनांक 30,06,, 2025 को श्रम विभाग के मयंक मिश्रा श्रम प्रवर्तन अधिकारी भदोही एवं प्रभारी ahtu इंद्र भूषण यादव के नेतृत्व में भदोही स्थित लगभग 02,दर्जन दुकानों एवं वाणिज्य प्रतिष्ठानों/अधिष्ठानों पर बाल/किशोर श्रमिक चिन्हांकन अभियान चलाया गया जिसके तहत कई जगह छापेमारी/जांच की कार्रवाई की गई अभियान के दौरान एक प्रतिष्ठान भदोही से एक बाल/किशोर श्रमिक को चिन्हित किया गया है। चिन्हितकरण के पश्चात बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के अंतर्गत प्रतिष्ठान के नियोजक के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अधिनियम के अंतर्गत की जाएगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी भदोही ने बताया कि आगे भी इसी तरह का संयुक्त अभियान चालू रहेगा। इस अभियान टीम में हेड कांस्टेबल पप्पू राव, हेड कांस्टेबल राम किशोर, महिला कांस्टेबल सुनीता यादव वीरेंद्र यादव इंद्रजीत तिवारी दीपक मौर्य रहे।

### 04 पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई विदाई



**मीरजापुर।** सोमवार को "सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर स्थित सभागार कक्ष में पुलिस विभाग में निरन्तर सेवा प्रदान करते हुए अपनी अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 04 पुलिस कर्मियों को विदाई दी गयी । सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मी 1. उप निरीक्षक ना0पु0 रामचीज तिवारी, 2. उप निरीक्षक ना0पु0 शिवजी यादव, 3. उप निरीक्षक ना0पु0 अनिल कुमार सिंह व 4. आरक्षी ना0पु0 विजय शंकर सिंह को विदाई समारोह में पुष्प माला पहनाकर, अंग वस्त्र, छाता व मोमेंटो भेंट करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके सुखद, सफल एवं आनन्दमय भावी जीवन की कामना की गई।

### हृदयाघात से ट्रक चालक की मौत

**मीरजापुर।** सोमवार को थाना राजगढ़ पर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक चालक जिसकी ट्रक का नंबर UP-70 GT- 3983 मृत अवस्था में न्यू शिखर ढाबा बघौड़ा के पास मिला है। उक्त सूचना प्राप्त होने पर पुलिस की टीम मय उच्चाधिकारी तथा फील्ड यूनिट मौके पर तत्काल पहुँच गयी। ट्रक चालक नसरत पुत्र नसीरुद्दीन निवासी खरवई थाना देल्हूपुर प्रतापगढ़ (39) वर्ष को ट्रक खलासी के साथ तत्काल छ्याष्ट राजगढ़ लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक परीक्षण के बाद मृत्यु हृदयाघात से होना प्रतीत होना बताया गया। तत्पश्चात मृतक के परिवार वालों को सूचित कर दिया गया। मृतक के परिवार द्वारा पोस्टमार्टम करवाने हेतु मना करने पर पुलिस द्वारा सहानुभूतिपूर्वक समझाया गया कि पोस्टमार्टम की प्रकिया आगे की कार्यवाही हेतु आवश्यक है। तदुपरांत परिवारजन की सहमति के क्रम में शव को पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। मौके पर कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत भदोही पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

● महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत श्री अभिमन्यु मांगलिक ,पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्काड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्काड टीम द्वारा मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई। बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं /बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/ बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। साथ ही सभी बालिकाओं/महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता



हेतु महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही एंटी रोमियो स्क्काड द्वारा आसपास बेवजह घूम रहे युवकों/शोहदों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

## पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

● प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-30.06.2025 को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़, मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल के प्रेमापुर व रामगढ़ मे पार्टी के पुराने और आधार कार्यकर्ताओं जिनके बल पर दो सांसदों वाली पार्टी आज पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली पार्टी बनी ऐसे कर्मयोगी कार्यकर्ताओं का उनके आवास पर जाकर सम्मान किया और उनका हाल जाना गया इस अवसर पर पूर्व महामंत्री विकास पति त्रिपाठी वरिष्ठ नेता मारकंडेय सिंह, कार्यक्रम संयोजक



शिव प्रसाद द्विवेदी, नीरज पांडे, दिनेश मिश्रा, प्रत्युष त्रिपाठी, शिवम पांडे, ज्ञानधर शुक्ला, सर्वेश सिंह, सुनील पाल, प्रेमचंद साहनी गौरव पांडेय, अखिलेश सिंह, प्रमोद सिंह, हिमांशु पांडेय, मोनू दुबे, आदर्श उपाध्याय, रवि पाठक, सुरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का विशेष अभियान

● बैंकों, बाजारों और चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की कड़ी जांच

बैंकों के सीसीटीवी व अलार्म सिस्टम की बारीकी से जांच

स्वतंत्र प्रभात

जनता को दिलाया भरोसा- "आप सुरक्षित, हम चौकस!" दिनांक-30.06.2025 को जनपद भदोही में आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिकके कुशल निर्देशन में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में सभी क्षेत्राधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी और पुलिस की चुस्त-दुरुस्त टीमों द्वारा सक्रिय रूप से कार्यवाही करते हुए बैंकों, सर्राफा



बाजारों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण किया गया व बैंकों और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की गहन तलाशी ली। बिना नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी गई और वैध कागजात न दिखाने वालों के खिलाफ तत्काल चालान की कार्रवाई की गई।

सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम की कार्यक्षमता की जांच की गई। साथ ही, शाखा प्रबंधकों के





पीड़ित परिवार ने विधायक पाण्डे का जताया आभार

साथ संवाद कर सुरक्षा उपायों को और प्रभावी बनाया गया। बैंक परिसर में बेवजह मौजूद व्यक्तियों को हटाया गया और संदिग्धों से सख्ती के साथ पूछताछ कर सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया गया।

## पक्के रास्ते भी हो जातें हैं खराब, जब सड़कों पर होता है जल भराव

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** विकास खण्ड-जमालपुर, मीरजापुर में इस समय बरसात के मौसम में जलालपुर चौराहे से गोबिंदपुर, भदावल, ओड़ी होते हुए रामपुर तक जाने वाले मार्ग पर लेपन का कार्य चल रहा है।इसी क्रम में इस समय ग्राम-ओड़ी भदालल के बीच सड़क पर लेपन का कार्य किया गया और चौबीस घंटे बाद ही बारिश हो जाने से सड़क पर जगह-जगह पानी भरने से कोलतार का लेपन उखड़ गया और पुनः सड़क गड्ढा युक्त कीचड़ भरे मार्ग में तब्दील हो गया।यह जानते हुए भी कि बरसात में अलकतरा नहीं पकड़ेगा, फिर भी सड़क विभाग द्वारा सड़क पर लेपन का कार्य किया गया, जो सर्वथा गलत है। सड़क विभाग द्वारा इस तरह से सरकारी धन के बर्बादी के पीछे का क्या मकसद है, कुछ कह नहीं सकते।अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर



सड़कें पानी लगने के कारण ही समय से पहले खराब हो जाती है, इसलिए सड़क निर्माण से पहले सड़कों पर पानी न लगे यह सुनिश्चित करने की जरूरत है।

पहले विभाग में बेलदार, मेठ, मुन्शी आदि कर्मचारी लोग रहते थे, जो पुरे बरसात भर सड़कों की निगरानी करते थे, लेकिन वर्तमान शासन में विभाग के पास बरसाती मौसम में सड़कों पर यहां- वहां लगे हुए पानी के निकासी की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। लिहाजा अन्न दाता मंच शासन से मांग करता है कि सड़क विभाग सड़कों पर पानी न लगे यह सुनिश्चित करने के बाद ही लेपन का करायें तथा बरसात के मौसम में विभाग आवश्यक श्रमिक लगा कर सभी सड़कों पर एकत्रित पानी के निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें,तभी सड़कों की लाइफ लम्बी हो सकती है,अन्यथा सड़क पर सीमेंट भी ढलवां देंगे तब भी ज्यादा दिन सड़क चलने वाला नहीं है।

## श्री जगन्नाथ रथ-यात्रा महोत्सव का भव्य समापन समारोह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** श्री ठाकुर राम कुमार मंदिर प्रांगण में भगवान जगन्नाथ के भव्य श्रृंगार एवं पूरे मंदिर की आकर्षक सजावट की गई प्रातः विष्णु सहस्त्र नाम जप से विशेष पूजन अर्चन किया गया, तपश्चात यज्ञ का आयोजन किया गया, एवं मृत्युंजया नन्द जी महाराज द्वारा जगन्नाथ जी की कथा एवं भजन प्रस्तुत किया गया ट्रस्टीगणों द्वारा श्री जगन्नाथ रथ-यात्रा में विशेष सहयोग एवं अपना अमूल्य योगदान देने वाले को प्रशस्ति-पत्र एवं माल्यापर्ण कर स्वागत किया सम्मान कार्यक्रम के उपरान्त महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमे महाप्रभु को चावल, कड़ी, खीर, कचौड़ी,सब्ज़ी,मिठाई का विशेष भोग लगाकर भक्तों मे वितरित किया गया, इस अवसर पर जगन्नाथ प्रसाद के भंडारा का भी आयोजित हुआ जिसमें हजारो की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका के अध्यक्ष



श्यामसुन्दर केशरी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजु कनौजिया मनोज जायसवाल संरक्षक रवि शंकर साहू गौरव ऊमर ,सुमित अरोरा, रूपनारायण अग्रहरी, पवन उमर, गौरव बरनवाल जी, राहुल जैन, अंकित धवन, अश्वनी गुप्ता, शेखर केसरवानी, गोपाल केसरवानी मुन्ना केशरवानी, शुभम मिश्रा, दिव्यांश अग्रवाल अनूप गुप्ता, राज माहेश्वरी, अमित श्रीनेत एवं महिला मण्डल जिसमे सीमा खत्री जी, जहान्वी कसेरा दीपा उमर जी, उमा बरनवाल जी, सुमन यादव जी, उपस्थित रही। ट्रस्टी अध्यक्ष श्याम बिहारी खण्डेलवाल, राकेश गुप्ता, ललित मोहन खण्डेलवाल द्वारा रथ- यात्रा प्रभारी बृजेश गुप्ता एवं प्रबंध समिति के सयोजक राहुल चन्द्र जैन को सम्मानित किया गया।

## गुप्त नवरात्र के पवन पर्व पर प्रतिदिन पांच अर्चकों द्वारा संगीतमय माँ गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है

स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल।** मंगला आरती एक अर्चक द्वारा प्रतिदिन प्रातः काल माँ विंध्यवासिनी पक्का घाट विन्ध्याचल में विन्ध्य विकास परिषद के तत्वाधान में मां गंगा की भव्य मां गंगा की महाआरती का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। आदिशक्ति महारानी माँ विन्दुवासिनी का धाम है यही माँ विंदु की अधिष्ठात्री देवी है जिस प्रकार विंदु के बिना एक रेखा का सृजन नहीं हो सकता उसी प्रकार आदिशक्ति महारानी विन्दुवासिनी जिसे विन्ध्य पर्वत निवासिनी विन्ध्यवासिनी भी कहते है उसके बिना इस सृष्टि की परिकल्पना नहीं कि जा सकती माँ ही त्रिदेव की जननी है। माँ के इस विन्ध्य धाम में तीन विंदु एक समान दूरी पर तीन महा शक्तियों के साथ एक दुर्लभ त्रिकोण महा लक्ष्मी महा कालीऔर महा सरस्वती की शक्ति के साथ बनाती है जो यहाँ यात्रा करनेवाले यात्रियों को त्रिकोण दर्शन से जहाँ उनके जीवन के असंतुलन को संतुलित करने का काम करती है वहीं यहाँ प्रवाहित भागीरथी गंगा चौथी शक्ति के रूप में इस धाम को दुर्लभ बना एक जीवनदायनी शक्ति प्रदान करती है।

विन्ध्य गंगा के महात्म पर प्रकाश डाले तो माँ गंगा ही है जो विन्ध्याचल धाम को इस धरा पर एक दुर्लभ तिर्थ बनाती है। क्यों की गंगा के गंगोत्री से गंगा सागर की पूरी अथक यात्रा को यदि देखें तो यही पर गंगा ने विश्राम किया है जिसका वर्णन विंध्यखण्ड की कथा औषनश उप महा पुराण में आया भी है जहाँ माँ गंगा ने पाण्डू देश के राजा पुण्यकृति को कहा है की विन्ध्याचल हमारा निवास स्थान है यहाँ मैं विशेष रूप से पाप का शमन करती हूँ यहाँ कोई मुझे सिर्फ अपनी नंगी आँखों से बस निहार ले तो मैं उसके सात जन्म के पाप नष्ट कर देती हूँ। क्यों कि इसी धाम में गंगा का संगम विन्ध्य पर्वत से हुआ



है यहाँ माँ विन्ध्य पर्वत श्रृंखला के ऊपर से बही जिससे विन्ध्यपर्वत ने भगवती गंगा को अपनी सम्पूर्ण अथक यात्रा में थोड़ा विश्राम करनें का अवसर प्रदान किया। जिसका प्रमाण यहाँ शिवपुर का रामशिला है जहाँ त्रेता युग में स्वयं भगवान राम ने आकर विन्ध्य गंगा के संगम पर अपने पितरों का पिण्ड दान किया जिसके बाद उसे राम गया के नाम से जाना जाने लगा।

विन्ध्य धाम का विन्ध्य गंगा का संगम ही इसे मणिद्वीप बनाता है भारत वर्ष के सम्पूर्ण शक्ति पीठों में विन्ध्याचल ही एक मात्र ऐसा शक्तिपीठ है जिसे भगवती पतित पावनी गंगा स्पर्श करती और इस धाम को ईसी स्पर्श से सिद्धिपीठ बना देती है। विन्ध्यपर्वत श्रृंखला से निकलने वाली दो नदियों ने भी इस धाम में गंगा के साथ संगम कर दुर्लभ तीर्थ बना दिया एक नदी है कर्णावती जिसका संगम गंगा से जहाँ हुआ है उस संगम तट पर स्नान करना ब्रह्महत्या जैसे महापाप को नष्ट करने वाला है यहीं त्रेता युग में रावण के वध से लगे महापाप से मुक्ति के लिए स्वयं भगवान श्री राम ने भी कर्णावती गंगा संगम तट पर स्नान किया। एक और नदी जिसे औघजला नदी कहते है उसका भी यहाँ गंगा से संगम हुआ है उसी संगम तट पर वामन भगवान का मंदिर है इस संगम तट पर स्नान से समस्त पाप नष्ट होते हैं और एक अश्वमेघ यज्ञ के फल की प्राप्ति होती है ऐसी हमारी पौराणिक मान्यता है। यहा पर माँ गंगा चन्द्रमा अकार मे है जिस गंगा घाट पर माँ गंगा की दैनिक आरती होती है उसे विन्ध्य धाम में माँ विन्ध्यवासिनी पक्का घाट के नाम से जाना जाता है यहीं माँ के लक्ष्मी कुण्ड विद्यमान है जहाँ माँ राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माँ विन्ध्यवासिनी प्रतिदिन स्नान करने आती है ऐसी मान्यता है व दैनिक चारों आरती में होने वाले माँ के स्नान के चरणों का जल त्रिदेव की मूर्तियीं को स्नान करा कर सम्पूर्ण शक्ति के साथ माँ गंगा से जिस स्थल पर गिरता है उसे लक्ष्मी कुण्ड कहतें हैं वो विन्ध्याचल के माँ विन्ध्यवासिनी पक्का घाट पर स्थित है जहाँ माँ गंगा की दैनिक आरती लगभग पंद्रह वर्षों से होने वाली भव्य आरती दर्शन से भक्तों को माँ विन्ध्यवासिनी की सम्पूर्ण शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर भक्त सम्पूर्ण आनंद की प्राप्ति करता है।

## ग्राम रोजगार सेवक का नही मिला 9 महिने से मानदेय

● मानदेय का आश लगाए बैठे हैं रोजगार सेवक

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया मिर्जापुर।** सोमवार हलिया विकासखंड में कार्यरत रोजगार सेवको का मानदेय ना मिलने से रोजगार सेवक परेशान होकर रोड पर टहल रहे हैं रोजगार सेवको के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि 9 महीने से रोजगार सेवक का मानदेय नहीं मिला है जिससे भुखमरी के कगार पर है रोजगार सेवकों के बच्चों का एडमिशन नहीं हो पा रहा है ब्लॉक का सेवा करते-करते पलायन करने मे मजबुर है साथी साथ ब्लाक अध्यक्ष ने बताया की रोजगार सेवकों के बच्चों का ना तो दवा हो पा रहा है ना तो कापी किताब की व्यवस्था हो पा रहा है रोजगार सेवक सिर्फ अपनी ड्यूटी समय पर कर रहे हैं मानदेय के लिए रोजगार सेवक परेशान है इसी के कारण तमाम रोजगार सेवक नौकरी छोड़ चुके है। रोजगार सेवक मे अनिल कुमार तिवारी राजेश विश्वकर्मा अखिलेश कुमार राजेश प्रसाद मिश्रा मुनेश कुमार पाडेय विनिता सिह अनोज कुमारी अमद रजा सहित रोजगार सेवक मानदेय का माग किया।

## जिलाधिकारी जनप्रतिनिधिगण के साथ बैठक कर सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आमजनो की शिकायतो को लेकर समस्याओं को सुना। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, सांसद राज्यसभा अरूण सिंह के प्रतिनिधि धंनजय पाण्डेय, विधायक नगर के प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल, विधायक चुनार के प्रतिनिधि आलोक सिंह उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओम प्रकाश सिंह ने जनप्रतिनिधिगण के द्वारा अपने क्षेत्र के उठाए गए समस्याओ को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को तवरित निस्तारण निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिनिधिगण



के द्वारा उठाए गए समस्यो को प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाएगा।

## चौकी प्रभारी (कस्बा) उदय नारायण को दी गई भावभीनी विदाई

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मिर्जापुर।** चुनार कोतवाली में कस्बा चौकी प्रभारी के पद पर कार्यरत उदय नारायण कुशवाहा का तबादला गैर जनपद संत रविदास नगर भदोही हो जाने पर सोमवार को कोतवाली परिसर चुनार में उनके विदाई समारोह का आयोजन हुआ। बिदाई समारोह में उपस्थित लोगों ने बताया कि कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण कुशवाहा का कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा। वे जनता में काफी लोकप्रिय रहे। उदय नारायण कुशवाहा ने सहयोग के लिए नगर के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य, अपराध निरीक्षक सत्येंद्र यादव, चक गंभीर चौकी प्रभारी हरिशंकर यादव, उप निरीक्षक श्री भगवान ,हेड दीवान जुग्गी लाल, हेड कांस्टेबल राजेंद्र मौर्या, कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह, धनराज यादव, बचाऊ लाल सेठ,



अभिलाष राय, दीपक कुशवाहा चेतनारायण मौर्य, मोनू पांडेय, आशीष बिंद , सुनील कुशवाहा अनिल मिश्रा सहित स्थानीय पुलिस कर्मी व नगर के लोग उपस्थित रहे।

## ट्रांसफर एंट्री के नाम पर जिला सहकारी बैंक पर की जा रही है किसानों से 5 परसेंट वसूली

**हलिया मिर्जापुर।** सोमवार हलिया क्षेत्र के किसानों से ट्रांसफर एंट्री के नाम पर जिला सहकारी बैंक पर की जा रही है 5त्न की वसूली किसानों ने बताया कि साल में एक बार किसान ऋण सीमा बनवाकर अपनी किसानी करते हैं जिसमें उनका खाद कुछ पैसा मिलता है इसी का लाभ उठाते हुए जिला सहकारी समिति व जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों के द्वारा जमकर कमीशन खोरी किया जाता है इस समय किसानों का सीजन चल रहा है जिसमें पूरी तरह से किसानों को घुमा फिरा कर कमिशन लिया जा रहा है जिससे किसानों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि जिला सहकारी समिति के कर्मचारियों के द्वारा बिना कमीशन लिए ऋण सीमा नहीं बनाया जा रहा है जिससे किसान खाद लेने में असमर्थ रहते हैं जब किसान कमीशन देंगे तभी उनका ऋण सीमा बढ़ाया जाएगा किसानों ने जिला प्रशासन का ध्यान जिला सहकारी बैंक के तरफ दिलाना चाहते हैं कि जहां पर कमीशन खोरी का धंधा तेजी से चल रहा है वहां पर जिला प्रशासन किसानों को राहत दिलाए जिससे किसान सुरक्षित रह सके।

# संक्षिप्त खबरें

## एसटीएफ प्रयागराज यूनिट टीम की सफलता जारी

**फिर एक बार 50 हजार रुपए इनामिया शातिर को किया गिरफ्तार।**



**प्रतापगढ़** के दिलीपुर थाना क्षेत्र स्थित खमपुर गांव निवासी गुरफान उर्फ छंगू पुत्र आबाद उर्फ औलाद के खिलाफ पट्टी थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। साथ ही उसके खिलाफ 7 सीएल एक्ट की भी कार्रवाई की गई है। वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। जिस हर हाल में गिरफ्तार करने के लिए प्रयागराज एसटीएफ को कमान सौंप गई। सीओ शैलेश प्रताप सिंह और एसटीएफ फील्ड इकाई प्रयागराज के पर्यवेक्षण निरीक्षक जय प्रकाश राय के नेतृत्व में टीम गठित की गई। सोमवार सुबह जरिए मुखबिर की सटीक सूचना पर उक्त 50 हजार इनामिया को पट्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलियन नहर पुलिया के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, मुख्य आरक्षीगण साबित अली, प्रभंजन पांडेय, अजय सिंह यादव व मुख्य आरक्षीगण एवं चालक राम लखन पाल शामिल रहे। गिरफ्तार किए गए शातिर को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। जहां उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चालान कर दिए।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर के मण्डलीय प्रशिक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में सोमवार को कैम्प कार्यालय में जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर के मण्डलीय प्रशिक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उप निदेशक पंचायत सतीश कुमार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम यथा- ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनान्तर्गत महत्वपूर्ण घटकों की जानकारी, पंचायत कल्याण कोष, स्वच्छ भारत मिशन, कम्प्यूटर उपकरण की जानकारी, एलएसडी प्रशिक्षण, ओरिएंटेशन, ओएसआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाना है, जिसके तहत जनपद कौशाम्बी के 144, प्रयागराज के 414, प्रतापगढ़ के 306 एवं जनपद फतेहपुर के 234 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाना है। इसके साथ ही 4 दिवसीय पंचायत सहायकों का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जायेगा। मण्डलायुक्त ने प्रशिक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना बनाकर प्रशिक्षण कार्यक्रम को गुणवत्ता के साथ सम्पन्न कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त, मण्डल के सभी जनपदों के जिला पंचायतीराज अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीम आर्मीके104 दंगाइयों पर FIR 52 नामजदजेल भेजे गए



**प्रयागराज।** करछना में भीम आर्मी द्वारा किए गए तांडव में कुल 104 दंगाइयों पर एफ आई आर दर्ज की गई है जिसमें 52नामजद लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। बता दे कि कल भीम आर्मी के अध्यक्ष चन्द्र शेखर रावण की करछना थानेमें एक गांव में जाना चाहते थे जहां पर एक महिलाको जलाकर मार डाला गया था लेकिन पुलिस न कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें सर्किट हाउस में हाउस अरेस्ट कर दिया गया था जिससे आक्रोशित होकर उनके समर्थक जिनकी संख्या हजारोंमे थी जबरदस्त बवाल किया था।जिसमे पुलिस की कई गाड़ियां तोड़ दी गई थी पथराव से अनेक आने जाने वाले तथा पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। इससे आवागमन कई घंटे तक ठप्प रहा।

# फूलपुर से नाबालिग हिंदू किशोरी को भगाने के मामले में नया मोड़

● **निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** थाना फूलपुर- हिंदू नाबालिग लड़की को मुस्लिम सहेली और उसके ब्वॉयफ्रेंड के जरिए दिल्ली भगाने के मामले ने अब गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा का रंग ले लिया है। सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियां अब इस प्रकरण में आतंकी एंगल की भी जांच कर रही हैं। जिन नंबरों से किशोरी के परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई, और जिस नेटवर्क से लड़की को दिल्ली के त्रिनगर कैंप तक पहुंचाया गया- उन सब पर खुफिया नजर लगी है।

धमकी, अपहरण, जातिसूचक गालियां देने की धाराएं एफ आई आर में शामिल है। और आरोपी- दरक्शा बानो, गुनगुन उर्फ बानो, और मोहम्मद कैफनामजद अभियुक्त है। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस उपायुक्त गंगानगर जोन ने बताया कि पीड़िता की मां गुड्डी देवी ने थाने में सूचना दिया था कि, 8 मई को एक बारात में मेरी लड़की देखने गई थी जहां उसकी एक सहेली दरख्शा ने उसको बहका हौसला कर फुसलाकर अपने प्रेमी मोहम्मद कफ कैफ के इशारे पर लेकर के भाग गया और प्रयाग स्टेशन तक दोनों को मोहम्मद कैफ मोटरसाइकिल से पहुंचा भी था दोनों जब दिल्ली स्टेशन पर पहुंचे तो दिल्ली कीपुलिसप्र दिल्ली पुलिस ने संदिग्ध स्थिति में दोनों से पछताछ की।

दिल्ली पुलिस ने लड़की को पकड़ा, किशोरी ने बयान में कहा -"मैं दरक्शा और कैफ के पास जा रही थी।वहां से कैफ ने उसे केरल में भेज दिया जहां कैफ और दरखशा कुछ अजनबी लोगों के पास ले गई जो उसे धर्म परिवर्तन करने और लव जेहाद में शामिल करना चाहते थे उसके लिए अच्छी खासी रकम देने का लालच दिया गया लेकिन लड़की डर गई और वह किसी तरह से उनके चांगो से स्टेशन पर भाग वहां की पुलिस से बताया वहां की पुलिस ने फूलपुर पुलिस को सूचना द और लड़की को चाइल्ड होम में सुरक्षित रख दिया।। पुलिस उपायुक्त नेबताया की फूलपुर pulish तुरंत घर वालों से संपर्क किया और उनका साथ लेकर केरल गए और 28 तारीख को लड़की बरामद कर फूलपुर ले आए तथा मुकदमा पंजीकृत करके मोहम्मद कैफ और तड़कता



को गिरफ्तार कर लिया शेष उनके गिरोह के बचे हुए लोगों की गिरफ्तारी करने के लिए टीमों का गठन किया।

**पुलिस को आशंका है पुलिस में आशंका व्यक्त की है कि** क्या यह सिर्फ लव जिहाद है या आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा नेटवर्क? इसी को ध्यान में रखते हुए मोबाइल डिवाइसेज़, कॉल रिकॉर्ड्स और सोशल मीडिया चैट्स की डिजिटल फोरेंसिक जांच शुरू कर दिया है। इस घटना को सुनकर हिंदू संगठनों का फूटा गुस्सा फूट गया और अन्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांगकी है। इस घटना को लेकर लिलहट गांव में तनाव,व्याप्त है।सुरक्षा व्यस्था के लिए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

# जस्टिस ललित, संजीव खन्ना और मैंने इस धारणा को दूर करने का प्रयास किया है कि सुप्रीम कोर्ट 'सीजेआई का न्यायालय' है

● **सीजेआई बीआर गवई**

**स्वतंत्र प्रभात**



**प्रयागराज।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने हाल ही में इस धारणा को दूर करने का प्रयास किया कि सर्वोच्च न्यायालय "मुख्य न्यायाधीश का न्यायालय" है, उन्होंने कहा कि यह सभी निर्णयों का न्यायालय है।इस बात पर जोर देते हुए कि सर्वोच्च न्यायालय के प्रशासनिक निर्णय पूर्ण न्यायालय द्वारा लिए जाते हैं, न कि केवल मुख्य न्यायाधीश द्वारा, मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्तियों, विशेषकर न्यायमूर्ति यू.यू. ललित और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा इस धारणा को दूर करने के लिए किए गए प्रयासों का अनुसरण कर रहे हैं कि सर्वोच्च न्यायालय, मुख्य न्यायाधीश का न्यायालय है। न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति ललित की तरह मैं भी इस सिद्धांत में दृढ़ विश्वास रखता हूं कि मुख्य न्यायाधीश केवल "समानों में प्रथम" होता है, न कि "सर्वोच्च न्यायालय का मास्टर"।

सीजेआई गवई ने शनिवार को नागपुर में अपने गृहनगर नागपुर के हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कहा, "यह धारणा बढ़ती जा रही है कि सुप्रीम कोर्ट सीजेआई का न्यायालय है, सभी न्यायाधीशों का न्यायालय नहीं है। लेकिन मुझे गर्व के साथ कहना चाहिए कि जस्टिस ललित और खन्ना और यहां तक कि मैंने भी इस धारणा को दूर करने का प्रयास किया है।"

उन्होंने अपने भाषण में बताया कि जस्टिस खन्ना के सीजेआई का पद संभालने के तुरंत बाद फुल कोर्ट मीटिंग हुई थी। इसी तरह उन्होंने सीजेआई बनने के बाद भी फुल कोर्ट मीटिंग की और सभी की राय ली। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिए गए कुछ प्रशासनिक फैसले फुल कोर्ट के हैं, न कि अकेले सीजेआई के।

उन्होंने कहा, "जस्टिस खन्ना की तरह, सीजेआई के रूप में पदभार संभालने के बाद, मैंने भी एक "पूर्ण-न्यायालय" बैठक की और सभी की राय को ध्यान में रखते हुए कुछ निर्णय लिए। 15 मई, 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा कुछ निर्णय लिए गए और वे पूरे सुप्रीम कोर्ट के थे, न कि सीजेआई गवई के।"

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल गलियारों में लगाए गए कांच के पैनल हटा दिए। कोर्ट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया कि यह निर्णय पूर्ण न्यायालय द्वारा लिया गया था, जिसमें बार द्वारा उठाई गई शिकायतों के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट की "मूल भव्यता" को बहाल करने की आवश्यकता को ध्यान में रखा गया था।

अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि न्यायिक सक्रियता की आवश्यकता अन्य शाखाओं की विफलता के कारण उत्पन्न हुई।उन्होंने कहा, "मैंने हमेशा महसूस किया है कि न्यायिक सक्रियता आवश्यक है, क्योंकि जब भी विधायिका की कार्यपालिका विफल होती है, तो न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों के संरक्षक के रूप में आगे आना पड़ता है। मुझे यह भी लगता है कि तीनों शाखाओं को उन्हें आवंटित क्षेत्रों में काम करना चाहिए। हालांकि, न्यायिक सक्रियता हमेशा बनी रहेगी, लेकिन इसे कभी भी न्यायिक दुस्साहस या न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलना चाहिए। मैं अब भी उन्हीं सिद्धांतों में विश्वास करता हूं।"

मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि न्यायाधीश का पद कोई नौकरी नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की सेवा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा स्वयं को एक छात्र की भूमिका में रखा है और अपने आस-पास के सभी लोगों से सीखा है।

मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि न्यायिक नियुक्तियों के मामले में कॉलेजियम पारदर्शिता बरतने तथा वरिष्ठता और योग्यता को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।उन्होंने कहा, " हम पारदर्शिता का पालन कर रहे हैं, हम उम्मीदवारों के साथ बातचीत कर रहे हैं और हम पाते हैं कि बातचीत से परिणाम सामने आते हैं। हमने वरिष्ठता और योग्यता को बनाए रखने की कोशिश की है। इसका एक जीता जागता उदाहरण न्यायमूर्ति अतुल चंदुरकर की सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्ति है।"

# Operation Conviction के पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप हत्या में अभियुक्त दोष सिद्ध

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा चलाये जा रहे "Operation Conviction'' अभियान के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में जोन-गंगानगर कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में आज दिनांक-30.06.2025 को मा० न्यायालय ए0डी0जे0 कक्ष सं0-02 प्रयागराज द्वारा थाना सरायइनायत पर पंजीकृत मु0अ0सं0-587/2019 धारा-302 भा0द0सं0 के अभियुक्त श्याम सिंह पुत्र लाल जी सिंह निवासी देवरिया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को धारा-302 भा0द0सं0 में आजीवन कारावास एवं 25,000 रुपये/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

दोष सिद्ध अभियुक्त का विवरण- श्याम सिंह पुत्र लाल जी सिंह निवासी देवरिया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-** मु0अ0सं0-587/2019 धारा-302 भा0द0सं0 थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज ।

**पैरवी करने वाली टीम का विवरण-**

1. ए0डी0जी0सी0 राजकुमार सिंह व अश्विनी कुमार।
2. थानाध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता, थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 राजबहादुर, कोर्ट मोहर्रिर ।
4. हे0का0 श्रीनिवास, पैरोकार थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।

# रेलवे ने 1 जुलाई 2025 से रेल यात्रियों के लिए मूल किराया तर्कसंगत बनाया

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** साधारण श्रेणी में 500 किलोमीटर तक कोई वृद्धि नहीं; 501 से 1500 किलोमीटर की दूरी के लिए 5 रुपये और 2500 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर की दूरी के लिए 15 रुपये की वृद्धि। प्रयागराज। किराया संरचनाओं को सुव्यवस्थित करने और यात्री सेवाओं की वित्तीय स्थिरता बढ़ाने के उद्देश्य से, रेल मंत्रालय ने 01 जुलाई 2025 से यात्री ट्रेन सेवाओं के मूल किराए को युक्तिसंगत बना दिया है। संशोधित किराए भारतीय रेलवे सम्मेलन संघ (आईआरसीए) द्वारा जारी अद्यतन यात्री किराया तालिका पर आधारित हैं। किराया युक्तिकरण की मुख्य विशेषताएं (1 जुलाई 2025 से प्रभावी)

उपनगरीय एकल यात्रा किराये और सीज़न टिकटों (उपनगरीय और गैर-उपनगरीय दोनों मार्गों के लिए) में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

साधारण गैर-एसी श्रेणियों (गैर-उपनगरीय रेलगाड़ियां) के लिए-

द्वितीय श्रेणी- प्रति किलोमीटर आधा पैसा बढ़ाया जाएगा, यह निर्भर करेगा

500 किलोमीटर तक कोई बढ़ोतरी नहीं

501 से 1500 किलोमीटर की दूरी के लिए 5 रुपये की बढ़ोतरी

1501 से 2500 किलोमीटर की दूरी के लिए 10 रुपये की बढ़ोतरी

2501 से 3000 किलोमीटर की दूरी के लिए 15 रुपये की बढ़ोतरी

स्लीपर क्लास- 0.5 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी

प्रथम श्रेणी- 0.5 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि

मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए (गैर-एसी)- द्वितीय श्रेणी- 01 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि

स्लीपर श्रेणी- 01 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि

प्रथम श्रेणी- 01 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि

एसी श्रेणी के लिए (मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें)-

एसी चेयर कार, एसी 3-टियर/3-इकोनॉमी, एसी 2-टियर, और एसी फर्स्ट/एग्जीक्यूटिव क्लास/एग्जीक्यूटिव अनुभूति- 02 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी

संशोधित श्रेणी-वार किराया संरचना के अनुसार किराया संशोधन प्रमुख और विशेष ट्रेन सेवाओं जैसे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और सामान्य गैर-उपनगरीय सेवाओं पर भी लागू होता है।

**सहायक शुल्क में कोई परिवर्तन नहीं**

आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार और अन्य शुल्क अपरिवर्तित रहेंगे। जीएसटी नियमों के अनुसार लागू रहेगा। किराया राउंडिंग सिद्धांत मौजूदा मानदंडों के अनुसार बने रहेंगे। कार्यान्वयन संशोधित किराया 01.07.2025 को या उसके बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा। इस तिथि से पहले जारी किए गए टिकट किराये में बिना किसी सुधार के मौजूदा किराए पर वैध रहेंगे। पीआरएस, यूटीएस और मैनुअल टिकटिंग सिस्टम को तदनुसार अपडेट किया जा रहा है। रेल मंत्रालय ने संशोधित किराया संरचना का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी जोनल रेलवे को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जोनल रेलवे को सभी स्टेशनों पर किराया डिस्प्ले अपडेट करने का भी निर्देश दिया गया है।

# डीपीओ एसएसए ने खोली संस्थान की पोल, कहा विद्यालय नहीं है पंजीकृत

**स्वतंत्र प्रभात**

स्कूल के डायरेक्टर सरोज कुमार यादव नई बताया कि ने बताया कि मेरा स्कूल पंजीकृत है और यूडेस कोड भी प्राप्त है लेकिन डीपीओ प्रवीण कुमार एसएसए ने बताया कि इस संस्थान रेजिडेंशियल संत मोती दास किड्स केयर एकेडमी एंड हायर स्कूल कोचिंग सेंटर त्रिवेणीगंज जिला सुपौल का विद्यालय संचालित करने की अनुमति नहीं मिला है जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीपीओ ने कहा कि इस संस्थान के डायरेक्टर ने विद्यालय संचालन की अनुमति के लिए वर्ष 2021 में आवेदन किया था लेकिन मानक अनुरूप नहीं रहने के कारण उसे निरस्त कर दिया गया। डीपीओ ने कहा कि हमारे यहां से जिस विद्यालय को संचालन की अनुमति दी जाती है उसे एक यूडायस कोड उपलब्ध कराया जाता है जो इस विद्यालय संस्थान के नाम से हमारे रिकॉर्ड में नहीं है डीपीओ ने बताया कि संचालन की अनुमति के लिए अप्लाई करने के बाद जो जो अप्लाई करते हैं उन सब को एक एक कोड नंबर उपलब्ध कराया जाता है जो विद्यालय संचालन की अनुमति नहीं है डीपीओ ने गैर पंजिकृत इस संस्थान पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है

वगैर पंजीयन के बिना मानक को पूर्ण किए संचालित इस विद्यालय के संचालक सरकार के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं घटना के बाद जब स्कूल संचालक सरोज कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वैन में पांच बच्चे सवार थे। लोगों ने बताया कि हादसे के बाद सबूत मिटाने के लिए क्षतिग्रस्त वैन को दूसरी जगह ले जाया गया और टकराए झोपड़ीनुमा घर को जल्दबाजी में ठीक किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है हालांकि पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

# 31 जुलाई तक संचारी एवं 11 से 31 जुलाई तक चलेगा दस्तक अभियान


● **महापौर मलखान सिंह जिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली को दिखाएंगे हरी झण्डी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शुरू हो रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 जुलाई से आरंभ हो रहे दस्तक अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में रैली का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव के उपाय, स्वच्छता के महत्व एवं दस्तक अभियान की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाए। डीएम ने विगत दिनों मथुरा रोड स्थित भमरोला में अज्ञात कीड़े द्वारा काटे जाने की घटना का संज्ञान लेते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य, वन एवं पशुपालन विभाग की टीम को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएमओ डा0 नीरज त्यागी ने बताया कि जिला स्तरीय जागरूता रैली को मलखान सिंह जिला चिकित्सालय से महापौर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके साथ ही सभी तहसीलों एवं विकासखण्डों में भी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए जागरूकता रैलियों का



आयोजन किया जाएगा।

बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी, जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र कुमार , जिला कार्यक्रम अधिकारी के के रॉय, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ विनीता मिश्रा, सीवीओ डॉ दिवाकर त्रिपाठी, एडी आई ओएस मनोरमा ठाकुर, सीएमएस एवं एसीएमओ, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार एवं नगर पालिका अधिकारियों सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# झोपड़ीनुमा घर से टकराई स्कूली वैन,दो बच्चे घायल

● **बिना पंजीयन के वर्षो से संचालित स्कूल बना रहे हैं सरकारी नियमों का मखौल**

**स्वतंत्र प्रभात**





**त्रिवेणीगंज।** थाना क्षेत्र के लतौना दक्षिण पंचायत के तितुवहा वार्ड 12 में सोमवार सुबह त्रिवेणीगंज शंकरपुर सड़क मार्ग में मोर पर एक तेज रफ्तार स्कूली मैजिक वैन अनियंत्रित होकर जगदीश यादव के झोपड़ीनुमा घर से टकरा गई। हादसे में वैन में सवार पांच स्कूली बच्चों में से दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल बच्चों का समुचित उपचार किया गया। घायल स्कूली बच्चे की पहचान तितुवहा निवासी लोकेश कुमार के 12 वर्षीय पुत्र अभिनव कुमार और झरकहा निवासी राजकिशोर यादव के 7 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना के संबंध में बताया कि स्कूली वैन का चालक मोबाइल का उपयोग कर रहा था और वाहन काफी तेज गति से चला रहा था। त्रिवेणीगंज बाजार से शंकरपुर जाने वाली सड़क पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर को देखकर चालक ने नियंत्रण खो दिया,जिससे वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।वैन बंशी चौक स्थित रेजिडेंशियल संत मोती दास किड्स केयर एकेडमी एंड हायर स्कूल कोचिंग सेंटर की थी,जो बिना नंबर प्लेट के संचालित हो रही थी।

# धर्मशालाओं, होमस्टे एवं आतिथ्य गृहों में लगेगें स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम

**स्वतंत्र प्रभात**



**अलीगढ़।** जिले में स्वच्छता एवं पर्यावरणीय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित धर्मशालाओं, होमस्टे एवं आतिथ्य गृहों सहित पर्यटक स्थलों पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान पर्यटन स्थलों की स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई, जिसके अंतर्गत होटलों, लॉज, होमस्टे, धर्मशालाओं और कैंपों को फीकल स्लज मैनेजमेंट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और ग्रे वॉटर मैनेजमेंट के मापदंडों पर मूल्यांकन कर रेटिंग प्रदान की जाएगी। इससे इन संस्थानों को स्वच्छता के उच्च मानक अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आतिथ्य सुविधाओं में स्वच्छता के स्तर को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम को ग्रामीण पर्यटन स्थलों तक विस्तार देने की योजना बनाई गई है। इसके लिए होटल, लॉज, धर्मशालाओं और ट्रेकिंग ग्रुप के कैंपों को लक्ष्य समूह के रूप में चिह्नित किया गया है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी चिन्हित स्थलों पर स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए और इसके लिए जन-जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। साथ ही समिति के प्रत्येक सदस्य को हर माह बैठक कर प्रगति की समीक्षा करने और उसे प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि पारदर्शिता और निरंतर सुधार की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, समिति सदस्य ब्लॉक प्रमुख दिवाकर गौड़, पंकज धीरज, पर्यटन विभाग से शैलेश कुमार, एएमए जिला पंचायत श्याम बहादुर शर्मा, ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**विद्यालयों में छात्राओं को सिखाए जाएंगे आत्मरक्षा के गुण**

अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनके भीतर आत्मविश्वास और साहस का संचार करना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालयों में प्रशिक्षित कोच द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवहारिक तकनीकों के साथ जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाएं ताकि छात्राएं किसी भी आपात स्थिति में सशक्त और सजग रह सकें। डीएम ने समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने पर बल देते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय से प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बेटियां न केवल खुद की रक्षा करना सीखेंगी, बल्कि समाज में महिला सुरक्षा को लेकर एक मजबूत संदेश भी जाएगा। एडीआईओएस राजकिशोर ने बताया कि जिले के सभी 34 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को तीन माह तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन 40 मिनट होगी जिसमें छात्राओं को प्रशिक्षण की सैद्धांतिक जानकारी कक्षाकक्ष में और कौशलात्मक प्रशिक्षण मैदान में दिया जाएगा। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षकों के चयन के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। बैठक में प्रशिक्षण सामग्री की उपलब्धता, प्रशिक्षकों की नियुक्ति, विद्यालय स्तर पर समयबद्ध कार्यक्रम संचालन, रिपोर्टिंग व्यवस्था और छात्राओं एवं अभिभावकों को जागरूक करने संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर सीडीओ, एसपी ट्रैफिक, महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहीं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना समय की मांग

**स्वतंत्र प्रभात**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-4 के तत्वावधान में ÷महिला सशक्तिकरण÷ विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की भूमिका, चुनौतियों और उनके अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। कैसे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। वेबिनार में विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। वेबिनार की मुख्य वक्ता डा. शीतल सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में काफी प्रयास हो रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत चिंता का विषय है।

जब तक महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं होंगी, तब तक उनका सशक्तिकरण अधूरा रहेगा। समाज में महिलाओं को केवल घरेलू भूमिकाओं तक सीमित कर देना, उनके विकास में बड़ी बाधा है। उन्होंने बेटियों को शिक्षा और स्वरोजगार के अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया। संयोजक और एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. नियति शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति जागरूक करना था। एनएसएस समन्वयक डा. पूनम रानी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से संदेश देना जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सामाजिक आवश्यकता है। कार्यक्रम में डा. शालू अग्रवाल, मनीषा उपाध्याय सहित छात्राओं अफीफा, कीर्ति, अन्नू, उर्वशी, खुशी आदि ने भी महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

## संक्षिप्त खबरें

### 170वाँ हूल दिवस के सुअवसर पर सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने वीर शहीद सिद्धू कानो की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**पाकुड़, झारखंड-** संताल परगना प्रमण्डल दुमका से दुमका पोखरा चौक, रोलडीह गोपीकान्दर एवं गुम्मामोड़ जियापानी गोपीकान्दर स्थित आदमकद वीर शहीद सिदो- कान्हु मुर्मू के प्रतिमा पर अपने दल-बल के साथ सत्य शिक्षा आनंद मुर्मू ने माल्यार्पण किया तथा राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा देकर संताल परगना को आजादी दिलाकर शोषण से मुक्ति दिलाने का प्रण किया। इस मौके पर शिक्षानंद मुर्मू ने कहा कि संताल परगना को मुक्ति दिलाने के लिए दिनांक - 12-07-25 को संताल परगना बचाओ मोर्चा की स्थापना की जायेगी तथा संताल परगना को मुक्ति दिलाने के लिए हर स्तर पर क्रमबद्ध आंदोलन किया जाएगा। वरिष्ठ नेता मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल संताल परगना के आदिवासी एवं मूलवासियों का विशेष कर संताल एवं पहाड़िया जाति के विकास के लिए पार्टी गंभीर नही है और संताल परगना की सुरक्षा एवं विकास लिए वह अत्यंत गंभीर हैं जो राजद से संभव नही है जिस कारण मुर्मू ने आज गंभीरता से विचार करने के उपरांत पार्टी से इस्तीफा दिया। इस अवसर पर महिला नेत्री जोवान्ना हेम्ब्रम, मनोज सोरेन, राजेश किस्कू, नारायण पहाड़िया, जयप्रकाश यादव, विजय कुमार सोनी, अमन सिंह, आनंद कमल, ओमयो सिंह, सुनील मड़ैया, कृष्णा मड़ैया, ओम प्रकाश भगत ,मुन्ना मंडल, रामेश्वर चौबे, प्रोमिला टुडू , डोली हेम्ब्रम, बेबी मिर्धा, संजय कुरमी, विनोद ठाकुर, कार्तिक तुर्री आदि अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जिला के पदाधिकारियों ने सिद्धो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित



**सिदो-कान्हू, चाँद भैरव समेत हूल विद्रोह के सभी सेनानियों को नमन किया**

**वीर शहीदों की कुर्बानी को भूलाया नहीं जा सकता- डीसी**

**पाकुड़ /झारखंड-** सिदो-कान्हू पार्क में हूल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने सिद्धो-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव समेत हूल विद्रोह के सभी सेनानियों को नमन किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि 30 जून 1855 को सिद्धो-कान्हू ने अंग्रेजो की गुलामी एवं शोषण से मुक्ति के लिए क्रांति का बिंगुल फूंका था। हूल विद्रोह जनजातीय समाज की अंग्रेजों के खिलाफ आजादी के लिए प्रथम जनक्रांति थी। सिद्धो-कान्हू के आह्वान पर हजारों संथाल आदिवासी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हुये तथा अपने प्राणों की आहुति दी। हूल विद्रोह ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों की कुर्बानी को कभी भूलाया नहीं जा सकता है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फंदे से लटकता शव मिला। पुलिस सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाली रुद्रपुर के अंतर्गत ग्राम सभा बटुलही निवासी बड्ढेलाल गौड़ की बहू साधना गौड़ पत्नी धर्मेंद्र गौड़ उम्र 26 वर्ष का रविवार के दोपहर घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता शव मिला। मृतका का पति धर्मेंद्र गौड़ अभी हाल में ही 3 महीना पहले दुबई कमाने गया है। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा करा के पोस्टमार्टम के लिए भेज दी तथा अग्रिम कार्रवाई के लिए जुट गई है ।

## हजारीबाग में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर एसपी से मिले सांसद मनीष जायसवाल, सख्त कार्रवाई की मांग की

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग-** हजारीबाग शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों एवं आपराधिक तत्वों द्वारा व्यापारियों को धमकी दिए जाने की घटनाओं से शहर में दहशत का माहौल है। इन गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक सप्ताह में दूसरी बार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मुलाकात की और त्वरित कार्रवाई की मांग की । सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल शहर के स्वर्ण व्यवसायियों के एक समूह के साथ नए समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय सभागार पहुंचे। जहां सांसद जायसवाल ने एसपी अंजनी अंजन से स्पष्ट शब्दों में कहा कि हजारीबाग अपनी अमन और सौहार्दपूर्ण पहचान के लिए जाना जाता है और शहर ने पहले कभी इस तरह के खौफ का माहौल नहीं देखा है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी गतिविधियों में तेजी आने से न केवल व्यवसायी बल्कि आम नागरिक भी भय के वातावरण में जी रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने एसपी से तत्काल इन घटनाओं पर अंकुश लगाने, अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने, शहर में सुरक्षा का माहौल स्थापित करने और लोगों को भयमुक्त करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने सांसद मनीष जायसवाल और उपस्थित व्यवसायियों को आश्वस्त किया कि पुलिस इन घटनाक्रमों को लेकर गंभीर है और अपनी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिसिंग के तरीके में बदलाव किया जा रहा है और बहुत जल्द शहर में पुलिस की दृश्यता बढ़ेगी, जिससे ऐसे तत्व सहमेंगे और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा सकेगा। एसपी अंजनी अंजन ने व्यवसायियों को बेखौफ होकर अपने प्रतिष्ठान संचालित करने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस उनकी सुरक्षा में तत्पर रहेगा। एसपी कार्यालय से बाहर निकलने के बाद मीडिया से बात करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में इस तरह की आपराधिक गतिविधि पहली बार एक ट्रेंड के रूप में सामने आई है, जिससे व्यावसायिक वर्ग दहशत में है। उन्होंने बताया कि वे इस विरोध के रूप में एसपी से मिलने आए थे और उन्हें पूरा मामला संज्ञान में दिया गया है ताकि वे कार्रवाई कर सकें और व्यापारी वर्ग सुरक्षित महसूस कर सकें। सांसद ने यह भी कहा कि जब तक हजारीबाग शहर पूरी तरह से भयमुक्त नहीं हो जाता, वे इस मामले को उचित प्लेटफॉर्म पर उठाते रहेंगे।

## पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा में विशेष रुचि रखने वाले सिकेंद्र कुमार लोगों की इलाज में भी करते हैं मदद

**●जरूरतमंदों की सेवा ही परम कर्तव्य - सिकंदर कुमार**

स्वतंत्र प्रभात



सहायता

**बरही, झारखंड-** बरही प्रखण्ड के बसरिया पंचायत अंतर्गत पंचमाधव गांव के शिक्षित युवा सिकेंद्र कुमार आज समाज सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुके हैं। वे न केवल जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। सिकेंद्र कुमार का कहना है कि समाज सेवा की भावना उनके भीतर लॉकडाउन के कठिन समय में जागृत हुई। उस समय जब उन्होंने भूखे यात्रियों को अपने गंतव्य की ओर पैदल जाते देखा, तो वे उनके लिए भोजन और पानी की व्यवस्था में जुट गए। उसी क्षण से उन्होंने तय कर लिया कि सेवा ही उनका जीवन उद्देश्य होगा। आज भी वे रास्ते में मिलने वाले भूखे, असहाय या संकटग्रस्त लोगों की हर संभव मदद करते हैं।

**घायल व्यक्तियों की तुरंत करते है सहायता**

किसी भी सड़क दुर्घटना या आपात स्थिति में सिकेंद्र बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंच जाते हैं और घायलों को अस्पताल तक पहुंचाकर इलाज की समुचित व्यवस्था कराते हैं। उनका यह कार्य कई बार लोगों की जान बचाने में सहायक बना है।

**पर्यावरण संरक्षण में भी निभा रहे सक्रिय भूमिका**

सिर्फ समाज सेवा ही नहीं, सिकेंद्र पर्यावरण संरक्षण को भी अपनी जिम्मेदारी मानते हैं। विशेषकर गर्मी के मौसम में जब जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं, तब वे खुद जाकर आग बुझाने में जुट जाते हैं। कई बार उन्होंने अपने प्रयासों से जंगल में लगी आग को फैलने से रोका है।

**सोशल मीडिया को बना रखें है मदद का हथियार**

समाज में व्याप्त समस्याओं को उजागर करने और समाधान दिलाने के लिए सिकेंद्र ट्विटर (एक्स) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का कुशलता से उपयोग करते हैं। पेयजल संकट, सड़क मरम्मत, पेंशन योजनाएं, इलाज में मदद, रक्तदान और क्राउड फंडिंग जैसे मामलों में वे संबंधित विभागों और अधिकारियों को टैग कर आम लोगों की आवाज़ पहुंचाते हैं। उनके प्रयासों से अब तक कई लोगों को समय पर सहायता मिल चुकी है। सिकेंद्र के कार्यो को देखकर प्रखंड के कई अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और प्रतिष्ठान उन्हें सम्मानित कर चुके हैं। उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की जा रही है। सिकेंद्र कुमार का मानना है कि जरूरतमंदों की सेवा करना ही मेरा परम कर्तव्य है। जब तक जीवित हूं, समाज और पर्यावरण के लिए अपना योगदान देता रहूंगा। उनकी यह सोच और कर्मशीलता उन्हें समाज का सच्चा साथी और प्रेरणा का स्रोत बनाती है।

## सेवा सदन अस्पताल के समीप आदित्य ठाकुर पर हमला, हेलमेट और बेल्ट से पिटाई, आरोपी अब भी फरार

स्वतंत्र प्रभात



**रांची, झारखंड-** रविवार की शाम रांची में एक और चौंकाने वाली वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के व्यस्त क्षेत्र सेवा सदन अस्पताल के समीप पांच युवकों ने एक युवक पर न केवल बेरहमी से हमला किया, बल्कि उसे अधमरा कर छोड़ कर फरार हो गए। घटना शाम करीब 8ः00 बजे की है, जब लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा निवासी आदित्य राज ठाकुर, जो पहाड़ी मंदिर के समीप एक किराए के मकान में रहकर कार्यरत हैं, अपनी पल्सर बाइक से काम करके घर लौट रहे थे। पीड़ित आदित्य ठाकुर ने कोतवाली थाना को दिए अपने बयान में बताया कि जैसे ही वह सेवा सदन अस्पताल के पास पहुंचा, एक स्विफ्ट डिजायर कार (गाड़ी संख्या छ्ा01क्य4782) ने आकर उसकी बाइक से टक्कर की स्थिति बना दी। जब आदित्य ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वह गिर सकता था, तो कार में सवार पांच युवकों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। गवाहों के अनुसार, हमलावर युवकों में से एक ने आदित्य के सिर पर हेलमेट से वार किया, वहीं दूसरा युवक बेल्ट से मारने लगा। तीन अन्य युवक उसे पकड़ कर पीटते रहे। आदित्य उस समय अकेले थे और हमलावरों की संख्या पांच थी, जिससे वह कोई प्रतिरोध नहीं कर पाए। उन्होंने यह भी बताया कि सभी हमलावर शराब के नशे में थे। किसी तरह जान बचाकर आदित्य वहां से निकले और कोतवाली थाना में घटना की सूचना दी। थाना की पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी पास के ब्लड बैंक में छुप चुके थे। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, पुलिस की मौजूदगी के बावजूद पांचों युवक वहां से भागने में सफल हो गए।

आदित्य को तत्काल उनके रिश्तेदारों द्वारा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके सिर, मुंह और शरीर पर गंभीर चोट की पुष्टि की। चिकित्सकों के अनुसार हमले में गहरे आघात लगे हैं। इस पूरे हमले से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, परंतु घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। शहर के नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इस घटना को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराज़गी जताई है। चश्मदीदों के अनुसार आरोपी ब्लड बैंक के पास छुपे थे, परंतु पुलिस उन्हें पकड़ने में असफल रही। यह प्रश्न अनिवार्य हो गया है कि यदि व्यस्त सड़क पर, सार्वजनिक स्थल के पास एक आम नागरिक के साथ इस तरह का हमला हो सकता है, तो आमजन की सुरक्षा किसके भरोसे है? वहीं घायल आदित्य ठाकुर ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि हमलावरों की पहचान गाड़ी संख्या के माध्यम से की जा सकती है, फिर भी गिरफ्तारी न होना पुलिस की गंभीर लापरवाही का प्रमाण है। उन्होंने मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक से भी न्याय की गुहार लगाई है। समाचार लिखे जाने तक घटना से जुड़े पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं, शहरवासियों को यह आशंका है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में कहीं यह मामला दबा न दिया जाए।

## भोगनाडीह में लाठीचार्ज आदिवासी अस्मिता पर सीधा प्रहार -महेंद्र साहू

स्वतंत्र प्रभात



**चंदवा, झारखंड-** भोगनाडीह संथाल परगना में हुल दिवस पर आदिवासी समुदाय पर हुए लाठी चार्ज की भाजपा नेता महेंद्र साहू ने कड़ी निंदा की है। महेंद्र साहू ने कहा कि शहीद सिद्धू-कान्हू के वंशजों को ही उनके पूर्वजों के बलिदान दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने से रोका गया। विरोध करने पर निर्दोष ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया और आंसू गैस के गोले छोड़े गए।यह दृश्य न केवल लोकतंत्र की आत्मा को घायल करता है, बल्कि आदिवासी अस्मिता पर सीधा प्रहार है। श्री साहू ने आगे कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन शहीदों की विरासत और आदिवासी समाज का स्वाभिमान अविनाशी है। हेमंत सोरेन की भ्रष्टाचारी सरकार सिर्फ आदिवासी हितैषी होने का नाटक करती है,असलियत यह है कि हर अवसर पर आदिवासी समाज की आवाज़ को कुचला जा रहा है। सरकार को सिर्फ चुनाव के समय आदिवासी समाज याद आता है, हाल के घटनाओं को देखा जाए तो यह सरकार लगातार आदिवासी समाज के छल कर रही है। हक अधिकार मांगने पर उन्हें लाठी से पीटा जा रहा है। लेकिन अहंकारी हेमंत सोरेन की सरकार यह याद रखें,जिस तरह वीर सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो ने हूल क्रांति के माध्यम से अंग्रेजी सत्ता की नींव हिला दी थी, उसी तरह आज भोगनाडीह में लाठीचार्ज की दमनकारी घटना हेमंत सरकार के पतन का कारण सिद्ध होगी। उन्होंने आदिवासी समाज से अपील करते हुए कहा कि वें अपने पुरखों की वीरगाथाओं और बलिदानों से प्रेरित होकर अपनी अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित हो।

## विधायक ने पाकुड़िया और तलवा चौक में सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, दी श्रद्धांजलि

**●गुरूजी अस्वस्थ रहने के कारण सादगीपूर्ण तरीके मनाया जा रहा है इस बार के हुल दिवस**

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** महेशपुर विधानसभा विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी एवं केंद्रीय कमेटी सदस्य सह युवा नेत्री उपासना मरांडी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड के तलवा चौक और सिद्धू कान्हू चौक पाकुड़िया में हुल दिवस मौके पर स्थित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं श्रद्धांजलि दिया।इस मौक़े पर हजारों की संख्या मे कार्यकर्ताओं ने आदिवासी तरीके से विधायक का भव्य स्वागत किया।इस मौक़े पर विधायक *प्रो. स्टीफन मरांडी* ने हुल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा की प्रतिवर्ष 30 जून को हूल दिवस का आयोजन होता है. हूल शब्द का अर्थ क्रांति है। 30 जून 1855 को तत्कालीन शासन व्यवस्था और महाजनों के शोषण के विरुद्ध साहिबगंज के भोगनाडीह गांव से सिदो कान्हू के नेतृत्व में संथाल हूल की शुरुआत हुई थी।जिसका आने वाले दिनों में व्यापक असर देखा गया था।नौ महीने तक संथाल हूल क्रांति चली थी। इसको लेकर अंग्रेजों ने व्यवस्था मजबूत करने के लिए संथाल परगना को अलग जिला बनाया और कई विशेष कानून बनाए गए।30 जून 1855 को दो भाइयों सिदो-कान्हू के नेतृत्व में साहिबगंज में बरहेट के पास भोगनाडीह से 10 हजार आदिवासियों ने विद्रोह का बिगुल फूंका जो नौ महीने तक धधकता रहा। कहा जाता है कि इसमें तीस से पचास हजार लोग कूद पड़े थे। संथालों ने जनमानस को परतंत्रता की बेड़ी से मुक्त कराने के लिए अपने हूल को विदेशी अंग्रेजों और स्वदेशी महाजनों दोनों दुश्मनों के खिलाफ खड़ा किया था।

आज का संथाल परगना क्षेत्र संथाल हूल का प्रतिफल है। जिसे केवल संथालों ने ही नहीं बल्कि गैर संथालों में कई जाति-समुदाय ने भाग लिया था।केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी ने कहा इस आंदोलन में महिलाएं भी बड़ी तादाद में शामिल हुई थीं। इन महिलाओं का नेतृत्व सिदो कान्हू की बहन फूलो और झानो ने किया था।यहां तक कि इस क्रांति में किशोरियों की भी संख्या काफी थी। संथाल हूल एक समग्र क्रांति थी।जिसमें शासन और शोषण के खिलाफ लोग उठ खड़े हुए थे। हजारों की संख्या मे आदिवासी गैर आदिवासी सभी लोग मिलकर क्रांति की मशाल को जलाया।इसका व्यापक असर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पड़ा लोग जागरूक हुए और क्रांति आगे बढ़ती गई। उन हजारों वीर शहीदों की याद में हर साल हूल दिवस मनाया जाता है। इस बार गुरूजी अस्वस्थ रहने के कारण सादगी पूर्ण तरीके से हुल दिवस मनाया जा रहा है। मौक़े जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, प्रखंड सचिव मइनुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ देबीलाल हंसदक , प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक भगत ,जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी निवारन मरांडी,कालीदास टुडू, अरविन्द टुडू ,शिवलाल टुडू, अब्दुल बनीज, कुबराज मरांडी, रेफाइल मुर्मू, सुभाषिनी मुर्मू, विश्वजीत दास, मुसारफ हुसैन अख्तर आलम, मैनेजर मरांडी, लालबाबू शेख, नेजाम अंसारी, मंटू भगत, मंजूर अंसारी, दामोदर राय, तोहिदुल शेख, मनोज सोरेन,अकबर अली, बुलबुल शेख, एनोस मुर्मू, छोटू दास, परमेश्वर मरांडी, कारण गुप्ता , नरेश हाँसदा, रोहित हाँसदा, सुनील टुडू, सहित पंचायत के अध्यक्ष/सचिव व दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डपोक के मदनपुर से केंदुआ तक जर्जर सड़क बनी लोगों के लिए परेशानी का सबब, मरम्मती की मांग

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के डपोक पंचायत अंतर्गत आरईओ रोड मदनपुर से केंदुआ तक का सड़क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क बरही, तिलैया और बरकट्ठा जाने का मुख्य मार्ग है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है।स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की बदहाली के कारण बच्चों को विद्यालय जाने में भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों और उखड़े हुए सड़क की वजह से बारिश में कीचड़ हो जाता है, जिससे पैदल और वाहनों से चलना किसी चुनौती से कम नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि वे कई बार यहां के जनप्रतिनिधियों को सड़क की स्थिति से अवगत करा चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसको लेकर लोगों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। इस मौके पर कुंजबिहारी राम, अरुण राम, लालू यादव, लालमणि यादव, बंशी यादव, मणि यादव, हेमलाल यादव, पवन यादव, बिरजू राम, युगल राम, मनी राम, रंजीत राम, सीताराम सिंह, दीना राम, राजेश राम, अजीत राम, अर्जुन राम, रामचंद्र यादव और जानकी यादव समेत कई ग्रामीणों ने एकजुट होकर जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि इस सड़क की शीघ्र मरम्मत करवाई जाए ताकि लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके। साथ ही स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल इस सड़क की सुध लेने की अपील की है ताकि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## भोगनाडीह में संताल और पुलिस के बीच झड़प, तीर और गोली चलने की खबर, हूल दिवस पर जुटे थे संताल

स्वतंत्र प्रभात



**साहेबगंज, झारखंड-** साहेबगंज जिले के बरहेट प्रखंड में स्थित सिदो - कानू के जन्मस्थली भोगनाडीह में संताल ग्रामीण और पुलिस के बीच झड़प की खबर है। खबर है कि संतालों के तीर से तीन जवान जख्मी हुए हैं, वंही पुलिस ने भी गोली और आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। भोगनाडीह में स्थिति काफी तनावपूर्ण है। हताहत की वास्तविक सूचना नहीं मिल पायी है। सूत्रों के मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के तीन जवान तीर से जख्मी हुए हैं, वंही पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए आंसू गैस का प्रयोग किया है। गोली चलने की अपुष्ट खबर आ रही है।

**कार्यक्रम के आयोजन को लेकर शुरू हुआ विवाद**

विगत कुछ दिनों से प्रशासन और ग्रामीण के बीच हूल दिवस के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर खिंचतान चल रही थी। सिद्दो कानू के वंशज मंडल मुर्मू स्थानीय स्टेडियम में 30 जून हूल दिवस के मौके पर कार्यक्रम करना चाहते थे। उन्होंने इसकी लिखित सूचना प्रशासन को दी, लेकिन प्रशासन ने कार्यक्रम करने की इजाजत नहीं दी। इसके बाद वहां के ग्रामीण नाराज हो गये और प्रशासन के खिलाफ इन्होंने मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासन ने मौखिक रूप से कार्यक्रम करने की इजाजत दी, लेकिन प्रशासन के द्वारा देर रात इनके मंच को नुकसान पहुंचा गया। मंडल मुर्मू का कहना है कि उन्होंने प्रशासन से लिखित परमिशन देने का आग्रह किया, बावजूद उनके कार्यक्रम में बाधा डाला जा रहा था। गांव के मांझी और समस्त ग्रामीण उनके साथ हैं। इसी रस्साकशी के बाच जुटे ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा बनाये गये मंच को नुकसान पहुंचाया।

## मुहर्रम पर्व को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मुहर्रम कमिटी के सदस्यों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**हज़ारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग जिले में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था एवं समुचित तैयारी सुनिश्चित करने हेतु छडवा डैम में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की अध्यक्षता में मुहर्रम कमिटी के सदस्यों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, समय निर्धारण, विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को समय रहते सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो। साथ ही, उन्होंने मुहर्रम कमिटी के सदस्यों से भी सहयोग की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने जुलूस के दौरान शांति बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन से निगरानी रखने की बात कही। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी तरह की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में सदर एसडीएम वैद्यनाथ कामती, कटकमसांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित थी। इस दौरान उपायुक्त ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की तथा हर स्थिति में प्रशासन द्वारा आवश्यक सहायता देने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अशोक गुप्ता बने साहू कल्याण समिति (साहू क्लब) जौनपुर के नए अध्यक्ष



**जौनपुर।** साहू कल्याण समिति (साहू क्लब) जौनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को साहू धर्मशाला सभागार में आयोजित हुई, जिसमें वर्तमान कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता (रासमण्डल) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस आशय का प्रस्ताव वर्तमान अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने सदन के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसका सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए अपनी सहमति व्यक्ति की। तत्पश्चात नए चुने गए अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने सदन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साहू कल्याण समिति (साहू क्लब) जौनपुर विगत 30 वर्षों से समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने का कार्य कर रही है, जिसके सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। अतः निवर्तमान अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता को संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, अरविंद बैंकर, स्वतंत्र कुमार साहू, सतीश गुप्ता, महामंत्री संजय गुप्ता एडवोकेट, धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता गौराबादशाहपुर, संतोष साहू बच्चा, घनश्याम साहू, राजेश गुप्ता पत्रकार, धीरज गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, श्रीनाथ गुप्ता एडवोकेट, पवन साहू निर्मल वस्त्रालय, शिवकुमार गुप्ता लाइन बाजार, प्रदीप गुप्ता, सिद्धार्थ साहू, योगेश साहू, रमेश चंद गुप्ता बागमिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### निशुल्क शिविर में सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित. डॉ तारिक़ शैख़



**जौनपुर शाहगंज ।** लायंस क्लब शाहगंज स्टार द्वारा डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में 30 जून को एक निशुल्क शिविर का आयोजन लायंस डॉ तारिक़ शैख़ व डॉ हुमेरा की देख रेख में सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग सौ मरीज़ों की निशुल्क जाँच कर 5 दिन की मुफ्त दवा भी वितरित की गई कार्यक्रम का आयोजन सिटी नर्सिंग होम डॉ हुमेरा टॉवर आज़मी नगर मेन रोड शाहगंज में सम्पन्न हुआ सिटी नर्सिंग होम की डायरेक्टर व वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सैय्यदा हुमेरा बानो ने कहा की आजकल बारिश का मौसम चल रहा है बाहर के खाने से व खुली जगह खाने पीने से परहेज़ करें एवं दस्त उलटी तेज़ बुखार आने पर अपने चिकित्सक से तुरन्त संपर्क करें कार्यक्रम में मुख्यरूप से लायन सुरेंदर तिवारी समद हाशमी डॉ तारिक़ अहिरौला अब्दुल्लाह खान फूलपुर पीर मोहद भाजपा नेता व सिटी नर्सिंग होम के समस्त स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### सेवानिवृत्त होने वाले सात पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**चित्रकूट** – पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में अपनी सेवा देने वाले व अधिवर्षता पूर्ण करने वाले पुलिस कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देने वाले प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस देवेन्द्र नारायण व्यास, रामकृत यादव, अजय बहादुर सिंह, त्रिलोचन उपाध्याय, नन्दराम व मुख्य आरक्षी कृष्णपाल सिंह को विदाई देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे प्रतिसार निरीक्षक सहित पांच उपनिरीक्षकों व एक मुख्य आरक्षी को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान एसपी ने सेवानिवृत हो रहे सभी पुलिस कर्मियों से कहा कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय अरविन्द कुमार वर्मा, वाचक राजीव कुमार सिंह, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# होप फैमिली क्लिनिक पर शिकंजा कसने की मांग के बाद उल्टा आरोप!

### ● तामीर हसन "शीबू"पर बेबुनियाद आरोप लगाने वाली डॉ. नाजिया व उस्मान पर हो कार्रवाई - पत्रकार संगठन की मांग

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** नगर के मल्हनी पड़ाव स्थित "होप फैमिली क्लिनिक"को लेकर उठे विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (पंजीकृत) के जिला अध्यक्ष तामीर हसन "शीबू" द्वारा क्लिनिक की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध की गई शिकायत के बाद अब डॉ. नाजिया बानो और उनके सहयोगी उस्मान द्वारा तामीर हसन "शीबू"पर पैसे मांगने का मनगढ़ंत आरोप लगाया गया है। तामीर हसन "शीबू"ने इस संबंध में स्पष्ट किया है कि उन्होंने जो भी कार्य किया है, वह पूरी तरह जनहित व कानून सम्मत है। "यदि मेरे ऊपर लगाए गए आरोपों का कोई तथ्यात्मक प्रमाण है, तो वह सार्वजनिक किया जाए। अन्यथा, झूठे आरोप लगाने वाले डॉ. नाजिया व उस्मान के विरुद्ध मानहानि व विधिक कार्रवाई की जाए।"– उन्होंने कहा।

उन्होंने कहा कि यह सुनियोजित षड्यंत्र है, जिससे अवैध क्लिनिक को बचाने और प्रशासन का ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पत्रकार संगठन के पदाधिकारियों ने भी एक सुर में कहा कि "तामीर हसन "शीबू"की छवि धूमिल करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना साक्ष्य के किसी पत्रकार पर आरोप लगाना स्वयं में एक आपराधिक कृत्य है।"

गौरतलब है कि "होप फैमिली क्लिनिक" के खिलाफ तामीर हसन "शीबू"ने दिनांक 30 जून को उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से ज्ञापन भेजा था, जिसमें क्लिनिक की गैरकानूनी प्रसव और गर्भपात गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई थी। उन्होंने क्लिनिक की तत्काल सीलिंग, संचालिका के विरुद्ध स्वत्वक्र और CMO की भूमिका की जांच की मांग की थी।

पत्रकार सुरक्षा परिषद की चार प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं-

1. "होप फैमिली क्लिनिक"को तत्काल बंद किया जाए व संचालिका डॉ. नाजिया बानो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो।
2. C M O की संदिग्ध चुप्पी पर विभागीय जांच बैठाई जाए।
3. जिले के सभी अवैध नर्सिंग होम/क्लिनिक की विशेष जांच कराई जाए।
4. बिना साक्ष्य पत्रकार पर आरोप लगाने वाले डॉ. नाजिया और उस्मान पर भी IPC की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाए।

तामीर हसन "शीबू"ने चेतावनी दी है कि यदि उक्त बिंदुओं पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई, तो मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। इस मामले में जनपद के पत्रकारों व सामाजिक संगठनों ने भी तामीर हसन "शीबू" के समर्थन में आवाज बुलंद की है और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश शर्मा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार गौतम, मंडल प्रभारी अमन विश्वकर्मा,जिला प्रभारी शशिकान्त मौर्य स्वतंत्र कुमार जिला उपाध्यक्ष डॉ इम्तियाज़ सिद्दीकी संजय सिंह इज़हार हुसैन जिला महा सचिव मनीष श्रीवास्तव रियाजुल हक़ राहुल गुप्ता अनवर हुसैन जिला सचिव रवि केसरी सुजीत वर्मा कलीम सिद्दीकी विधिक सलाहकार अमित तिवारी मोहम्मद अल्ताफ मोहम्मद हारून मड़ियाहु तहसील अध्यक्ष रवि सिन्हा गंगेश निगम कपिल देव सिंह हिमांशु विश्वकर्मा अभिषेक सिकंदर भारती शाहगंज तहसील अध्यक्ष प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल शशांक शेखर विजय उपाध्याय शैलेन्द्र अग्रहरी बदलापुर तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह संतोष कुमार मछली शहर तहसील अध्यक्ष विशाल गौतम दीप नारायण उपाध्याय इत्यादि पत्रकार मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मोहम्मद अरशद ने दी।

# विद्यालय युग्मन पर अभिभावकों का फूटा आक्रोश, विद्यालय बंद करने के प्रस्ताव का किया विरोध

### ● ब्लॉक संसाधन केंद्र रामनगर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** ब्लॉक रामनगर के 26 प्राथमिक विद्यालयों को युग्मन सूची में शामिल कर बंद किए जाने की प्रशासनिक योजना के खिलाफ अभिभावकों और प्रबंध समिति के सदस्यों में भारी रोष देखा गया। सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई रामनगर की ओर से ब्लॉक संसाधन केंद्र रामनगर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी व संघर्ष समिति ने इस मुद्दे पर गहन चर्चा की। बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित विद्यालयों की प्रबंध समितियों एवं अभिभावकों की बैठकों में विद्यालय बंद करने के प्रस्ताव को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया गया है। अभिभावकों ने कहा कि यदि विद्यालयों को दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित किया गया तो छोटे बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और उन्हें विद्यालय तक पहुंचने में भारी कठिनाई होगी। इस मौके पर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने अभिभावकों और ग्राम प्रधानों की असहमति के प्रस्ताव को शिक्षक संगठन को सौंपते हुए बताया कि ग्रामवासी विद्यालयों के स्थानांतरण के पक्ष में नहीं हैं।

संगठन ने सभी विरोध प्रस्तावों को जिला कार्यकारिणी को अग्रसारित कर समाधान की मांग की है, ताकि स्थानीय स्तर पर व्यावहारिक और हितकारी निर्णय लिया जा सके। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह सहित राजेश यादव, महेंद्र प्रजापति, सत्येंद्र यादव, वीरेंद्र सिंह, विष्णु तिवारी, वरुण यादव, राम कमलेश गौतम व अन्य शिक्षक पदाधिकारी मौजूद रहे। शिक्षक संघ ने प्रशासन से मांग की है कि स्थानीय स्थितियों और जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी विद्यालय को बंद न किया जाए, अन्यथा यह कदम ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक साबित हो सकता है।

# सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ समापन, बौद्ध दर्शन पर व्यक्त किए गए विचार

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट** – अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान एवं जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ। कार्यशाला में डीएवी पीजी कॉलिज कानपुर के प्रोफेसर संजय प्रताप सिंह ने बौद्ध दर्शन की वर्तमान संदर्भ में मानवीय मूल्य के लिए उपादेयता विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि बौद्ध दर्शन की वाणी व्यक्ति के जीवन को परिमार्जित करने में अहम भूमिका अदा करती है। बुद्ध की वाणी के द्वारा कहे गए एक-एक वाक्य में उत्कृष्ट जीवन मूल्य समाहित हैं, जिन्हें अपना कर मानव जीवन को सर्वोत्तम लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर किया जा सकता है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय त्रिपुरा के प्रो अवधेश कुमार चौबे ने बौद्ध दर्शन के सैद्धांतिक पक्ष की विवेचना करते हुए इसकी व्यावहारिकता पर प्रकाश डाला। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कुलगुरु प्रोफेसर आईपी त्रिपाठी ने कहा कि बौद्ध दर्शन की शिक्षाएं नैतिक मूल्यों की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी हैं, जो अत्यंत पापी व्यक्ति को भी सद्मार्ग की ओर प्रेरित करती हैं। बौद्ध दर्शन मानव को महामानव बनने का मार्ग प्रशस्त करता हैं। संयोजक डॉ हरिकांत मिश्रा ने इस सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का पूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के एमओयू के अंतर्गत आयोजित होने वाली वह कार्यशाला है, जिसमें प्रदेश की 75 जनपदों में बुद्ध की वाणी के द्वारा जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा। इसका प्रारंभ चित्रकूट से हुआ है। कार्यशाला में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय, डॉ किरन त्रिपाठी, शोध छात्रा अर्चना सिंह सहित अन्य विद्वानों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डॉ शशिकांत त्रिपाठी, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ रमा सोनी, डॉ रीना पांडेय, डॉ अमिता त्रिपाठी, डॉ रवि प्रकाश शुक्ल, डॉ नीतू तिवारी, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी, डॉ जितेंद्र प्रताप सिंह, डॉ भविष्या माथुर, डॉ गोपाल कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# अखिलेश के रातभर वाले बयान पर ओमप्रकाश राजभर का पलटवार

### ●बोले- ये रातभर सत्ता का सपना देखते हैं, जब तक सुभासपा एनडीए के साथ इन्हें सत्ता नसीब नहीं होगी

स्वतंत्र प्रभात



**खेतासराय(जौनपुर)।** जौनपुर के दौरे पर पहुंचे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के ग्राम अब्बोपुर , ग्राम नौली , ग्राम अमरेथुआ में तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित जनचौपाल में पार्टी कार्यकर्ता बैठकों में भाग लेने पहुंचे राजभर ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत करनी है, ताकि आगामी चुनावों में सुभासपा निर्णायक भूमिका निभा सके। कार्यक्रम को संबोधित में अखिलेश के बयान पर ओमप्रकाश राजभर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा-सुभासपा सत्ता का दरवाजा है। उसी से अखिलेश यादव सत्ता में घुसने के लिए परेशान हैं। जब तक दरवाजे पर एनडीए के साथ सुभासपा खड़ी रहेगी तब तक सत्ता सपा को नसीब नहीं होगी। अखिलेश जी दिनभर रातभर यही सोचते है। एनडीए के साथ खड़े सभी असली पीडीए वाले आ जाते तो सत्ता मिल जाती लेकिन यह चाहे सपा प्रमुख रात में सपना देखे चाहे दिन में सत्ता वर्षों तक दूर ही रहेगी।

**जब यादव ही सपा का साथ छोड़ रहे तो कैसे सरकार बनाएंगे**

ओमप्रकाश राजभर ने कहा- अखिलेश यादव का बयान आया कि बीजेपी के यादव इस तरह कि घटना को अंजाम दे रहे हैं। मतलब यादव अब बीजेपी में चले गए और उनका साथ छोड़ दिया। अखिलेश यादव के कहे अनुसार अब बड़े पैमाने पर यादव बीजेपी में चले गए हैं। अब जो सपना वो देख रहे हैं कि 2027 में सरकार बनाएंगे। जब यादव ही उनका साथ छोड़ दिया तो कैसे सरकार बनाएंगे। अब तो मुसलमान भी उनका साथ छोड़कर कांग्रेस में चला जाएगा। पता नहीं अखिलेश यादव का क्या होगा।

**इटावा कांड को हवा देने में लगे अखिलेश यादव**

उन्होंने कहा-अखिलेश यादव इटावा कांड को हवा देने में लगे हैं। इससे उनकी मानसिकता को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा- जब प्रदेश में सपा की सरकार थी तो ये लोग जातिगत राजनीति करते थे। सोमवार को जौनपुर दौर पर ओमप्रकाश राजभर पहुंचे। वह तीन गावों में चौपाल लगाएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा- भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की सरकार में देश और प्रदेश को भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त करने का काम कर रही है।

**राजभर बोले- इटावा की घटना निंदनीय, कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए**

ओमप्रकाश राजभर ने कहा- इटावा की जो पहले दिन घटना हुई उसकी हम निंदा करते हैं। ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। दूसरे दिन कि जो घटना है कि दो आधार कार्ड। संविधान में दो आधारकार्ड रखने का अधिकार नहीं है। ये फ्राड गिरी है। तीसरे दिन की जो घटना हुई उसकी भी हम निंदा करते हैं। जिसमें कानून को अपने हाथ में लेकर पुलिस पर पथराव किया गया। कानून का राज है और कानून आप अपने हाथ में नहीं ले सकते।

**राजभर बोले- जमीन से उठकर यहां पहुंचा हूं**

ओमप्रकाश राजभर ने कहा- मैं जमीन से उठकर यहां पहुंचा हूं। उन्होंने कहा- देश सरकार जनता के हित के लिए कई योजनाएं चल रही है। सभी को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा- आप सभी मतदाताओं को अपने अधिकार को समझना होगा। अपने बहुमूल्य वोट को पैसे से लेकर नहीं बेचना चाहिए।

**पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी सुभासपा**

आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत को लेकर ओमप्रकाश राजभर ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी आगामी पंचायत चुनाव में एनडीए के साथ गठबंधन नहीं करेगी, खुद अपने दम पर लड़ेगी. बोले कि गठबंधन में पर्याप्त सीटें नहीं मिलेंगी, इसलिए हम पंचायत चुनाव अलग लड़ेंगे. हमारे कार्यकर्ताओं को पूरा मौका मिलना चाहिए. जबकि आगामी विधानसभा और लोकसभा एनडीए में ही रहकर लड़ने की बात कही।

**2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी**

ओमप्रकाश राजभर ने जौनपुर की सभी विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने की बात कही. उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि सुभासपा का लक्ष्य है कि अपने वोटों से खुद को मजबूत किया जाए, न कि दूसरों को. इसके अलावा उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

# विदाई समारोह में भावुक हुए प्राध्यापक, सजल नेत्रों से दी प्राचार्य को विदाई

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर शाहगंज।** राजकीय महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर नूर तलअत तथा प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर डॉक्टर मोती चन्द्र यादव का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एकता पाण्डेय के स्वागत गीत से हुई। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह ने प्राचार्य महोदया के कार्यकाल को सबसे सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल के रूप में परिभाषित करते हुए डॉक्टर मोती चन्द्र यादव को सबसे गम्भीर कर्त्तव्यनिष्ठ तथा विषयमर्मज्ञ बताया। प्रो शिवाजी सिंह ने अपने उद्बोधन में दोनों लोगों को अनुशासनप्रिय, सहृदय तथा महाविद्यालय के प्रति अत्यन्त निष्ठावान के रूप में वर्णित किया। डॉक्टर सर्वजीत सिंह, डॉ अजय कुमार शुक्ल ने प्राचार्य महोदया के कुशल निर्देशन तथा नेतृत्वक्षमता एवं डॉक्टर मोती चन्द्र यादव के कार्य तथा व्यवहार की भूरि भूरि प्रशंसा की। विदाई कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य महोदया डॉ नूर तलअत महाविद्यालय में अपने आठ वर्षों के लम्बे कार्यकाल में अपनी सुखद अनुभूतियों, सभी प्राध्यापकों एवं कार्यालय सहायकों तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के कार्यों की अतिशय प्रशंसा करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर डॉक्टर मोती चन्द्र यादव ने सभी को अपने दायित्वों एवं कर्त्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करने की सलाह देते हुए सभी लोगों के साथ बिताए गए सुखद क्षणों को याद करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रोफेसर रमेश चन्द्र ने अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदया की ईमानदारी, तन्मयता, सहनशीलता, उदारता तथा कार्यकुशलता की प्रशंसा की और मोती चन्द्र यादव को अत्यन्त कर्मठ, व्यावहारिक तथा विषय विदग्ध प्रोफेसर बताया। छात्राओं में नीलम, श्रद्धा भारती, एकता पाण्डेय आदि ने प्राचार्य महोदया एवं डॉ मोती चन्द्र यादव के साथ बिताए गये अध्ययन के दिनों की अतिशय प्रशंसा की। प्राचार्य का पदभार ग्रहण करने वाले प्रोफेसर संजय कुमार ने प्राचार्य महोदया तथा डॉक्टर मोती चन्द्र यादव जी के स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए प्रो अखिलेश राम प्राचार्य महोदया को कर्मठ, जुझारू तथा त्याग और समर्पण के पर्याय के रूप में वर्णन किया। इन्होंने अपने उद्बोधन में डाक्टर मोती चन्द्र यादव को एक कुशल और कर्त्तव्यनिष्ठ प्रोफेसर बताया।विदाई कार्यक्रम के अवसर पर प्रो संजय कुमार, डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह, प्रोफेसर अखिलेश राम, प्रोफेसर रमेश चन्द्र, डॉक्टर रवि प्रकाश, प्रोफेसर ओम प्रकाश वर्मा, डॉक्टर सर्वजीत सिंह, प्रोफेसर शिवाजी सिंह, डॉक्टर अजय कुमार शुक्ल, कार्यालय के राज बहादुर जायसवाल, श्रीमती शिखा त्रिगुणायत, चतुर्थ श्रेणी के रत्नेश कुमार, सन्तोष कुमार, सुरेश कुमार, योगेन्द्र प्रताप,अनुराग आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

# सोनभद्र अहमदाबाद में काम के दौरान युवक की मौत, ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र-** कोन थाना क्षेत्र के करईल गांव में शुक्रवार, 28 जून 2025 को अहमदाबाद में काम करने के दौरान 27 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र कामेश्वर शर्मा की असामयिक मृत्यु हो गई। सोमवार सुबह लगभग 5 बजे जब आशीष का शव गांव पहुंचा, तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर एंबुलेंस को गांव में ही रोक लिया और ठेकेदार से मुआवजे की मांग करने लगे।मिली जानकारी के अनुसार, मृतक आशीष कुमार कुछ दिनों पहले ही काम के सिलसिले में अहमदाबाद गए थे। उनकी मौत के बाद, ठेकेदार के सुपरवाइजर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गेटपास अपने पास रख लेने का आरोप है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मृतक आशीष के दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी उम्रें क्रमशः तीन वर्ष और डेढ़ वर्ष हैं। परिवार पर अचानक आए इस वज्रपात से पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है। परिजनों का मुख्य मांग पर्याप्त मुआवजा है ताकि आशीष के छोटे बच्चों और परिवार का भविष्य सुरक्षित हो सके।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। पुलिस ग्रामीणों और परिजनों से बातचीत कर स्थिति को संभालने का प्रयास कर रही है।खबर लिखे जाने तक, झारखंड के गढ़वा जिले के खरौंधी थाना अंतर्गत करीवाडीह निवासी ठेकेदार द्वारा मृतक के परिजनों के खाते में पचास हजार रुपये की राशि जमा करा दी गई है। इसके साथ ही, ठेकेदार ने परिजनों को पचास हजार रुपये और देने का आश्वासन भी दिया है। हालांकि, ग्रामीण और परिजन इस राशि को अपर्याप्त मानते हुए और अधिक मुआवजे की मांग पर अड़े हुए हैं। पुलिस और प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

# बैतालपुर में चीनी काम्प्लेक्स को अति शीघ्र चलवाने सहित अन्य ज्वलंत मांगों को लेकर चीनी मिल संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्रक

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** मुख्यमंत्री द्वारा कई बार अपने किए गए वादे के अनुसार प्रशासनिक एवं विधिक अड़चनों को दूर करके बैतालपुर में चीनी काम्प्लेक्स को अति शीघ्र चलवाने और जनता के कुछ ज्वलंत मांगों को पूरा करने के संदर्भ में चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष बृजेन्द्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को द्वारा जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के माध्यम से पत्रक सौंपा। पत्रक के माध्यम से समिति के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य चीनी निगम की इकाई बैतालपुर चीनी मिल को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा रूग्ण दिखा कर बेच दिया गया, यद्यपि उस समय सरकार व क्रेता के बीच अनुबंध था विक्रेता द्वारा किसान हित व देश हित में मिल को आधुनिक रूप से विकसित करके चलाने के अलावा अन्य कोई गतिविधि नहीं होनी चाहिए और उच्च न्यायालय द्वारा 2016 के अंतिम आदेश में कहीं भी मिल को चलाने से मना भी नहीं किया गया है। बैतालपुर चीनी मिल को चलवाने के लिए जिले के गन्ना किसानों ने 2017 में चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति का गठन करके बैतालपुर चीनी कांप्लेक्स निर्माण के लिए शांतिपूर्वक व लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन प्रारंभ किया गया मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 में पथरदेवा की जनसभा में घोषणा किया कि यथाशीघ्र बैतालपुर में चीनी काम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसी क्रम में 1 अप्रैल 2022 को नगर निकाय चुनाव के समय राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में घोषणा की गई कि सभी प्रशासनिक एवं विधिक अड़चनों को दूर करके शीघ्र शिलान्यास किया जाएगा लेकिन फिर भी चीनी काम्प्लेक्स का निर्माण शुरू नहीं हुआ। अंततः बाध्य होकर चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति ने कलेक्ट्रेट परिसर में क्रमशः 114 दिन तथा 167 और अबकी तीसरे चरण में 200 वां दिन तक धरना जारी रखा है। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री जी व गडकरी जी लोकसभा चुनाव के वक्त 10 मार्च 2024 को देवरिया चीनी मिल ग्राउंड में आये,तब दोनों लोग सहकारिता के माध्यम से बैतालपुर में चीनी काम्प्लेक्स बनाने की घोषणा की।किसानों ने बैतालपुर में सुगर कंपलेक्स चलाने हेतु ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का कार्य किया था ,मुख्यमंत्री ने उसी दिन यह भी कहा कि बजट में बैतालपुर चीनी काम्प्लेक्स के लिए धन आवंटित करके रखा गया है लेकिन प्रशासनिक व विधिक अड़चन के कारण शिलान्यास नहीं कर पा रहे हैं।

समिति ने निवेदन किया कि प्रशासनिक एवं विधिक अड़चनों को दूर करते हुए यथाशीघ्र चीनी मिल शुगर काम्प्लेक्स का निर्माण-कार्य शुरू करें। पत्रक में बैतालपुर चीनी मिल चालू करने, पंचायती राज एक्ट को हकीकत में लागू करते हुए पंचायतों को आत्मनिर्भर और अधिकार सम्पन्न करने, एक समान व निःशुल्क शिक्षा प्रणाली को अनिवार्य किये जाने,समान पाठ्यक्रम को प्राईवेट स्कूलों द्वारा अलग-अलग महंगी किताबों के धंधे पर लगाम लगाने, मोहन सिंह जिला अस्पताल को वापस किये जाने, देवरिया जिले में बंद सभी चीनी मिलों को चालू करते हुए बचे हुए जमीनों पर उद्योग धंधे चालू करने की घोषणा हो। यदि ऐसा नहीं कर पाते हैं तो खाली जमीनों को किसानों को वापस किये जाने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत किसानों को उचित मुआवजा का भुगतान दिए जाने, उत्तर प्रदेश में सरकारी प्राथमिक स्कूलों के सम्मिलन करने की नीति को वापस लिए जाने, सहारा बैंक के जमाकर्ताओं का पैसा तत्काल वापस कराये जाने, ग्राम प्रधान ,क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य ,ग्राम पंचायत सदस्य ,ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वर्तमान को मानदेय और पूर्व को पेंशन लागू करने, किसानों-मजदूरों को 5 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन तथा बेरोजगारों को 5 हजार रुपया प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाने, शहीद रामचंद्र विद्यार्थी के तीनों साथी शहीदों की मूर्ति भी लगाई जाने,बिजली के निजीकरण की नीति को वापस लेने, स्वामीनाथन आयोग के अनुसार किसानों के सभी उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य एम.एस.पी.की कानूनी गारंटी ली जाने की मांग रखी।

इस दौरान शिवाजी राय, सुयश मणि त्रिपाठी, विकास दूबे, राम प्रकाश सिंह ,राजेश आजाद, धर्मेंद्र पाण्डेय, उपेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश, श्रीराम कुशवाहा, पूनम यादव, मंजू चौहान, बरकत अली ,जगदीश यादव ,रोहित यादव, राजेंद्र कुमार पांडेय, रामकिशोर ,राम प्रवेश सिंह ,धर्मवीर यादव, संजय, मृत्युंजय, नईम खान, राकेश सिंह, डॉ चतुरानन ओझा, जयप्रकाश प्रसाद, राजू चौहान, रामानंद पासवान, आनंद चौरसिया एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर एयरपोर्ट पर विस्फोटक रखने का आया मेल, जांच में सूचना झूठी, होगी एफआईआर



**चकेरी पुलिस ने सीआईएसएफ व एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ मिलकर की जांच**

**कानपुर।** दिनांक 29.06.2025 को कानपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को अज्ञात मेल से सूचना मिली कि एयरपोर्ट पर विस्फोटक रखा गया है। सूचना पर स्थानीय पुलिस व सीआईएसएफ की टीम ने एयरपोर्ट परिसर व आसपास की गहन जांच की गयी, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया सूचना फर्जी लग रही है। यह जानकारी देते हुए सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा तहरीर दी जा रही है, जिस पर थाना चकेरी में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भ्रामक मेल जब एयरपोर्ट अथॉरिटी को मिला तो उन्होंने इसकी सूचना चकेरी पुलिस को दी। चकेरी पुलिस शीघ्र ही एयरपोर्ट पहुंची और वह सीआईएसएफ व एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ मिलकर जांच की लेकिन वहां किसी तरह का विस्फोटक नही पाया है। सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी,श्री अभिषेक कुमार पाण्डेय के अनुसार प्रथम दृष्टया यह सूचना झूठी लग रही है और मेल करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### परिषदीय विद्यालय को युग्मित किये जाने की कार्रवाई से शिक्षकों में आक्रोश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** परिषदीय विद्यालयों को युग्मित किये जाने को लेकर शिक्षकों में आक्रोश बना है। बीआरसी केंद्र लालगंज पर सोमवार को बैठक कर शिक्षकों ने विद्यालयों के युग्मित किये जाने पर विरोध जताया है। शासन के निर्देश पर बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने विद्यालयों के युग्मन की कार्रवाई करते हुए लालगंज विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय असैनापुर को पूर्व माध्यमिक विद्यालय असैनापुर में प्राथमिक विद्यालय कलापुर को हुलासगढ़, भोजपुर को रामगंज, मधुकरपुर को मधुकरपुर द्वितीय, खेंमसरी को पूरे तिलकराम तथा प्राथमिक विद्यालय सांगीपुर को प्राथमिक विद्यालय उमापुर में युग्मित कर सभी विद्यालयों को एकीकृत किया गया है।विद्यालयों के युग्मन की कार्रवाई को लेकर बीआरसी केंद्र लालगंज में बैठक कर शिक्षकों ने हुंकार भरी। अध्यक्षता करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र ने कहा कि विभाग द्वारा विद्यालय बंद करने की प्रक्रिया से छात्रों व शिक्षकों को क्षति उठानी पडेगी। विभाग द्वारा विद्यालय बंद किये जाने के निर्णय से प्रभावित विद्यालयों के छात्रों के अभिवावकों ने भी असंतोष बना हुआ है। वहीं ब्लाक क्षेत्र के कई परिषदीय विद्यालयों के युग्मन की जानकारी होने पर प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र भेजकर भी विरोध जताया है। बैठक का संचालन शिक्षक अंबरीश मिश्र ने किया। इस मौके पर शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष हिमांशु ओझा, आशाकिरण, लालचंद्र रजक, रवि रजक, सुनील चौहान, राजकुमार पाण्डेय, सुधा मौर्य, संतोष ओझा, इंसान देवी, अजीत पाण्डेय, राजेश वर्मा, संतप्रकाश पाण्डेय, श्यामलाल मौर्य, सुधांशु ओझा, आशुतोष ओझा, संगीता सिंह आदि रहे।

### अदानी फाऊंडेशन के द्वारा 100 टीबी मरीजों के पोषण किट उपलब्ध कराई गई



**अमेठी।** अदानी फाउंडेशन द्वारा अमेठी में 100 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी मरीजों को पोषण किट प्रदान की गई और उन्हें सलाह दी गई कि वे इसका उपयोग स्वयं करें तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। सीएमओ ने यह भी बताया कि मरीजों को चाहिए कि वे अपने परिवार के बच्चों को इस किट से दूर रखें, ताकि संक्रमण से बचाव हो सके। इस अवसर पर डॉ. दीपक सिंह, सीएसआर प्रमुख जमील अख्तर, डॉ. राजीव सौरभ, योगेश शुक्ला अदानी फाउंडेशन की टीम टीबी हेल्थ डिपार्टमेंट के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख जमील अख्तर ने कहा कि ÷प्रधानमंत्री जी का उद्देश्य है कि भारत को टीबी मुक्त बनाया जाए, अदानी फाउंडेशन इस दिशा में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।÷ यह पहल टीबी मरीजों के पोषण स्तर को सुधारने और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कानपुर जगन्नाथ रथयात्रा - क्या इसीलिए मुख्यमंत्री, डीजीपी और पुलिस कमिश्नर ने मानी एस ओ के निलंबन की शर्त ?

**स्वतंत्र प्रभात**



**कानपुर।** यहां जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान बादशाही नाका थानाध्यक्ष द्वारा कथित रूप से महंत को गाली देने और बाद में इसी मुद्दे को लेकर थाना प्रभारी को सस्पेंड करने के बाद ही रथ यात्रा निकालने के मुद्दे ने धार्मिक आस्था और भगवान पर विश्वास तथा उनके भक्त होने को लेकर को कई सवालों को आध्यात्मिक चर्चा का भी विषय बना दिया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि आध्यात्मिक दृष्टिकोण के मुताबिक भगवान का वास्तविक भक्त और धार्मिक वह व्यक्ति होता है जो अपने स्वार्थ पूर्ण अहम को संतुष्ट करने वाला कार्य बाद में और भगवान की पूजा, उपासना ,आराधना, वंदना या फिर यात्रा आदि से जुड़े कर्तव्य का निर्वहन सबसे पहले करता है। यानी वास्तविक धार्मिक और भगवान का भक्त वह कदापि नहीं, जो भगवान का कार्य करने से पहले अपने स्वार्थ पूर्ति वाला काम करता है ,जिसके लिए भगवान से बड़ा उसका अभिमान और उसका कार्य होता है। वह कार्य जिसके जरिए अपने प्रभाव और अपने वर्चस्व को लोगों के बीच हर हाल में बनाए रखना चाहता है। कुछ ऐसी ही सत्यता वाला प्रकरण यहां की जगन्नाथ रथ यात्रा का भी है। जिसमें पहले भगवान का कार्य नहीं वर्चस्व और अपना प्रभाव दिखाने से संदर्भित अपनी स्वार्थ पूर्ति वाला काम पहले किया गया। इस कथन का संबंध बादशाही नाका थानाध्यक्ष द्वारा कथित रूप से महंत को गाली देने और इसी बात को लेकर थानाध्यक्ष को सस्पेंड कर देने के बाद ही जगन्नाथ रथ यात्रा निकाले जाने से है।

यहीं पर सवाल उठाया जा रहा है कि अगर महंत और उनके समर्थक वास्तव में भगवान जगन्नाथ के वास्तविक भक्त या फिर उन पर आस्था रखने वाले वास्तविक धार्मिक लोग थे तो फिर उन्होंने थानाध्यक्ष को सस्पेंड कराने के बाद ही यात्रा क्यों निकाली ? मतलब भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकालने वाले धार्मिक कार्य से थाना प्रभारी को सस्पेंड कराने वाला कार्य बड़ा कैसे हो गया ? अगर यह सच नहीं तो थानाध्यक्ष को सस्पेंड करने वाला कार्य पहले और भगवान जगन्नाथ का कार्य बाद में क्यों किया ? अगर यह वर्चस्व और प्रभाव साबित करने वाला स्वार्थ नहीं था तो थाना प्रभारी को सस्पेंड कराने के लिए भगवान जगन्नाथ की यात्रा को माध्यम क्यों बनाया ?

यह कार्य जगन्नाथ यात्रा को संपादित करने के बाद क्यों नहीं किया जा सकता था ? यह सब सवाल इसलिए क्योंकि आध्यात्मिक दृष्टिकोण के मुताबिक भगवान का वास्तविक भक्त और धार्मिक वह व्यक्ति होता है जो अपने स्वार्थ पूर्ण अहम को संतुष्ट करने वाला कार्य बाद में और भगवान की पूजा, उपासना ,आराधना, वंदना या फिर यात्रा आदि का सबसे पहले करता है। यानी वास्तविक धार्मिक और भगवान का भक्त वह कदापि नहीं, जो भगवान का कार्य करने से पहले अपने स्वार्थ पूर्ति वाला काम करता है। रही महंत को गाली देने के बदले थाना प्रभारी को सस्पेंड कराने की बात तो महंत का आरोप हर दृष्टिकोण से झूठ की सीमाएं तोड़ने वाला है या नहीं ? महंत बैठक में थे या नहीं ? गाली गलोज करना तो दूर क्या उनकी आरोपित थाना प्रभारी से मुलाकात भी हुई थी या नहीं ? क्या सीसीटीवी फुटेज से भी थानाध्यक्ष द्वारा महंत को गाली देने की बात प्रमाणित होती है ? क्या निलंबित किये गये थानाध्यक्ष लगाए गए आरोपों के संदर्भ में बिल्कुल निर्दोष है या फिर दोषी ? या फिर अपना वर्चस्व और प्रभाव दिखाने की तमन्ना पूरी करने की नापाक कोशिशें पुलिस को फर्जी आरोपों का शिकार बनाने से बाज नहीं आ रही हैं ? इन सवालों का जवाब तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल थाना प्रभारी बादशाही नाका के निलंबन वाली मांग को जिस तरह से जगन्नाथ रथ यात्रा में बाधक नहीं बनने दिया गया। मतलब ऐसा नहीं किया गया कि जांच में सभी आरोपों में दोषी पाए जाने पर ही थानाध्यक्ष को निलंबित किया गया। जांच बाद में और थानाध्यक्ष को निलंबित करके भगवान जगन्नाथ की यात्रा को संपादित करने का कार्य पहले किया गया। इसीलिए भगवान के वास्तविक भक्त और वास्तविक धार्मिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीजीपी राजीव कृष्ण और यहां के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार हैं। या फिर वह लोग, जिन्होंने भगवान जगन्नाथ की यात्रा तब तक नहीं निकलने दी, जब तक बगैर जांच के ही थाना प्रभारी को सस्पेंड नहीं कर दिया गया। इसका सटीक जवाब वह सभी जानते हैं , जिन्हें आध्यात्मिकता, धार्मिकता और भक्ति मार्ग की समझ बहुत गहराई से है।

# सिख, बौद्ध एवं मुस्लिम समाज ने जिलाधिकारी का किया सम्मान



**●कर्तव्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता के लिए जिलाधिकारी की प्रशंसा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** जनपद कानपुर नगर के विभिन्न समुदायों - सिख, बौद्ध तथा मुस्लिम समाज - के प्रतिनिधियों ने आज जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनके द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी की कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्षता तथा जनसेवा के प्रति उनके समर्पण की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि श्री सिंह की प्रशासनिक सक्रियता और संवेदनशील नेतृत्वशैली आमजन में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और भरोसे को सुदृढ़ कर रही है।

इस अवसर पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा– "जिलाधिकारी का कार्य सिर्फ प्रशासनिक दायित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि वे जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर एक सच्चे लोकसेवक की भूमिका निभा रहे हैं। उनकी कार्यशैली हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।" अंत में सभी प्रतिनिधियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि "ईश्वर से प्रार्थना है कि जिलाधिकारी सदैव इसी तरह समाज के प्रति सकारात्मक भूमिका निभाते रहें और उन्हें सद्बुद्धि, शक्ति एवं निरंतर सफलता प्राप्त हो।"

## विकास की चमक के साथ रामपुरखास का विकास रहेगा सर्वश्रेष्ठ- प्रमोद तिवारी

**●विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा स्वीकृत करायी गयी करोड़ों की सड़क परियोजना का हुआ समारोहपूर्वक भूमिपूजन**

**स्वतंत्र प्रभात**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को करोड़ों की सड़क परियोजना की सौगात सौपी। विधायक मोना द्वारा स्वीकृत करायी गयी सांगीपुर क्षेत्र के पट्टी कचेहरा नहर पुल से रतियापुर वाया रघनपुर हरबक्शपुर के लिए ढ़ाई किलोमीटर लम्बी सड़क के पक्की बनने से अब लोगों को बड़ी राहत मिल सकेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क पर एक करोड़ सैतीस लाख पैतीस हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। नई सड़क परियोजना का राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। रघनपुर में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास में सड़क तथा बिजली एवं पेयजल व तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी परियोजनाएं तेजी से पूरी हो रही है। उन्होने कहा कि विधायक मोना के प्रयास से रामपुरखास विकास तथा सुरक्षा के वातावरण के लिए आज प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ विकसित क्षेत्रों की चमक लिये हुए है। उन्होने अमेठी-अठेहा-ऊंचाहार रेलवे लाइन परियोजना तथा मंगापुर उदयपुर नये ब्लाक को क्रियाशील बनाये जाने में हो रही सियासत को भी जमकर आड़े हाथों लिया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने जनसभा में राष्ट्रीय घटनाचक्र का भी जिक्र करते हुए आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर सेना के शौर्य को जमकर सराहा। जनसभा की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि नहर पुल से बनने वाली यह नई सड़क क्षेत्र के विकास के लिए संसाधनों की मजबूती के लिए वरदान है। उन्होने कहा कि रामपुरखास से उनका रिश्ता पारिवारिक रिश्ते के रूप में सदैव यहां नये विकास की प्रेरणा दिया करता है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि सांसद प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में रामपुरखास में विकास सदैव जगमग दिखता रहेगा। संचालन रामबोध शुक्ल ने किया। ग्राम प्रधान राजपति वर्मा व सोनू सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना को स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण के जरिए सम्मानित किया। जनसभा में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, रघुनाथ यादव, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, मोती लाल, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, रोहित सिंह, राजू मिश्र ने भी विचार व्यक्त किये। इसके पहले क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी की तैयारियों की बैठक में समीक्षा हुई।इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र, सुरेन्द्र सिंह ददन, भुवनेश्वर शुक्ल, जय सिंह, आशीष तिवारी, त्रिभु तिवारी, मुरलीधर तिवारी, पप्पू तिवारी, अभिनव शुक्ल, छोटेलाल सरोज, दारा सिंह, पन्नेलाल पाल, इं. सुनील पाण्डेय, शत्रुघ्न शुक्ल, राकेश चतुर्वेदी, सिंटू मिश्र, प्रभात ओझा, अम्बुज मिश्र, अनुराग त्रिपाठी आदि रहे।

## पुलिस आयुक्त ने एसटीएफ व बागपत पुलिस को दी बधाई

**●कानपुर में शातिर संदीप ने की थी 4 करोड़ की निकिल प्लेट चोरी**

**●बागपत पुलिस व एसटीएफ ने शातिर संदीप को मुठभेड़ में मार गिराया**

**स्वतंत्र प्रभात**



**कानपुर।** पुलिस आयुक्त कानपुर अखिल कुमार ने कानपुर में 4 करोड़ की निकिल प्लेट चोरी करने वाले शातिर बदमाश संदीप को एक मुठभेड़ में मार गिराने पर बागपत पुलिस व एसटीएफ को बधाई दी है। कल एक मुठभेड़ में संदीप को मार गिरा दिया था। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने बताया कि 17 मार्च को कानपुर के पनकी लॉजिस्टिक पार्क से लगभग 4 करोड़ की निकिल शीट लदी ट्रक को चोरी कर लिया गया था। त्वरित विवेचना में हरियाणा आधारित गैंग का पता चला था। STF व बागपत पुलिस को बधाई की उन्होनें मुख्य आरोपी संदीप को, जो 1 लाख का इनामी और साइको किलर था। साहसिक मुठभेड़ में मार गिराया गया। शातिर संदीप के विरुद्ध हरियाणा व अन्य स्थानों पर हत्या सहित लूट व अन्य गम्भीर अपराधों के अभियोग पंजीकृत हैं। गैंग के अन्य फरार सदस्य पर भी इनाम घोषित किया गया है। पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पनकी में चोरी के बाद पुलिस ने इस गिरोह का संचालन हरियाणा से पता चलाया था और इसमें कई लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई थीं और कई लोग पकड़े भी गए थे। पांच लोग फरार थे उनमें से एक संदीप भी था। इसको साइको किलर के रुप में जाना जाता है और इस पर हत्या समेत तमाम मुकदमे दर्ज थे। इस पर एक लाख रुपए का इनाम रखा गया था। उन्होंने बताया कि अन्य फरार अभियुक्तों पर भी एक एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है। इससे लोग ज्यादा जानकारी देंगे।

### चार आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हत्या समेत गंभीर अपराधों को अंजाम देने वाले चार आरोपियों पर कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट का शिकंजा कसा है। लालगंज कोतवाल प्रदीप कुमार की ओर से रविवार की देर रात चार आरोपियों के खिलाफ यूपी गिरोहबंद अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ है। गैंगेस्टर एक्ट के तहत लालगंज कोतवाली के वीरसिंहपुर जंगल निवासी विपिन तिवारी व अम्बिकेश तिवारी पुत्रगण छेदीलाल तथा सांगीपुर थाना के जूही शुकुलपुर निवासी मनीष शुक्ल पुत्र त्रियुगी नारायण एवं पडोसी जिले रायबरेली के सलोन थाना के बैरमपुर सराय नाभ निवासी सचिन मिश्र पुत्र गिरजाशंकर के खिलाफ कार्रवाई हुई है। इन आरोपियों के खिलाफ वीरसिंहपुर निवासी हरिकेश तिवारी पुत्र देवेन्द्र तिवारी की बीते वर्ष पांच अगस्त को बाइक से लालगंज तहसील आते समय हत्या किये जाने का भी केस दर्ज है। मुकदमें में मनीष शुक्ल जेल में बंद है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि गैंगेस्टर के तीन अन्य वांछितों की तलाश कर इन्हें शीघ्र जेल भेजा जाएगा।

## जगन्नाथ रथयात्रा में जाम लगाने की घटना में जांच के बाद होगी कार्रवाई - एडीसीपी कलक्टरगंज





**●दो मंडलों के टकराव से 3 नामजद समेत 20 अज्ञात के नाम, जांच एसीपी चकेरी को सौंपी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान दो मंड़लों में हुयी मारपीट/विवाद के संबंध में थाना बादशाहीनाका पर सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है एवं घटना के आस-पास लगें सीसीटीवी कैमरों की जाँच की जा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त कलक्टरगंज ने बताया कि घटना की जांच एसीपी चकेरी को सौंपी गई है जांच के बाद जिन लोगों के नाम सामने आएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज व अन्य इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और जैसे ही साक्ष्य एकत्र होंगे उसमें कार्रवाई की जाएगी। सहायक पुलिस आयुक्त कलक्टरगंज आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि दूसरे दिन की रथयात्रा में जहां दो मंडल आपस में टकराए थे और मारपीट व पत्थरबाजी की घटनाएं हुई थीं उसमें 3 नामजद समेत 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और उस पर कार्रवाई की जा रही है।

# ठाकुर अजित विजय सिंह प्राइवेट आईटीआई में छात्रों को वितरित किया गया टेबलेट

**●प्राइवेट आईटीआई कॉलेज में बच्चों को वितरित किया गया टेबलेट तकनीकी शिक्षा में एक नया युग**

**स्वतंत्र प्रभात**



**शुकुल बाजार अमेठी।** ठाकुर अजित विजय सिंह प्राइवेट आईटीआई कालेज सिधौली शुकुल बाजार अमेठी एवं जगदीशपुर प्राइवेट आईटीआई उतेलवा कमरौली अमेठी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी गयी स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत प्रशिक्षित छात्रों को टेबलेट का वितरण प्रबंधक महेंद्र विजय सिंह व प्रधानाचार्य मानवेंद्र विजय सिंह के द्धारा किया गया। टेबलेट पा कर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे विद्यालय के प्रबंधक महेंद्र विजय सिंह ने कहा कि प्राइवेट आईटीआई कॉलेज में बच्चों को वितरित किया गया टेबलेट तकनीकी शिक्षा में एक नया युग है,प्राइवेट आईटीआई कॉलेज में छात्रों को तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ाने के लिए यह सरकार की एक अनोखी पहल है। सरकारी योजना के तहत कॉलेज ने अपने छात्रों को टेबलेट वितरित किए हैं जो उन्हें डिजिटल शिक्षा में मदद करेंगे और उन्हें उद्योग की मांग के अनुसार तैयार करेंगे।टेबलेट के कई लाभ हैं जो छात्रों को तकनीकी शिक्षा में मदद करेंगे टेबलेट छात्रों को डिजिटल शिक्षा में मदद करेंगे, वे ऑनलाइन पाठ्यक्रम, वीडियो लेक्चर और अन्य डिजिटल संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे।टेबलेट छात्रों को उद्योग की मांग के अनुसार तैयार करेंगे, वे उद्योग में उपयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर और टूल्स का उपयोग करना सीख सकेंगे, टेबलेट छात्रों को आत्म-शिक्षा में मदद करेंगे, वे अपने गति से सीख सकेंगे और अपने कौशल में सुधार कर सकेंगे। कॉलेज का उद्देश्य छात्रों को उद्योग की मांग के अनुसार तैयार करना है, टेबलेट छात्रों को डिजिटल शिक्षा में मदद करेंगे और उन्हें उद्योग की मांग के अनुसार तैयार करेंगे,यह पहल छात्रों के भविष्य के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने कहा आईटीआई का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी कौशल प्रदान करना है जिससे वे उद्योग में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें और आत्म-रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकें। इस दौरान प्रमुख रूप से राजेश यादव, अशोक शुक्ला सहित कॉलेज स्टॉफ मौजूद रहा।

## सर्व वैश्य समाज का उत्पीड़न नहीं होंगा बर्दाश्त- शिवमंगल

**●- शिवमंगल अग्रहरि बने अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष**

**- सर्व वैश्य समाज एवं पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह करें कार्य**

**- अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी विधानसभा चुनावों में उतारेंगी अपने प्रत्याशी**



**चित्रकूट-** अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी द्वारा शिवमंगल अग्रहरि को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के फैसले को लेकर चित्रकूट निवासी शिवमंगल अग्रहरि को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी का चित्रकूट जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवमंगल अग्रहरि ने बताया कि वह पार्टी की नीतियों एवं पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए संगठन को बढ़ाने एवं अखिल भारतीय हमारा समाज के साथ रहकर पार्टी हित में कार्य करेंगे। कहा कि अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी सर्व वैश्य समाज की पार्टी में सभी वर्गों का सम्मान सुरक्षित रहेगा। शोषित एवं पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाना ही पार्टी का मूल उद्देश्य रहेगा। बताया कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में भी उतारा जाएगा।

# स्वरोजगार प्रशिक्षण में अव्यवस्था- एक सवाल पर जिम्मेदारों के जवाब अलग-अलग

**●स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में नाश्ता और भोजन की व्यवस्था न होने पर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं ने जताई नाराजगी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI) द्वारा आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में नाश्ता और भोजन की व्यवस्था न होने से प्रशिक्षण ले रहीं महिलाओं में नाराजगी देखी गई। ब्लॉक मुख्यालय रूपईडीह के सभागार में आयोजित इस शिविर में 70 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सुगंधित अगरबत्ती व झाडू निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान भोजन व नाश्ते की व्यवस्था न होने की शिकायत सामने आई, जिस पर जब सवाल उठाया गया तो जिम्मेदार अधिकारियों के जवाबों में स्पष्टता की बजाय विरोधाभास दिखा। सामान्य उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम के निदेशक गया प्रसाद ने कहा, "प्रत्येक प्रतिभागी को नाश्ता व भोजन के लिए नगद भुगतान किया जा रहा है।"कार्यक्रम प्रभारी एम. सिद्दीकी ने बताया, "सभी प्रशिक्षणार्थियों के खातों में नाश्ता व भोजन की धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।"वहीं ब्लॉक मिशन प्रबंधक कपिल देव पांडेय ने कहा,"प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को 50 प्रतिदिन की दर से राशि उनके खाते में भेजी जाएगी।"जब इन बयानों पर और स्पष्टता मांगी गई, तो एक सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर प्रशिक्षण शिविर संस्थान परिसर में आयोजित होता, तब प्रतिभागियों को नाश्ता व भोजन के साथ-साथ 50 प्रतिदिन उनके खाते में दिए जाते। लेकिन चूंकि यह प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में हुआ, इस कारण भोजन की व्यवस्था नहीं की गई – यह बात प्रतिभागियों को पहले से नहीं बताई गई थी। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं का कहना है कि उन्हें प्रशिक्षण की अवधि में भोजन की परेशानी झेलनी पड़ी, और राशि भी अब तक प्राप्त नहीं हुई है। इससे ग्रामीण महिलाओं में असंतोष और संस्थान की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि भविष्य में पारदर्शिता के साथ सभी लाभार्थियों को समय पर आवश्यक जानकारी और सुविधाएं प्रदान की जाएं, जिससे प्रशिक्षण का उद्देश्य वास्तव में पूरा हो सके।

# पुलिस टीमों ने बैंकों में चलाया जांच अभियान

**चित्रकूट-** जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में सभी थानों की पुलिस टीमों ने थाना क्षेत्रों के बैंकों व वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बैंक के सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया। साथ ही ड्यूटि में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए एवं सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करने के लिए कहा गया। पुलिस टीमों ने बैंकों में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण कर संचालन का जायजा लिया तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की। इस दौरान बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गई तथा अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नवागत संभागीय उपायुक्त से नवनियुक्त शिक्षको ने की स्वागत भेंट



**शहडोल।** शहडोल संभाग के नवनियुक्त शिक्षको ने संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग से स्वागत भेंट की और शहडोल संभाग में उनके आगमन पर गर्मजोशी से उनका हार्दिक अभिनंदन किया साथ ही 2021-22 में पदभार ग्रहण करने वाले नवनियुक्त शिक्षको की परिवीक्षा समाप्ति संबंधी आदेश अभी तक जारी न हो पाने के कारण हो रही समस्याओं जैसे जुलाई में लगने वाले इंक्रीमेंट का नुकसान, महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान में आ रही कठिनाई, 3 वर्ष पूरे होने के बाद भी परिवीक्षा समाप्ति का आदेश न होने के कारण कुछ जिले में स्थानांतरित शिक्षकों की जॉइनिंग में हो रही समस्या आदि विषय पर भी संभागीय उपायुक्त श्री जे पी यादव का ध्यान आकर्षित किया। संभागीय उपायुक्त ने सभी नवनियुक्त शिक्षको को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द किया जाएगा । सभी शिक्षकों ने संभागीय उपायुक्त महोदय का आभार व्यक्त किया।

### चौराहे पर दुकानदार से मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**गोंडा।** जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के चरसड़ी चौराहे पर एक दुकानदार के साथ मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार बृजेश जायसवाल पुत्र सन्तराम जायसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि रमेश जायसवाल, अजय, पंकज और एक अन्य व्यक्ति ने उनकी दुकान पर हमला किया। आरोपियों ने लोहे की रॉड से मारपीट की और गाली-गलौज किया व दुकान का सामान सड़क पर फेंक दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। बृजेश की शिकायत पर परसपुर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष शारदेंदु कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने पीड़ित को सुरक्षा का आश्वासन दिया है और मामले की गहन जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चर्चा जोरों पर है,और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### कोसीकला पुलिस ने सात सटोरिये दबोचे

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस ने सात अभियुक्तों को सट्टे की खाईबाडी करते हुए गिरफ्तार किया है। इनके पास से 16,160 रूपये अन्य सामान बरामद किया गया है। थाना कोसीकलां पुलिस सूचना पर अनाज मण्डी कोसीकलां के अन्दर प्याऊ के पास टीन शैड के नीचे चैकी क्षेत्र कस्बा थाना कोसीकला से सचिन पुत्र महावीर निवासी आफिसर कालौनी कोसीकला, सचिन पुत्र ओमप्रकाश निवासी तालाबशाही कस्बा व थाना कोसीकला, दीपक पुत्र रतीराम निवासी कृष्णा बिहार कालौनी कस्बा व थाना कोसीकला, विक्रम पुत्र राजेन्द्र निवासी आफिसर कालौनी कोसीकला थाना कोसीकला, आमीन पुत्र अनवर निवासी मनीरामवास बाईपास कस्बा व थाना कोसीकला, मेघश्याम पुत्र परशूराम निवासी तालाबशाही सैनी मोहल्ला कस्बा व थाना कोसीकला व किशन पुत्र परभाती निवासी आफिसर कालौनी कोसीकला थाना कोसीकला को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना कोसीकलां ने बताया कि सभी अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गई है।

### शातिर भोला साहित दो बदमाश गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस ने हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने अवैध असलाह बरामद किये हैं। भोला पुत्र झम्मन निवासी ग्राम अगरायला थाना शेरगढ़, रॉकी पुत्र देशराज निवासी ग्राम शाहपुरा थाना छायसा, फरीदाबाद हरियाणा को अहूरी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से दो देशी तमंचा, चार जिन्दा कारतूस व 7000 रूपये नगद व दो एंड्राईड मोबाईल बरामद किये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता कमलेश सिंह नें बताया कि भोला शाातिर किस्म का अपराधी है। इसके खिलाफ मथुरा नजपद के अलग अलग थानो में 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# जिस पदवी पर सेवा निभानी हो, उस पदवी के इतिहास से परिचित होना बहुत जरूरी है- सरना

● **ग्यानी रघुबीर सिंह ने सिखों की ऊँची धार्मिक पदवी को दुनियावी अदालत के कटघरे में ला खड़ा किया**

स्वतंत्र प्रभात

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रधान और अकाली नेता परमजीत सिंह सरना ने कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब जी के मुख्य ग्रंथी सिंह साहिब ग्यानी रघुबीर सिंह को दुनियावी अदालत का रास्ता नहीं अपनाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जिस पदवी पर सेवा निभा रहे हैं, उस पदवी पर पूर्व में सेवा कर चुकी महान हस्तियों के बलिदानों और तपस्याओं को भी याद रखना चाहिए।

सरना ने कहा कि ग्यानी रघुबीर सिंह ने निजी हितों के लिए श्री हरमंदिर साहिब जी के मुख्य ग्रंथी की पदवी को ही दुनियावी अदालत में ला खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि यह वही पदवी है जिसके आगे पूरी दुनिया के सिख और गुरु नानक नाम लेवा संगतें सिर झुकाती हैं, और उसे अदालत में खड़ा कर नीचा दिखाने की कोशिश की गई है। इस कोशिश ने जहां मुख्य ग्रंथी की पदवी को नुकसान पहुँचाया है, वहीं ग्यानी रघुबीर सिंह ने अपनी भी गरिमा को गिरा दिया है।

सरना ने कहा कि यह वही पदवी है जहाँ धन-धन बाबा बुड्ढा साहिब जी ने सेवाएं निभाई और भाई मनी सिंह जी ने सेवा करते हुए अंग-अंग कटवाकर शहादत प्राप्त की। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक व्यक्ति को सम्मान, मर्यादा और सिद्धांतों को तार-तार करने का कोई अधिकार नहीं है।

सरना ने शिरोमणि कमेटी के प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी से अपील करते हुए कहा कि ग्यानी रघुबीर सिंह द्वारा अदालत में केस करने के चलते सचखंड श्री हरमंदिर साहिब की इस उच्च पदवी को जो ठेस पहुँची है, उस पर तुरंत संज्ञान लिया जाए। सरना ने कहा कि अब जबकि ग्यानी रघुबीर सिंह ने अदालत का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है, उन्हें तुरंत धार्मिक सेवाओं से अलग करके सेवा नियमों के अनुसार किसी दफ्तर की सेवा में स्थानांतरित कर देना चाहिए। जिस व्यक्ति ने सिख कौम की दो अहम पदवियों पर सेवा निभाने के बाद भी सम्मान, मर्यादा और सिख सिद्धांतों की समझ नहीं अपनाई, वह संगत के लिए भी गलत मार्गदर्शक साबित हो सकता है।



## सिद्धार्थनगर में पिकअप से टकराई बाइक, दो शिक्षक समेत चार घायल

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** नेशनल हाइवे के शोहरतगढ़- चिल्हिया के बीच नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड छतहरा के पास सोमवार की दोपहर एक बाइक पिकअप से टकराने के बाद दूसरी बाइक से जा टकराई। बाइक के टक्कर में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें लोगों ने इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पिकअप व उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

थाना शोहरतगढ़ के हाइवे मार्ग छतहरा के पास पिकप के पीछे करते समय अचानक एक बाइक पिकअप से लड़ते हुये चिल्हिया की तरफ से आ रहे एक अन्य बाइक से अनियंत्रित होकर टकरा गयी। दोनों बाइक पर सवार चार युवक चोटिल हो गये। घायलों की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग इकठ्ठा हो गये। घायलों को सीएचसी पर इलाज के लिये ले जाया गया। हालत गम्भीर देखकर एम्बुलेंस से माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर के लिए भेज दिया गया। घायल युवक अविनाश कुमार चौधरी व विक्की चौहान शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम बुढ़नईया के रहने वाले हैं। जबकि दूसरा बाइक सवार शोहरतगढ़ ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय गौरा बाजार पर कार्यरत शिक्षक अवधेश सिंह चिल्हिया थाना क्षेत्र करौती के रहने वाले हैं। शिक्षक ब्रह्म प्रकाश सिंह क्षेत्र के बनकटवा दक्षिणी पर कार्यरत हैं। वे दोनों शिक्षक सोमवार को बीआरसी पर विद्यालय के कार्य से जा रहे थे। दूसरा बाइक सवार शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र ग्राम बुढ़नईया निवासी अविनाश चौधरी अपने मित्र विक्की चौहान को बाइक पर बैठाकर चिल्हिया की तरफ से बुढ़नईया अपने घर जा रहा था। शोहरतगढ़ थाना पुलिस ने कहा कि पिकप व चालक को हिरासत में ले लिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कोसीकला में हुई पथराव, फायरिंग की घटना में अब तक 17 लोग गिरफ्तार

**मथुरा।** कोसीकलां के नकासा मोहल्ला में 21 अप्रैल की रात्रि में दो पक्षो की बीच हुए झगडे में दानों पक्षों की ओर से जमकर ईट पत्थर फैंके गये थे। इस दौरान गोली बारी क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया गया था। घटना के संबंध में थाना कोसीकला पर दोनों पक्षों के नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस घटना में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुकदमे में वांछित अभियुक्त आस मौहम्मद पुत्र जहीर निवासी मोहल्ला नब्बे घर निकासा कस्बा व थाना कोसीकलां की पुलिस को तलाश थी। सूचना पर सोमवार को मौहल्ला राठौरनगर करीमउल्लावास मे राशिद की जिम से थाना कोसीकलां जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया। घटना से सम्बन्धित मुकदमे में पूर्व में 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेला भेजा जा चुका है।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारत नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों की हुई संयुक्त बैठक

● **अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए दोनों देश की सुरक्षा एजेंसियों ने सहयोग करने का बजहा चौकी पर लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दोनों देश की सुरक्षा एजेंसियों की बैठक बजहा चौकी पर सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें पर्व मोहर्रम व पवित्र श्रावण माह में सुरक्षा को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सीमाक्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय को मजबूत करने पर संकल्प के साथ सहमति हुई।

दोनों देश के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध काफी मधुर है और दोनों में रोटी बेटी का संबंध है। नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि कुछ अपराधी किस्म के लोग अपराध करने के बाद पगडंडियों के रास्ते भारत में शरण ले लेते हैं और वहीं से अपने गतिविधियों के माध्यम से अपराध करते हैं।वहीं भारत के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि नेपाल में बैठे कुछ बड़े तस्कर कैरियरों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों से तस्करी करा रहे हैं।पकड़े जाने पर बड़े तस्करों की बजाए कैरियर का काम करने वाले ही पकड़े जाते हैं।कहा कि भारत में गायब हो रही अधिकांश बाइक पगडंडियों के रास्ते नेपाल में चली जाती है और वहां पर नंबर प्लेट बदलकर या उसका पार्ट्स दूसरे बाइक में लगाकर चलते हैं। भारत से चुराई गयी बाइक नेपाल में आधी कीमत से भी कम दामों पर चिंहित बाइक माफियाओं के हाथों बेंच देते हैं ऐसे में दोनों देश की सुरक्षा एजेंसियों को तस्करी व अपराध को रोकने के लिए एक दूसरे का सहयोग करना होगा तभी। अपराध व तस्करी पर रोक लगाया जा सकता है। बैठक में चौकी प्रभारी आनन्द कुमार, एसएसबी निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा, नेपाल एपीएफ निरीक्षक वीरेंद्र कुमार सेन,नेपाल पुलिस के उपनिरीक्षक हेमराज गिरी आदि उपस्थित रहे।

## पहले पति ने महिला के प्रेमी के घर पर रात में बोला धावा

● **आधा दर्जन बदमाशों ने की फायरिंग, धारदार हथियारों से हमला किया**

स्वतंत्र प्रभात



हयातपुर में वह मकान जहां हुई वारदात की।

**मथुरा।** प्रेम प्रसंग में राजस्थान के गांव बिलौटी से अपने पहले पति को छोड़कर मथुंरा के गांव घडी गोहनपुर हयातपुर में अपने प्रेमी के साथ रह रही महिला के घर पहुंच कर पहले पति ने करीब एक दर्जन साथियों के साथ हमला बोल दिया। हयातपुर युवक के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने ही महिला को उसके सुपुर्द किया था। इस दौरान मारपीट और फायरिंग की गई। इसके बाद हमलावर भाग निकले। थाना जमुनापार इलाके के गांव घड़ी गोहनपुर हयातपुर में बाइकों पर सवार एक दर्जन लोगों ने पप्पू धीमर के घर पर हमला कर दिया। जिसमें पप्पू घायल हो गया और एक बुजुर्ग के साथ भी मारपीट कर दी। पीड़ित परिवार ने बताया कि पप्पू उर्फ मैनेजर के बेटे खेमा ने कुछ दिन पूर्व राजस्थान के गांव बिलौटी की रहने वाली महिला से प्रेम संबंध हो गए थे और उसने उससे शादी कर ली थी। पुलिस द्वारा महिला की सुपुर्द की हमारे बेटे खेमा को दे दी गई थी। देर रात हमारी बहु का पहला पति अपने साथियों को लेकर आया था और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर आते ही गोलियां चलाना शुरु कर दिया, एक गोली खेमा के पिता पप्पू उर्फ मैनेजर को लगी है और एक बुजुर्ग के साथ मारपीट कर रहे थे। तभी अपने आप को घिरता हुआ देख फायरिंग करते हुए वह लोग मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई थी, पुलिस ने घायल पप्पू को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। एसएसपी मथुरा श्लोक कुमार ने बताया है कि घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धारदार हथियार से सिर में पर वार किया गया है। घटना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

● **30 साल के युवक की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** सोमवार की सुबह करीब आठ बजे थाना जमुनापार क्षेत्र में रेलवे लाइन पर युवक पडा देख कर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों का जमघट लग गया। पुलिस को किसी ने सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के आसपास पुलिस को कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली जिससे युवक की पहचान हो सके। मोबाइल फोन भी आसपास नहीं मिला। पुलिस ने रेलवे ट्रेक और आसपास झाड़ियों में तलाश भी की लेकिन कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला जिससे युवक की पहचान सुनिश्चित हो सके। इसके बाद पुलिस ने युवक के फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर लोगों से अपील की कि किसी को सूचना मिले तो वह मथुरा पुंलिस से संपर्क कर जानकारी दे। पस्थानीय लोगों से पहचान के लिए पूछताछ की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रेलवे ट्रैक पर मिले शव को देखने के लिए स्थानीय लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई । लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। रेलवे ट्रैक पर मिले युवक की उम्र 28 से 30 वर्ष के बीच आंकी गई है। युवक ने स्लेटी रंग की टी-शर्ट, मेहंदी रंग का पैंट और काले रंग की चप्पल पहन रखी थी। थाना प्रभारी अजय किशोर के अनुसार, पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। यह भी पता नहीं चल सका कि रेलवे ट्रैक पर हादसा कैसे हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान के लिए उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गई हैं।




### पानी की बूंद-बूंद सहेजने का जो प्रयत्न किया वह होगी वरदान साबित- विधायक

**ग्राम बलभद्रपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान का किया गया समापन**

**शहडोल।** विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह आज जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत बलभद्रपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक ने कहा कि जिले के नगर-नगर और गांव-गांव में जल स्त्रोतों को शुद्ध और उपयोगी बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे अनेक पोखर और बावड़ियों को पुनर्जीवन प्राप्त हुआ है। यह सरकार और समाज का संयुक्त प्रयास है। विश्वास है कि पानी की बूंद-बूंद सहेजने का जो प्रयत्न किया गया है वह सभी के लिए वरदान साबित होगा। सूखे खेत हरे-भरे होंगे, सुनहरी फसलें लहलहायेंगी। हमारा किसान समृद्ध होगा और मध्यप्रदेश की धरती समृद्ध होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक श्री सचिन सेठिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार श्री राजीव लघाते, ग्राम पंचायत बलभद्रपुर के सरपंच श्री रामनिवास सिंह परस्ते सहित नवीन खेत तालाब के हितग्राही, जलदूत व अन्य लोग उपस्थित थें।

## कर्नलगंज में भीषण सड़क हादसा- 50 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत, शव क्षत-विक्षत

स्वतंत्र प्रभात



**कर्नलगंज,गोंडा।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कटरा घाट स्थित सरयू पुल पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतक का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत होकर सड़क पर बिखर गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, और कर्नलगंज पुलिस ने तत्काल पहुंचकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, गौरा निवासी पाटन उम्र करीब 50 वर्ष सोमवार सुबह साइकिल से परवल लेकर कर्नलगंज सब्जी मंडी जा रहे थे। जैसे ही वे सरयू पुल पर पहुंचे, एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक शव को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। इस हादसे में पाटन की मौके पर ही मौत हो गई, और उनका शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर जमा हो गए, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की जानकारी मिलते ही कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक चालक की तलाश में छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि चालक हादसे के बाद ट्रक समेत मौके से भाग निकला। इस घटना ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की आवश्यकता को फिर से उजागर किया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाने की कोशिश शुरू कर दी है।

## ग्रामीण जीवन की जमीनी हकीकत को चरितार्थ करता नूरपुर की नई सड़क नाटक का सफल मंचन

● **ग्रामीण जीवन की जमीनी हकीकत को चरितार्थ करता नूरपुर की नई सड़क नाटक का सफल मंचन**

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।**29 जून को "ज्ञान कला मंच" के कलाकारों ने मंडी हाउस स्थित LTG Blank Canvas सभागार में नूरपुर की नई सड़क नाटक का मंचन किया।इस नाटक का मंचन "ड्रामटरजी थिएटर ग्रुप" द्वारा आयोजित "थिएटर फैस्ट" के अंतर्गत किया गया।"भव्य कल्चरल सोसायटी" ने इस फैस्ट के आयोजन को सफल बनाने के लिए भरपूर सहयोग किया।इस फैस्ट में सात नाटकों के मंचन किए गए।

नूरपुर एक पिछड़ा हुआ गांव है,जहां न स्कूल हैं न अस्पताल।गांव के प्रधान गांव के विकास के बजाय सिर्फ अपने निजी फायदे के बारे में सोचते हैं।नूरपुर के पास एक नई सड़क की? परियोजना बनती है तो उससे गांव वालों के जीवन में क्या असर पड़ता है और गांव वालों की अन्य समस्याओं का मार्मिक चित्रण करता है नाटक "नूरपुर की नई सड़क नाटक के सभी कलाकारों अनुराग गुप्ता, नीता गुप्ता, राहुल मसारी, भावना सक्सेना, मंजू देवी अग्रवाल, हरिशंकर प्रसाद और आराध्या गरीया ने नाटक को मनोरंजक बनाने का भरपूर प्रयास किया जिसमे वो सफल भी रहे।नाटक ने शुरू से अंत तक दर्शकों को बांधे रखा।नाटक के लेखन और निर्देशन की कमान संभाली श्रीमती नीता गुप्ता ने और सह निर्देशन किया अनुराग गुप्ता ने। नाटक का टाइटिल सांग लिखा प्रेम भारती जी ने,धुन तैयार की रोहन संगत ने जिसे अपने सुरों से सजाया मोनिका चौधरी ने। प्रकाश और संगीत की कमान



संभाली बिक्रम कुमार ने।यह इस नाटक का तीसरा सफल मंचन था।

"ज्ञान कला मंच" के अन्य कलाकार अधिराज अवस्थी, बाबू भाई सिंधी और खुशी आर्या ने नाटक के कलाकारों का हौसला बढ़ाने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और अन्य दर्शकों के साथ नाटक का आनंद भी लिया।नाटक के मंचन के समय ड्रामटरजी थिएटर ग्रुप के संस्थापक और निर्देशक सुनील चौहान जी सभागार में उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम का संचालन किया।

## विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने किया समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं आंगनबाड़ी भवन के सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गई। जर्जर व मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केन्द्र 08 पैरामीटर के आधार पर मरम्मत कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर, बाला पेटिंग, टाइलकरण, शौचालय पूर्ण होना चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सीडीपीओ के माध्यम से कार्य की प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ओडीएफ मॉडल ग्राम की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिन ग्रामों में अन्नपूर्णा भवन आर0आर0सी0 सेन्टर हेतु भूमि चिन्हित नहीं है उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चयन की कार्यवाही कराये। सामुदायिक शौचालय, आर0आर0सी0 सेन्टर क्रियाशील कराने तथा गांव में सफाई कर्मचारी का नाम अंकित कराने का निर्देश दिया। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हो गया है उनका प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कराये। राज्य वित्त आयोग/केन्द्र वित आयोग की समीक्षा में नियमानुसार व्यय कर लें। सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत द्वारा ओ0डी0एफ0 मॉडल ग्रामों में सुबह/शाम में सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि स्थल, आर0आर0सी0 सेन्टर एवं मनरेगा के कार्यो का निरीक्षण करें। ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। पंचायत भवन पर सीएससी और लाइब्रेरी का संचालन कराये। पंचायत भवन समय से खुले। ओपन जिम का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। क्षेत्र पंचायत निधि से कराये जाने वाले राजकीय विद्यालयों का टेन्डर प्रक्रिया पूर्ण कराकर निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ले। राजकीय पशु चिकित्सालय के मरम्मत का टेन्डर कार्य पूर्ण कराकर निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया।



स्टेडियम/पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर उद्घाटन कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितनी भी परियोजनायें चल रही हैं उनको अगस्त तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये। एमडीएम शेड का निर्माण कार्य 15 अगस्त 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अन्नपूर्णा भवन का निर्माण पूर्ण कराये। जहां निर्माण हो गया है उसे हैण्डओवर कराने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी प्रतिदिन प्रगति की मॉनीटरिंग करें। इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, डीपीआरओ पवन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज शुक्ला, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## मथुरा में विभागीय उलझनों में उलझी है पीएम सूर्य घर योजना

● **सीडीओ ने विभाग के अधिकारी, टेक्निकल कर्मचारियों को मंगलवार को फिर बुलाया**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में विभागीय तकनीकी गडबडियां योजना को आगे बढ़ाने में रोड़ा बनी हुई है। कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं समीक्षा सम्बन्धी बैठक हुई। बैठक के बाद सीडीओ मनीष मीना ने एक बार फिर मंगलवार को भी विद्युत विभाग के अधिकारियों और टेक्निकल स्टाफ को बुलाया है। सीडीओ ने कहा कि साफ करें कि गडबडी कहां है। जिससे कि उसका समाधान किया जा सके सके। जनपद को 222 सोलर सिस्टम प्रति माह लगाने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में 21 मई को हुई पिछली बैठक के बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में अधिकारियों व वेंडर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। डा. पंकज कुमार वर्मा अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) मथुरा, रविन्द्र कुमार एलडीएम केनरा बैंक, अनिल कुमार पाल अधिशासी अभियन्ता, आशीष गुप्ता अधिशासी अभियन्ता, आरपी सिंह अधीक्षण अभियन्ता, एसके वर्मा परियोजना अधिकारी यूपीनेडा मथुरा एवं समस्त वेंडर्स उपस्थित हुए।सर्वप्रथम एसके वर्मा परियोजना अधिकारी यूपीनेडा मथुरा ने बताया कि प्रतिमाह 222 रूफटॉप सोलर की स्थापना पर सीएम डैशबोर्ड में जनपद को ग्रेड ए प्राप्त कर लिया जायेगा। भारत सरकार का अनुदान अवमुक्त होने के उपरान्त प्रदेश सरकार का अनुदान अवमुक्त होने में तीन तीन माह के विलम्ब पर परियोजना अधिकारी यूपीनेडा मथुरा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में डेटा कम्पलीट होने की दशा में प्रदेश सरकार का अनुदान अवमुक्त होने लगा है।



मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना बैठक लेते हुए।

मुख्य विकास अधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यक्रम की समीक्षा पर बल देते हुए पुनः एक जुलाई की प्रातः 11 बजे अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं समस्त स्टाफ नेट मीटरिंग टेस्टिंग टीम के साथ मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आने वाली तकनीकी समस्या से अवगत कराने को कहा है। जिससे उसके निराकरण पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जा सकें।

## 30 जुलाई तक पूरे करने होंगे विद्यालयों में चल रहे कार्य

**सीडीओ ने की प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा**

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक रवींद्र सिंह, सहायक अभियंता आवास विकास परिषद आगरा उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा द्वारा विद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कुछ कार्यों की तकनीकी टास्क फोर्स की गुणवत्ता जांच आख्या प्राप्त न हो पाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित जांच अधिकारियों का वेतन रोकने के लिए निर्देश दिया गया। उनके द्वारा आगामी बैठक में सभी जांच आख्या उनके सम्मुख प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए गए। सहायक अभियंता आवास विकास को बाउंड्री वॉल का कार्य प्रारंभ न करने के लिए कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। मुख्य विकास अधिकारी मथुरा द्वारा सभी कार्यों को 30 जुलाई 2025 तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करते हुए विद्यालयों को हस्तांतरित करने के निर्देश सहायक अभियंता उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को प्रदान किए गए।